सुप्रभात
रांची, सोमवार
20.05.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 305

12 कांग्रेस की गारंटी, हर व्यक्ति की आर्थिक सुरक्षा का कवच : खड़गे

## न्यूज डायरी

### आदिवासी विरोधी है भाजपा : जयराम रमेश

**रांची।** कांग्रेस ने भाजपा पर आदिवासी अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार के वन संरक्षण संशोधन अधिनियम ने तमाम प्रगति को रोक दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा क्यों है कि अंबानी, अडाणी और काले धन से भरे उनके टेंपो खुलेआम घूम रहे हैं, वहीं झारखंड के आदिवासी सीएम को जेल में डाल दिया गया।

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता का पद से इस्तीफा

**जमशेदपुर।** पीएम मोदी के कार्यक्रम से ठीक पहले भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को लिखा है कि उन्हें स्थानीय संगठन के जरिये अपमानित किया जा रहा था।

### बोकारो में नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी

**बोकारो।** कसमार के खैराचातर और कसमार के विभिन्न इलाकों में माओवादियों ने चुनाव बहिष्कार को लेकर पोस्टरबाजी की है। साथ ही पर्चा भी छोड़ा है। इसमें चुनाव का बहिष्कार की अपील की है।

### राम के बाद अब कृष्ण की बारी : मोहन यादव

**बलिया।** एमपी के सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम के बाद मथुरा में अब श्रीकृष्ण की बारी है। भगवान राम अयोध्या में मुस्करा रहे हैं, मथुरा में भगवान कृष्ण भीजल्द मुस्करायेंगे। वह बलिया से प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में चुनावी सभा में बोल रहे थे।

घाटशिला में मोदी ने कांग्रेस-झामुमो पर जमकर किया प्रहार, कहा

# भ्रष्टाचार से नोटों के अंबार खड़े किये

### कांग्रेस, झामुमो राजद ने झारखंड को हर मौके पर लूटा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**घाटशिला, जमशेदपुर।** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो को न देश की चिंता है और न झारखंड की। उन्हें तो सिर्फ भ्रष्टाचार कर लूट और अपने हित की ही चिंता है। विकास क्या है, उन्हें पता नहीं। कांग्रेस ने तो लूट का रिकॉर्ड बनाया है। उसे भ्रष्टाचार की जननी ही कहा जाता है। राजद ने नौकरी के नाम गरीबों से जमीन छीन ली। झामुमो ने भी कांग्रेस और राजद से यही सब कुछ सीखा। झामुमो ने गरीबों और सेना की जमीन हड़पी। लूट और भ्रष्टाचार के जरिये कांग्रेस और झामुमो ने नोटों के अंबार खड़े किये हैं। पीएम मोदी रविवार को जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के घाटशिला में भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के पक्ष में आयोजित जनसभा बोल रहे थे। उन्होंने विद्युत वरण महतो को वोट करने की अपील की और कहा कि आपका एक-एक वोट मोदी को जायेगा।

**रोजगार छीनने नहीं दूंगा :** मोदी ने कहा, कांग्रेस और झामुमो को देश के उद्योगो से मतलब नहीं है। उन्हें भ्रष्टाचार और वसूली से मतलब है। कांग्रेस के शहजादे निवेश का विरोध करते हैं। वहुत से निवेशक हमसे मिलने आते हैं। वे कहते हैं, हम वहां नहीं जायेंगे। वहां तो हमारे विरोध की विचारधारा है। हमें गाली दी जाती है। कोई उद्योगपति उनके राज्य से दूसरे राज्य में चले जायेंगे, तब वहां के लोगों को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ जायेंगे। मैं किसी को भी अपने नौजवानों का अधिकार छीनने नहीं दूंगा। पीएम ने कहा कि झारखंड सरकार धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट बनाने में रोढ़ा अटका रही है।

(अंदर के पेज पर भी देखें)



### झारखंड को लूट का अड्डा बना दिया

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को विकास का क ख ग घ.. भी नहीं मालूम है। झारखंड राज्य इतना अमीर है, लेकिन यहां के लोग गरीब हैं। कांग्रेस-जेएमएम-राजद ने झारखंड को लूट का अड्डा बना रखा है। इनका बस एक ही तरीका है झूठ बोलो, जोर से बोलो, हर तरह से केवल झूठ ही बोलो। इनके मुद्दे हैं गरीब की संपत्ति छिनेंगे, आरक्षण छिनेंगे, मुझे गाली देंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के वाले आप लोगों से झूठ बोलते हैं, जिसे पूरा देश जान गया है।

### लूट का एक-एक पाई आपको लौटाऊंगा

पीएम मोदी ने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड खनिज संपदा के मामले में इतना अमीर है कि आप कल्पना नहीं कर सकते। फिर भी यहां इतनी गरीबी क्यों है। आज झारखंड का नाम सुनते ही एक ही दृश्य सामने आता है– नोटों के ढेर। नोटों के पहाड़ देखने को मिलते हैं। इनके घरों से जो पैसे बरामद हुए हैं उसके मालिक आप हैं। मोदी इन बेईमानों के ठिकानों से पैसा पकड़ा रहा है। मैं आपको गारंटी देता हू कि मैं ये पैसे उन सब गरीबों को लौटा दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि ये पैसे जिनके हैं उनको लौटा दूंगा।

### परिवारवाद से देश व झारखंड को बचायें

पीएम मोदी ने परिवारवाद पर भी हमला किया। कहा कि परिवारवादी लोग आपको आगे बढ़ने नहीं बढ़ने दे रही है। कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने नहीं दे रहे है। परिवारवादी लोगों से झारखंड को बचा कर रखना है। उन्होंने कहा, आज मोदी ने नक्सलियों की कमर तोड़ दी है। ऐसे में रंगदारी की जिम्मेदारी कांग्रेस और झामुमो ने उठा ली है। उन्होंने कहा कि नये-नये तरीके से नोट इकट्ठा करने वालों को एक भी वोट नहीं मिलना चाहिए। कांग्रेस, झामुमो और राजद जैसे परिवारवादी दलों ने झारखंड को हर मौके पर लूटा है। अब उन्हें और भी लूटने की छूट नहीं देंगे। लुटरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू है। आप सब देख ही रहे हैं।

### आदिवासी विरोधी है कांग्रेस

पीएम मोदी खरसावां और गुआ गोलीकांड की चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आदिवासियों से नफरत रही है। भाजपा ने आदिवासी को सम्मान दिया। हमने पहली बार एक आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया है। कांग्रेस ने उसका विरोध किया, आज उसी कांग्रेस के साथ झाममो खड़ा है। मोदी ने कहा कि वो पहले मतदान फिर जलपान करेंगे। उन्होंने लोगों से सबको मोदी का प्रणाम करने के लिए कहा।

# हजारीबाग, कोडरमा चतरा में आज वोटिंग

**58 लाख वोटर करेंगे 54 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला**

**गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए भी डाले जायेंगे वोट**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के 5वें और झारखंड के दूसरे चरण में लोकसभा की कीन सीटों चतरा, कोडरमा एवं हजारीबाग में सोमवार की सुबह सात बजे से वोट डाले जायेंगे। आयोग ने मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदानकर्मी बूथों तक पहुंच चुके हैं। इन तीनो सीटों के 54 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 58 लाख वोटर करेंगे। इसके साथ ही गांडेय उपचुनाव के लिए भी वोटिंग होगी। यहां से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मैदान में हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में अहम भूमिका निभाने के लिए मतदान कर्मी उत्साहित हैं। इन तीन लोकसभा क्षेत्रों के तहत 7 जिले आते हैं। साथ ही 16 विधानसभा क्षेत्र भी आते हैं। चतरा लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 22 उम्मीदवार, हजारीबाग सीट से 17 उम्मीदवार और कोडरमा से 15 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# मोदी को इसबार उखाड़ फेकेगी जनता : कल्पना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में जुमलेबाजों की दाल नहीं गलने वाली है। जनता भाजपा के चाल-चरित्र को समझ चुकी है। सभी ने मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। कल्पना सोरेन धनबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन (कांग्रेस) प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में चंदनकियारी के सुरजूडीह व धनबाद के निरसा में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अनुपमा को इतने वोटों के अंतर से जितायें कि जेल का ताला खुल जाये और हेमंत सोरेन छूट जायें। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि लोगों की सेवा और क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है।

**हेमंत को खाली खजाना मिला था :** कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड बनने के बाद अधिकतम समय तक यहां भाजपा ने शासन किया। 2019 में जब हेमंत सोरेन सीएम बने, राज्य का खजाना खाली था।




## घाटशिला में पीएम ने कहा- यह चुनाव देश को सशक्त बनाने का है...

# नक्सलियों की तरह उद्योगपतियों से उगाही करती है कांग्रेस : मोदी

उदय चौहान

**घाटशिला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने भ्रष्टाचार से नोटों के अंबार खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों से झारखंड को बचाना है। प्रधानमंत्री ने रविवार को झारखंड के जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के घाटशिला स्थित ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे नक्सलियों और माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं। ये पार्टियां नक्सलियों एवं माओवादियों की तरह उद्योगपतियों से उगाही करती हैं। उन्होंने कहा यह चुनाव देश के भविष्य को सशक्त बनाने, वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों का भी उज्ज्वल भविष्य तय करने का चुनाव है। चुनाव में उद्योगों, लघु उद्योगों की बात होनी चाहिए कि नहीं होनी चाहिए, राष्ट्रीय सुरक्षा, कृषि एवं वनोपज की होनी चाहिए। युवाओं के लिए अवसर, राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बात होनी चाहिए।



### इंडी गठबंधन के दलों को भ्रष्टाचार से मतलब

पीएम ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे की भाषा नक्सली, माओवादी की भाषा है। नक्सली और माओवादी भी बिना रंगदारी के उद्योगपतियों को काम नहीं करने देती, इसलिए रंगदारी की जिम्मेदारी कांग्रेस और उसके साथी दलों ने ले ली है। उन्होंने पूछा कि नए-नए तरीके से रंगदारी करने वाले कांग्रेस और झामुमो को एक भी वोट मिलना चाहिए? कहा कि हर बूथ में से इनका सफाया होना चाहिए। पूरी दुनिया जानती है कि देश की प्रगति के लिए उद्योग जरूरी है। जमशेदपुर का तो नाम ही जमशेदजी टाटा के नाम पर है लेकिन कांग्रेस पार्टी के लोग कहते हैं कि जो कारोबारी उनको पैसा नहीं देते, वे उन पर हमला करते हैं। कांग्रेस, झामुमो को सिर्फ भ्रष्टाचार और वसूली से मतलब है, उद्योग से नहीं।

### निवेश विरोधी है कांग्रेस

पीएम ने कहा कि मैं आदिवासी भाई-बहनों के बीच और उद्योग की धरती पर खड़ा हूं। जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें हैं, उनके शहजादे उद्योगों और उद्योगपतियों का विरोध करते हैं। निवेश का विरोध करते हैं। आने वाले दिनों में कौन उद्योगपति उनके राज्य में जाकर पूंजी निवेश करेगा। राज्यों के नौजवानों का क्या होगा। जो लोग चुनाव लड़ने के लिए हमारे सामने हैं, क्या वे शहजादे की भाषा को मान्यता देते हैं। सारे निवेशक कह रहे हैं कि हम इन राज्यों में नहीं जाएंगे, क्योंकि वहां तो हमारी विरोधी विचारधारा के लोग हैं। निवेश विरोधी विचारधारा है। उद्योगपतियों को गालियां दी जातीं हैं। अगर आपके राज्य से उद्योगपति चले जाएं, तो यह न कहना कि हमारे यहां से निवेशक चले गए। यह सब सिर्फ एक शहजादे की वजह से होगा।

### एकबार फिर से मोदी सरकार...

**कांग्रेस को विकास का क, ख, ग, घ भी नहीं मालूम**

श्री मोदी ने कहा कि इंडी अलायंस वाले आपसे झूठ बोलते हैं। देश इनकी सच्चाई पूरा देश जान गया है। उन्होंने कहा कि पूरा हिंदुस्तान कह रहा है- फिर एक बार- मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि विरोधी दलों को इन सबसे कुछ मतलब नहीं है। इन्हें विकास का क, ख, ग, घ भी नहीं मालूम। इनका तरीका है झूठ बोलो, जोर से बोलो,बार-बार बोलो,इधर भी बोलो, उधर भी बोलो। उन्होंने इनके मुद्दे भी गिनाय और कहा कि वे लोग गरीब की संपत्ति का एक्स-रे करेंगे। एसटी, एससी का आरक्षण छीनेंगे। मोदी को रोज-रोज गालियां देंगे इससे आगे ये सोच ही नहीं सकते क्या?

### धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट निर्माण में बाधक है झामुमो

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक रांची से जमशेदपुर पहुंचने में 6 घंटे लगते थे। हमारी सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया। आज यह सफर आधे समय में पूरा होता है। हमारी सरकार धाल भूमगढ़ में एयरपोर्ट भी बनाना चाहती है लेकिन ये झारखंड सरकार इसमें भी रोड़े अटका रही है। विरासत टैक्स का मुद्दा उठाते हुए श्री मोदी ने कहा कि आप जीवन भर कमाएंगे, लेकिन आपके बच्चों को वह संपत्ति नहीं मिलेगी। उसे कांग्रेस हड़पेगी लेकिन, संसदीय सीट इनकी जागीर है। दशकों तक पार्टी की सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं को ये लोग टिकट नहीं देंगे। ऐसे परिवारवादी पार्टियों से झारखंड को बचाना है।

खरसावां गोलीकांड का मुद्दा भी श्री मोदी ने उठाया और कहा कि इसे कौन भूल सकता है लेकिन, लोगों को किसका इतिहास पढ़ाया गया? देश को सिर्फ एक परिवार का इतिहास पढ़ाया गया। श्री मोदी ने कहा कि बीजेपी ने विद्युत वरण महतो को जिम्मेदारी सौंपी है। आपलोग इनके लिए कमल का बटन दबाएंगे। आप जब इनको कमल का बटन दबाकर वोट देंगे, तो वह वोट सीधे मोदी को मिलेगा। उन्होंने एसपीजी वालों से कहा कि कुछ बच्चे और युवा तस्वीरें बनाकर लाए हैं।उनसे कलेक्ट कर लें।साथ ही तस्वीर लाने वालों से कहा कि आपलोग चित्र के पीछे अपना नाम और पता लिख दीजिए।

## आज 58,34,618 मतदाता करेंगे मतदान

# पांचवां चरण: तैयारी पूरी, मतदानकर्मी मतदान केंद्रों पर पहुंचे : के. रवि कुमार

**आज चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय क्षेत्र में होगा मतदान, सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगी वोटिंग**



### अब तक राज्य में 121.91 करोड़ रुपये जब्त

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 121 करोड़, 91 लाख, 54 हजार की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। उसमें से आयकर विभाग की जांच के दायरे में 5,07,72,332 रुपये की नकद राशि और अन्य बहुमूल्य सामग्री शामिल है। जांचोपरांत इनमें से 2,99,76,200 रुपये की नकद राशि एवं 20,70,043 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त कर ली गयी। वहीं 1,62,51,172 की नकदी को संबंधितों को वापस कर दिया गया।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सभी बूथ व्यवस्थित किये जा चुके हैं। मतदानकर्मी मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। मतदाताओं को सुविधाजनक ढंग से मतदान केंद्र जाकर मतदान कराने के लिए तमाम उपाय किये गए हैं। वह रविवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस फेज में तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े सात जिले समाहित हैं। यहां कुल 58,34,618 मतदाता हैं। इनमें 29,99,233 पुरुष और 28,35,329 महिला मतदाता हैं। कुल बूथों की संख्या 6705 है। इनमें से 575 बूथ शहरी क्षेत्र में और 6130 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 73 बूथ महिलाओं, 13 बूथ दिव्यांगों और 13 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं 36 यूनिक बूथ हैं, जो उस क्षेत्र की पहचान से जुड़े होंगे।

**चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में होना है चुनाव :** उन्होंने बताया कि पांचवें चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सोमवार को मतदान होना है। मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिस बूथ पर शाम पांच बजे तक मतदाता कतार में होंगे, उनके मतदान तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 16,89,926 मतदाता हैं। जिनमें 8,61,959 पुरुष और 8,27,965 महिला मतदाता हैं। चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1899 बूथ हैं। उनमें 112 शहरी क्षेत्र में और 1787 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 16 बूथ महिलाओं, 4 बूथ दिव्यांगों और 3 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 5 यूनिक बूथ हैं।

उन्होंने बताया कि कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 22,05,318 मतदाता हैं। जिनमें 11,40,049 पुरुष और 10,65,246 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2552 बूथ हैं। उनमें 136 शहरी क्षेत्र में और 2416 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 23 बूथ महिलाओं, 1 बूथ दिव्यांगों और 4 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 20 यूनिक बूथ हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 19,39,374 मतदाता हैं। जिनमें 9,97,225 पुरुष और 9,42,118 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2254 बूथ हैं। उनमें 327 शहरी क्षेत्र में और 1927 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 34 बूथ महिलाओं, 8 बूथ दिव्यांगों और 6 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 11 यूनिक बूथ हैं।

# चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट पर जोरदार मुकाबला, गांडेय में कल्पना के पक्ष में समीकरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में झारखंड के तीन संसदीय क्षेत्र चतरा, हजारीबाग और कोडरमा तथा गांडेय विधान सभा उपचुनाव के लिए आज मतदान होगा और इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गांडेय के झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर 2023 को इस्तीफा दे दिया था और इसके कारण इस क्षेत्र में उपचुनाव हो रहा है। इस उप चुनाव में झामुमो और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। झामुमो की उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुर्मू ने गांडेय के उपचुनाव को दिलचस्प बना दिया है। इस क्षेत्र में सारे समीकरण झामुमो के पक्ष में दिखाई पड़ रहे हैं इसलिए कल्पना का पलड़ा भारी माना जा रहा है। बाकि तीनों लोक सभा क्षेत्रों में भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है। तीनों सीटों पर 2019 में भाजपा जीती थी।

चतरा में कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी आमने सामने हैं। भाजपा ने यहां प्रत्याशी बदला और निवर्तमान सांसद का विरोध होने पर पहली बार स्थानीय कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। मोदी सरकार के विरुद्ध लोगों का असंतोष ही चतरा में कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हथियार है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, संविधान और आरक्षण पर संभावित संकट को लेकर आदिवासी दलित भी भाजपा विरोध में दिखते हैं लेकिन कांग्रेस का सांगठनिक आधार नदारद है। राजद और झामुमो का सांगठनिक ढांचा ही ताकत है जबकि भाजपा आरएसएस का सांगठनिक आधार पुख्ता है। इस आधार पर भाजपा यहां भारी दिखती है। हजारीबाग में भाजपा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर आ गयी है। भाजपा प्रत्याशी एलानिया 80 और 20 प्रतिशत की बात कर रहे हैं। भाजपा ने यहां यशवंत सिन्हा के पुत्र जयंत सिन्हा का टिकट काट कर विधायक मनीष जयसवाल को उतारा है।

इंडिया गठबंधन द्वारा कांग्रेस के जयप्रकाश पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। पटेल मांडू से भाजपा के विधायक हैं। पटेल मूल रूप से झामुमो में रहे हैं लेकिन विगत विधान सभा चुनाव में भाजपा से जीते थे। जय प्रकाश पटेल कुड़मी समुदाय से हैं। जातीय समीकरण और यशवंत सिन्हा का भाजपा से नाराजगी और झामुमो कांग्रेस का आधार वोट पटेल को भरोसा दिला रही है। इससे हजारीबाग की लड़ाई कांटे की हो गयी है। हजारीबाग में भाजपा का कंडीडेट बाबूलाल मरांडी खेमे का माना जाता है। शायद इसी कारण यहां का चुनाव सीधे सीधे नरेन्द्र मोदी के नाम पर लड़ा जा रहा है ताकि खेमेबंदी से बचा जा सके। इस कारण बढ़त भाजपा की मानी जा रही है। कोडरमा का मुकाबला सीधा है। भाजपा की सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और इंडिया गठबंधन से भाकपा (माले) के विधायक बिनोद सिंह के बीच है। कोडरमा के चुनाव में जाति भी है और विचारधारा भी। प्रत्याशियों का व्यक्तित्व भी मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण कारण है। अन्नपूर्णा देवी यादव जाति से हैं। पहले राजद में रहीं विधायक भी रहीं। विगत लोक सभा चुनाव में भाजपा में 19 आ गयी थी लेकिन इनका आधार वोट यादव ही रहे। इस बार राजद के तेजस्वी यादव का यहां आकर बिनोद सिंह के पक्ष में कैम्पेनिंग करना अन्नपूर्णा के जातिय वोट में सेंध लगा सकता है। झामुमो का आधार वोट भी बिनोद सिंह के पक्ष में जाता दिख रहा है।

# घमंडिया गठबंधन और भ्रष्टाचारी खतरे में है, देश का संविधान नहीं : गौरव भाटिया

**भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मीडिया सेंटर में पत्रकारों से हुए मुखातिब**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने रविवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड और झारखंड की जनता को हमेशा दिल में रखा। भगवान बिरसा मुंडा को आदर्श माना। जनजातीय समाज के लिए चिंतित रहें। उसे सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए। जनता ने मन बना लिया है किनरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे और वह जनता की सेवा के अपने कार्य को आगे बढ़ाएंगे। श्री भाटिया ने कहा कि चार चरण के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इस चुनाव में एनडीए और भाजपा पिछले 10 वर्ष के विकास कार्य की रिपोर्ट कार्ड के आधार पर जनता से पुनः आशीर्वाद मांग रहे हैं। जनता ने मन बना लिया है कि इस चुनाव में भाजपा 370 से अधिक सीट जीतेगी। एनडीए 400 पार होगा। उन्होंने कहा कि घमंडियां गठबंधन में भ्रष्टाचारियों की फौज है। वे एनडीए-बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने का कुंठित प्रयास कर रहे हैं। भ्रष्टाचारियों पर प्रधानमंत्री मोदी की ईमानदारी भारी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी है। कांग्रेस, झामुमो और राजद एक साथ है। ये राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस से सबक लिया। यही कारण है कि 10 समन देने के बाद भी ईडी के पास नहीं गए। अगर हुए भ्रष्टाचार नहीं किया है, तो जाकर जवाब देना चाहिए। यह जनता की कमाई है। उसे लूट कर परिवार को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इनकी नीतियां झारखंड की जनता की विरोधी है।

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के मामले में रति भर भी शर्म कांग्रेस की नहीं बची। राहुल गांधी ने इस पर एक शब्द नहीं कहा। इस्तीफा नहीं मांगा। पूरे विश्व में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी परिवार लालू, सोरेन और गांधी है। लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। लोकतंत्र इनसे खतरा है। आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से नोटों का पहाड़ मिलता है। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कुछ नहीं बोलते। इनका एकमात्र मकसद है परिवार का भला करो, परिवार को आगे बढ़ाओ। जनता से मतलब नहीं है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि आलमगीर आलम और हेमंत सोरेन जल्द जेल से बाहर नहीं निकाल पाएंगे। उनसे जनता का एक-एक पैसा वसूला जाएगा। इस चुनाव में भ्रष्टाचार बहुत बड़ा मुद्दा है। अरविंद केजरीवाल बेशर्म नंबर वन है। उन्हें नियमित नहीं, अंतरिम जमानत मिली है। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर एक उंगली में नहीं उठी। कोई दाग तक नहीं लगा। झारखंड की सभी 14 सीट पर एनडीए के प्रत्याशी विजयी होंगे। इस बार बीजेपी और एनडीए को देश भर में 400 से अधिक सीटें मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति को प्रधानमंत्री मोदी ही बचाए रख सकते हैं। भाजपा ने जनजातीय समाज की महिला को राष्ट्रपति बनाया। मोदी मंत्रिमंडल में 8 मंत्री जनजातीय समाज से हैं। 12 मंत्री दलित समाज से हैं। 28 मंत्री ओबीसी और 11 महिला मंत्री है। जनजातीय समाज को शिक्षित करने के लिए पूरे देश भर में एकलव्य मॉडल के स्कूल खोले जा रहे हैं। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह, राफिया नाज भी मौजूद थे।

### ग्रामीण विकास के कार्य में डिफॉल्टर प्रखंड और पंचायतों की होगी पहचान

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने ऐसे डिफॉल्टर प्रखंड व पंचायतों को पहचाने का निर्देश दिया है जिनका लगातार काम खराब हो रहा है। इसके लिए तकनीक का भी सहारा लेने को कहा गया है। नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के अंतर्गत ऐसे प्रखंडों, ग्राम पंचायत की पहचान की जाएगी जो नियमित रूप से डिफॉल्ट रहते हैं। ऐसे प्रखंड व पंचायत के अधिकारियों के साथ भी बैठक कर मामले के समाधान के लिए कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने विशेष समीक्षा भी करने को कहा है कि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। मनरेगा सहित अन्य योजनाओं में अधिक से अधिक फील्ड विजिट भी करने को कहा है। योजनाओं के अनुश्रवण की सारी जानकारी एरिया ऑफिसर एप में देने को कहा गया है ताकि इसकी जानकारी मुख्यालय को भी मिल सके। सचिवालय के अधिकारियों को भी टीम बनाकर निरंतर विभिन जिलों का भ्रमण करने को कहा है। ऑन द स्पॉट समस्याओं का पहचान करके उसके निदान की कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है।

# चार जून के बाद मोदी की नहीं,इंडिया की बनेगी सरकार : सुप्रिया श्रीनेत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रभारी सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि पहले चार चरणों के मतदान में इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिल चुका है। चार जून के बाद देश में मोदी की नहीं इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। अभी शेष तीन चरण का चुनाव होना बचा है। इस चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन दो तिहाई बहुमत की ओर अग्रसर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव अब एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच का नहीं रहा। इस चुनाव को जनता अब अपने हाथ में ले चुकी है।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने वाले और संविधान को खत्म करने वालों, लोकतंत्र बचाने और लोकतंत्र खत्म करने दो विचारधारा के बीच का चुनाव है। एक चुने हुए सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का जवाब झारखंड की जनता देने को तैयारी बैठी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रही थी।

### अपना बयान पलटने में माहिर हैं पीएम मोदी

सुप्रिया ने कहा कि पीएम मोदी चुनाव हार चुके हैं। पहले चरण से लेकर चौथे चरण तक उन्होंने जिस प्रकार से अपना बयान दिया और फिर पलटे। वह बड़ा अचंभित करने वाला है। पहले चरण में कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का बताया। इसके बाद आ गए मटन-मछली, मंगलसूत्र और भैंस पर। इसके बाद करने लगे हिंदु-मुस्लिम। चौथे चरण के बाद उन्होंने कहा कि वह कभी हिंदु-मुस्लिम की बात नहीं की। ईद में उनके घर ईद की सेवैईयां आती थी। अजीब हालात है, जिनका जन्म ही धर्म के नाम पर जहर घोलने के लिए हुआ। उनका पूरा राजनीतिक जीवन हिंदु-मुस्लिम पर केंद्रित रहा। ऐसा बोल कर उन्होंने तो अपने राजनीतिक जीवन का ही खुद खंडन कर दिया।

### पीएम को भ्रष्टाचार पर बोलने का हक नहीं

सुप्रिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक हक अब नहीं है। उन्होंने चंदा लेकर धंधा देने का काम किया। देश नहीं पूरी दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला इलेक्ट्रोल बांड करने वाले पार्टी और उसके पीएम को इस मुद्दे पर नहीं बोलना चाहिए। देश में दंगा करने और कराने वाले लोग बिप्स बनाने वाले कंपनियों से भी पैसे लिये। ईडी और अन्य जांच एजेसियों का इस्तेमाल चंदा लेने और धंधा देने के लिए किया गया। पीएम कहते हैं कि अडाणी और अंबानी काले धन टेंपो से ढोकर कांग्रेस तक पहुंचाया तो कांग्रेस पीएम को चुनौती देती है कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इसकी ईडी या अन्य जांच एजेंसियों से जांच कराने का आदेश दें।

**15 अगस्त से शुरू होगा 30 लाख सरकारी नौकरी की भर्ती प्रकिया, अग्निवीर खत्म करेंगे :** सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। मोदी कहते हैं कि पकौड़ा बनाएं, मगर पकौड़ा बनाने के लिए तेल और गैस के दाम आसमान छू गया। इसलिए सरकार गठन होते ही 15 अगस्त से 30 लाख रिक्त पड़े सरकारी नौकरी भर्ती प्रकिया शुरू की जाएगी। इसके अतिरिक्त नए सिरे से नयी सरकारी नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मोदी सरकार पूर देश के नौकरी को ठेका आधारित कर दिया। इतना ही नहीं देश की सुरक्षा से जुड़े सेना को भी ठेका आधारित कर दिया। क्या चार साल की नौकरी करके कोई देश की रक्षा कर पाएंगे, दुश्मनों से लड़ पाएंगे। हमारी सरकार अग्निवीर स्कीम को खत्म करके पुराने नीति के आधार पर सेना की बहाली शुरू करेगी।

### महिलाओं को देंगे 1 लाख रुपये सालाना, सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण

सुप्रिया ने कहा कि सरकार गठन के बाद हमारी सरकार देश के गरीब महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपए देंगे, ताकि वह अपना और अपने बच्चों का पालन-पोषण कर सकें। इतना ही महिलाओं को समान भागीदारी के देने के लिए सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देंगे।

### किसानों का लोन होगा माफ, कृषि से जुड़े समानों से जीएसटी हटेगा

सुप्रिया ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों के 16 लाख करोड़ रूपए लोन माफ किये। मगर हमारी सरकार किसानों का लोन माफ करेगी। कृषि से जुड़े सभी उपकरण और सामानों से जीएसटी हटाएगी। सरकार किसानों को कानूनी एमएसपी देगी, क्योंकि वर्तमान मोदी सरकार में पूरे देश में 700 से अधिक किसान मारे गए। किसान आंदोलन रोकने के लिए रास्ते पर कीलें ठोंक दिये गए, गोली मारी गयी। किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनका ख्याल रखना किसी भी सरकार का पहला दायित्व होता है।

### सभी को दी जायेगी समान हिस्सेदारी

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आखिरकार मोदी सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में राष्ट्रीय जनगणना क्यों नहीं कराया। इसके पीछे उनकी क्या मंशा रही। इसे जनता को बताना चाहिए। हमारी सरकार समान हिस्सेदारी की बात करेगी। देश में जातिगत गणना कराया जायेगा। इसके आधार पर आदिवासी, दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक आ सामान्य वर्ग के लोगों को सामाजिक और आर्थिक हिस्सेदारी दी जाएगी।


### 25 लाख का करायेंगे सभी का हेल्थ बीमा

सुप्रिया ने कहा कि इंडिया गठंधन की सरकार पूरी दुनिया का सबसे बड़ा हेल्थ स्कीम लेकर आ रही है। जनता को 25 लाख का हेल्थ बीमा कराएगी। हेल्थ जांच से लेकर चिकित्सीय उपचार और दवाईयों का फुल पैकेज होगा।

## यूपी से झारखंड पहुंचे कांग्रेस के 17 प्रचार वाहन

# जनता को पांच न्याय और 25 गारंटी की दी जायेगी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा झारखंड में किये जा रहे अक्रामक चुनावी प्रचार को देखते हुए झारखंड कांग्रेस ने भी अत्याधुनिक जीपीएस से लैस 17 एलईडी प्रचार वाहन उत्तर प्रदेश से मंगवाया है।

**एलईडी वाहन से रांची, धनबाद और गोड्डा में कांग्रेस करेगी प्रचार:** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा के अनुसार 17 प्रचार वाहनों में सात एलईडी प्रचार वाहन रांची लोकसभा क्षेत्र में, छह एलईडी प्रचार वाहन धनबाद लोकसभा क्षेत्र में, चार एलईडी प्रचार वाहन गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में जनता के बीच कांग्रेस अपने प्रचार वाहनों से अपने पांच न्याय और 25 गारंटी को लेकर जाएगी।

कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि ये प्रचार वाहन उन इलाकों में जाकर कांग्रेस और राहुल गांधी के युवा न्याय के तहत पहली नौकरी पक्की, भर्ती भरोसा, पेपर लीक से मुक्ति, और युवा रोशनी की गारंटी की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाएगी। इसी तरह कांग्रेस के नारी न्याय के तहत हर गरीब घर की एक महिला को हर साल एक लाख रुपये की सहायता, केंद्र सरकार की नौकरियों में 50% आरक्षण, शक्ति सम्मान, अधिकार मैत्री और सावित्री बाई फुले हॉस्टल की गारंटी की जानकारी भी गांव-गांव में जाकर आधी आबादी तक पहुंचाएगी। जीपीएस से लैस कांग्रेस के एलईडी प्रचार वाहन से रांची लोकसभा, धनबाद लोकसभा और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में किसान न्याय के तहत दी जानेवाली फसलों का एमएसपी लागू करने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, अन्नदाताओं को कर्ज से मुक्ति, फसलों के बीमा भुगतान का लाभुक किसानों तक सीधा ट्रांसफर सहित कई वादे जनता तक ले जाएगी।

राकेश सिन्हा ने कहा कि इसी तरह श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय का जो वादा किया गया है।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सोमवार 20.05.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 30

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

### मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को दी गयी ट्रेनिंग

## बूथों में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध : डीसी

**▸▸ बाइक पर 30 से अधिक क्यूआरटी रहेगी भ्रमणशील**

**विशेष संवाददाता**



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्र ने आज यहां कहा कि मतदान के दिन बूथ में मोबाइल ले जाने और पाबंद रहेगी। उपायुक्त सुश्री मिश्र तथा वरीय पुलिस अधीक्षक ह्दीप पी जनार्दनन चुनाव को लेकर न्यू टाउन हॉल में सेक्टर मजिस्ट्रेटों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जीरो एरर तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने सख्त हिदायत दी कि मतदान के दिन बूथ में वोटर्स के लिए मोबाइल फोन ले जाना वर्जित रहेगा। त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने तथा ईवीएम की तकनीकी समस्या से निपटने के लिए हर प्रखंड में इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया लिमिटेड के इंजीनियर तथा मास्टर ट्रेनर मौजूद रहेंगे। सुबह 7 बजे मतदान के प्रारंभ होते ही हर 2 घंटे पर इसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराई जानी है। कोई समस्या आने पर संबंधित विधानसभा के एआरओ से संपर्क करें। संध्या 5:00 बजे तक बूथ पर पहुंचने वाले मतदाताओं से वोटिंग जरूर कराए। सुश्री मिश्र ने कहा कि 24 मई को तीनों डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी चुनाव सामग्री लेकर संबंधित बूथ के लिए रवाना होगी। पोलिंग पार्टी तय वाहन में, रूट चार्ट के अनुसार, बिना रास्ते में रुके, अपने मतदान केंद्र पर पहुंचेगी। इसी प्रकार चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान केंद्र से सीधे रिसीविंग सेंटर पहुंचेगी। उन्होंने बूथ पर की जाने वाली तैयारी, मॉक पोल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, वोटिंग के दौरान, वोटिंग खत्म होने के बाद, प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी, प्रपत्र 17 ए, 17 सी, पुरुष, महिला व थर्ड जेंडर मतदाताओं का मिलान, विभिन्न तरह के एनेक्सचर सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए गए हर बिंदुओं का अक्षरशः अध्ययन व पालन करने, चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उनके दायित्वों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जनार्दनन ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स, पुलिस पदाधिकारी के साथ 30 से अधिक मोटरबाइक पर सवार क्यूआरटी टीम मौजूद रहेगी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस पदाधिकारी के साथ समन्वय रखने, 24 मई की सुबह से ईवीएम जमा कराने तक साथ रहने का निर्देश दिया। साथ ही सभी को अनिवार्य रूप से अपना आइडेंटिटी कार्ड पहनने, बूथ पहुंचने के बाद कहीं और नहीं जाने, जिला पुलिस बल एवं होमगार्ड को समय पर मतदान केंद्रों में पहुंचने, टुंडी एवं बाघमारा में चुनाव संपन्न कराने के बाद बोकारो जाने के लिए तय रूट का पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में अन्य लोगों के अलावा उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए श राजीव रंजन, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, कुमार वंदन, कुलदीप कुमार सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### 'जल दो, वोट लो' नारों के साथ ग्रामीणों का हल्ला बोल आंदोलन

## मेरे पास जादू की छड़ी नहीं है कि मिनटों में कर दूं समाधान : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के गोपीनाथपुर पंचायत के पांच सौ से अधिक ग्रामीणों ने रविवार को पेयजल की मांग को लेकर हल्ला बोल दिया। छह दशक से पेयजल की त्रासदी झेल रहे बाउरी टोला एवं आदिवासी टोला के अलावे शिवडंगाल और चपरासी धौड़ा के ग्रामीणो ने पूरे पंचायत में आक्रोश रैली निकाली। पंचायत के विभिन्न गांव, टोला व मुहल्ला में घूम-घूम कर जल दो वोट लो का जोरदार नारा लगाया। स्थानीय प्रशासन हाय हाय के भी नारे लगाये। इस दौरान मुखिया एवं सूचना पाकर पहुंची एग्यारकुण्ड बीडीओ मधु कुमारी को ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। ग्रामीण किसी की भी बात सुनने को तैयार नहीं थे।ग्रामीण एक ही रट लगाये था कि पहले पानी चाहिये, तब कोई बात होगी। बीडीओ ने कहा कि उनके पास जादू की छड़ी नहीं है कि इस बड़ी समस्या का समाधान मिनटों में हो जायेगा। समझाने बुझाने पर ग्रामीणों का गुस्सा ठंडा हुआ। बता दें कि गोपीनाथ पुर पंचायत में मुगमा जलापूर्ति योजना के तहत सप्लाई पानी की व्यवस्था की गयी है। लेकिन लोगों को समुचित पानी नहीं मिल पा रहा है। एग्यारकुंड स्थित योजना का दो लाख गैलन क्षमता के पानी टंकी से जलापूर्ति होती है। लेकिन सप्लाई पाइप से जगह जगह अवैध कनेक्शन ले लिया गया है। जिससे मुगमा मोड़ तक ही सही से पानी पहुंच पाता है। लेकिन गोपीनाथपुर बाउरी टोला एवं आदिवासी टोला के अलावे चपरासी धौड़ा, शिव डंगाल, भालुकसुंधा और बिहार फायर ब्रिक्स कॉलोनी में ठीक से पानी नहीं पहुंच रहा है। दो तीन गैलन पानी ही मिल पाता है। इस भीषण गर्मी मे ग्रामीणों को एक दो किमी दूर से पानी लाना पड़ता है। इन दस वर्षो में यहां के लोग पीएचईडी विभाग, बीडीओ, सीओ, विधायक व पूर्व विधायक के अलावे सांसद से भी पानी की समुचित व्यवस्था के लिए गुहार लगाते-लगाते थक गए। अंततः ग्रामीणों के पास आंदोलन ही विकल्प बचा।

### स्पीड न्यूज

#### बेकारबांध में ढुल्लू महतो का सम्मान



**धनबाद।** रविवार को बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो का बेकारबांध स्थित गुप्तेश्वर परिसर में समाजसेवी एवं पूर्व छात्र नेता आनंद चौरसिया के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माला पहनकर स्वागत किया। सम्मान समारोह में ढुलू महतो ने लोगो को भरोसा दिलाते हुए कहा की धनबाद के लोगो को जाम से निजात दिलाऊंगा।वही उन्होंने कहा की एयरपोर्ट,बड़ा अस्पताल तथा धनबाद को अपराध मुक्त कराऊंगा। कार्यक्रम में अमरजीत चंद्रवंशी, सुनील सिन्हा, लक्ष्मण यादव, अमित गुप्ता, अशोक मालाकर, संतोष कुमार, पप्पू खटिक, सुनील ठाकुर, अजय कांत सिन्हा, समेत सैकड़ो महिला पुरुष एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### सीएम चम्पई सोरेन आज तोपचांची में

**तोपचांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोमवार 20 मई को तोपचांची पहुंचेंगे। झामुमो प्रखंड सचिव नवल किशोर ने कहा कि 20 मई को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन तोपचांची में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री हेलिकॉप्टर के माध्यम से मदैयडीह स्थित स्टेडियम पहुंचेंगे। स्टेडियम से एनएच के रास्ते से होकर तोपचांची के हटिया मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में वोट मांगेंगे। सीएम के आगमन को लेकर झामुमो कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं।

#### चेंबर का मतदाता जागरूकता अभियान

**धनबाद।** चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के सदस्यों ने पुराना बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से 25 मई को मतदान करने की अपील की है। चैंबर के सोहराब खान ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के बाद चेंबर ने संकल्प लिया है कि धनबाद में मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए लगातार जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुराना बाजार चेंबर के व्यवसायी तथा उनके कर्मचारी आगामी 25 मई को मतदान कर सके इसलिए मतदान के दिन पुराना बाजार की सभी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है।

## इंडिया गठबंधन का चुनाव कार्यालय खुला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** कुमारधुबी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी में जीटी रोड किनारे शनिवार की रात इंडिया गठबंधन का कार्यालय खोला गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता काजी शकील एकता ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर कांग्रेस के निसार आलम, राजद महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी, माले नेता नागेंद्र कुमार आदि नेताओं ने उपस्थित होकर एकजुटता दिखायी। कार्यकताओं से अपील की कि बूथ स्तरीय टीम बनाकर मजबूती से गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जिताने का काम करें। कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए गठबंधन के साथी दल पूरे राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार निश्चित तौर पर गठबंधन की सरकार बनेगी। मौके पर वकील बाउरी, जियाउल हुसैन, नागेंद्र कुमार, मनोरंजन मल्लिक, घमंडी यादव, मुख्तार अली, अफजल हुसैन, मो कासिम, असीम घोष, राजू चौहान, रविंद्र कुमार, कौशर अली, सिराजुद्दीन, कमलेश सिंह, कलीम अंसारी सहित अन्य थे।

## डालसा की जेल अदालत ने 2 विचाराधीन बंदियों को रिहा किया

**▸▸ मंडल कारा में शिविर का आयोजन किया गया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** झालसा के दिशा निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के आदेशानुसार आज मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि आज जेल अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, रेलवे के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार एवं न्यायिक दंडाधिकारी मोसरत जिया तारा के उपस्थिति में मंडल कारा पाल दिनेश वर्मा के द्वारा जेल अदालत के लिए चिन्हित कूल 4 बंदियों को पीठासीन न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर कराया जिसमें 2 बंदी समीर खान उर्फ भोला और पूरन हाड़ी को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला और न्यायिक दंडाधिकारी मोसरत जिया तारा के न्यायालय से रिहा किया गया। रेलवे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय से दो बंदियों का हिरासत अवधि पूरा नहीं होने के कारण उनको रहा नहीं किया गया। साथ ही डालसा सचिव द्वारा जेलर को झालसा के गाइडलाइन के तर्ज पर निम्नलिखित आदेश दिया गया। उन सभी विचाराधीन कैदियों जिनके बेल हो चुका है और न्यायालय में बैल बॉन्ड फर्निश नहीं किया गया है वैसे कैदियों को चिन्हित कर ऊछरअ कार्यालय को सूचित करें। दूसरे जिले में बंद बंदियों को चिन्हित कर सूची को डीएलएसए कार्यालय को उपलब्ध काराए जिससे कि उन सभी बंदियों को समय-समय पर उनके केस स्टेटस को डीएलएसए द्वारा बताया जा सके। जेलर को दिये निदेश में कहा गया कि वैसे विचाराधीन कैदियों जिनको इंटरमीडिएट एवं उच्च स्तरीय पढ़ाई-लिखाई की आवश्यकता है तो उसकी सूची ऊछरअ को उपलब्ध कराए जिससे डीएलएसए द्वारा इग्नू और जैक काउंसिल से संपर्क कर उनके आगे की पढ़ाई की समुचित व्यवस्था किया जाएगा। साथ ही विचाराधीन और सजायात कैदियों की पढ़ाई के लिए स्पेशल रूम एवं स्मार्ट बोर्ड की व्यवस्था किया जाए। विचाराधीन और सजायात कैदियों के लिए मंडल कारा में वोकेशनल ट्रेनिंग की व्यवस्था किया जाए। निदेश के मुताबिक ई-कोर्ट और कियुस की व्यवस्था ऊछरअ द्वारा मंडल कारा में हो। इसके साथ ही मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मंडल कार में पुरुष और महिला डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता और मंडल कारा में साफ-सफाई, स्वास्थ्य संबंधी और कैदियों के लिए कौशल विकास का व्यवस्था का निरीक्षण किया।

इस दौरान एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक अरुण कुमार, सौरभ सरकार, अरविंद कुमार, अजय रजक, राजेश कुमार सिंह, एलएडीसीएस सहायक कन्हैया ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### आदिवासियों की जमीन लूटने का काम सोरेन परिवार ने किया : दीपक प्रकाश

## ढुलू पर 50 केश की बात पर भड़क उठे दीपक प्रकाश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुलू पर 50 केस की बात पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भड़क उठे और कहा कि कांग्रेस के नेता पर सैकड़ो केस है। श्री प्रकाश रविवार को लोकसभा चुनावी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस बुलाई थी लेकिन भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ दर्जनों आपराधिक मामलों के बारे में कुछ बोल नहीं पाए। वही राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा खनिज संपदा और झारखंड के आदिवासियों की जमीन लूटने का काम सबसे ज्यादा सोरेन परिवार ने किया है। राज्य की सरकार झारखंड को लूट खंड बनाने में लगी हुई है।

**लूट के पैसे हो रहे बरामद**

झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद मिलकर झारखंड को लूट रहे है। बालू की लूट पाट, शराब घोटाला, टेंडर घोटाले के पैसे अब बरामद हो रहे है।वही चुटकी लेते हुए कहा की विधायक दल का नेता आलमगीर आलम जेल में है, और इस्तीफा नही दे रहे है। वही कहा कि कांग्रेस आरक्षण विरोधी है।

**मोदी की आंधी तूफान नही सुनामी है**

पीएम मोदी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे देश में मोदी की सुनामी है। इस बार एनडीए 400 सौ पार है। कहा की 1 सौ 41 करोड़ जनता के सपनो को साकार करने वाले पीएम मोदी के प्रति जनता मुरीद है। कहा की विदेशों में भी यह चर्चा है की इस बार फिर पीएम मोदी ही बनेंगे। झारखंड की साढ़े 3 करोड़ जनता की अभिलाषा है। पार्टी में विवाद को लेकर कहा की पार्टी का निर्णय सर्वोपरि है, पार्टी के अंदर कोई विवाद नही है।

**प्रेस वार्ता में उपस्थित थे**

लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष श्रवण राय, रूपेश सिन्हा, मिल्टन पार्थ सारथी, चंद्रशेखर मुन्ना, रंजीत, विजय के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक मद से पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर भाजपाई दो गुट में बंटे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** एग्यारकुण्ड मुण्डापाड़ा प्राथमिक विद्यालय के पास विधायक मद से पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता पर भाजपाइ दो गुट में बंट गए हैं। चुनाव के समय पार्टी कार्यकर्ताओं को दो खेमे में बंट जाने से इसका असर मतदान पर पड़ने वाला है। पूर्व बीस सूत्री सदस्य भाजपा नेता श्रीराम बारी ने विधायक अपर्णा सेनगुप्ता से कहा है कि आपके मद से विकास कार्यों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लूट खसोट घोर निंदनीय है। वैसे लोग जो हमेशा गलत कार्यों के लिये चर्चा में रहा है वो विकास कार्यों का ठेका ले रहे हैं। ऐसे लोग पार्टी को बदनाम करने में लगे हैं। इन्हें पार्टी हित की चिंता नहीं बल्कि अपनी हित की चिंता है। पेटी कांट्रेक्ट लेकर भाजपा कार्यकर्ता विकास कार्यों में लूट मचाये हुए है और इस लूट को संरक्षण देकर लोगों को धमका रहा है। एग्यारकुण्ड के ग्रामीण इस धमकी से डरे सहमे हुए हैं। सड़क निर्माण की जांच के साथ साथ ऐसे कार्यकताओं पर पार्टी हित में भी कार्रवाई होनी चाहिए। श्री बारी ने अखबार में छपी खबरों की कटिंग मोबाइल के विभिन्न ग्रुपों में डालकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि पीसीसी सड़क पर सड़क निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने विरोध किया था। काम रूकवा इस्टीमेट की मांग की थी। लेकिन वीआईपी नामक लोहा चोरों का सरगना भाजपा नेता ने जबरन काम चालू करा दिया। काम रोकने पर बुरे अंजाम की धमकी दी। ईधर वार्ड सदस्य दिलीप सिंह ने कहा कि किसी भी सूरत में सोमवार को काम चालू नहीं होने दिया जायेगा। जबतक इस्टीमेट को सार्वजनिक नहीं किया जाता काम बंद रहेगा।

### जिला प्रशासन ने चुनाव कार्य के लिये 1500 वाहन मालिकों को भेजा नोटिस

## कल से शहर में वाहनों की होगी कमी, बढ़ेगा किराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद में 25 मई को होंने वाले को लेकर बस में सफर करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ेगी। जिला प्रशासन ने 1500 वाहन मालिकों को 21 मई यानी मंगलवार को वाहन सौंपने का आदेश दिया है। इसमें 300 स्कूल बस, 200 यात्री बस तथा 1000 छोटे वाहन शामिल है। सभी बसों को गोल्फ ग्राउण्ड में रखा जायेगा। इन वाहनों से मतदान के पूर्व मतदान कर्मी और सुरक्षा बलों को अलग स्थानों पर भेजा जायेगा। मतदान खत्म होंने के अगले दिन यानी 26 मई को सभी वाहन मालिकों को सुपुर्द कर दिया जायेगा।

**इन रूटो पर बढ़ेगी परेशानी**

बसें जप्त होंने से धनबाद से हजारीबाग, गिरीडीह, बोकारो, देवघर, जामताड़ा तथा बिहार-बंगाल जाने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके अलवा छोटे वाहनों से सफर करने वाले लोकल सवारियों को भी परेशानी होगी। स्कूली बच्चे भी परेशान होंगे। हालांकि रांची, जमशेदपुर जाने वाले यात्रियों को खास असर नहीं पड़ेगा। इन दोंनो रूटों पर एसी बसें ज्यादा चलती है। जिला प्रशासन ने एसी बस मालिकों को नोटिस नहीं दिया है। ज्ञात हो कि चुनाव को लेकर पहले से भी 100 वाहन जिला प्रशासन ने जप्त रख है। इन वाहनों से 1700 पुलिस अधिकारी व जवानों को राज्य के दूसरे जिलों में भेजा गया है। यह वाहन भी चुनाव खत्म होंने के बाद ही वाहन मालिकों को मिलेगा। कई वाहन मालिक खटारा वाहन चलाकर उसकी भरपाई कर करे है। बस का किराया भी बढ़ा दिया गया है। यात्री पहले से परेशान है, 21 मई से यह परेशानी और बढ़ जायेगी।

**भुगतान के लिए दफ्तरों के नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर**

डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि इसबार वाहनों की धरपकड़ जैसा कोई सीन नहीं है। सारा काम व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम के तहत हो रहा है। वाहन मालिकों को नोटिस भी ऑनलाईन ही भेजा गया है। जिसमें बताया गया है कि वाहन को कब जमा करना है और भुगतान कैसे होगा। पैसों का भुगतान तीन से चार दिनों में हो जाएगा। वीएमएस सिस्टम से नोटिस भेजने के साथ बैंक अकाउंट का डिटेल भी मांगा गया है।

### डीसी ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

**▸▸ मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व गांडेय विधानसभा उप चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है और कल सोमवार को पांचवे चरण का चुनाव होना है। जिसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी श्नमन प्रियेश लकड़ा ने मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टी को अपने कर्तव्य पथ की ओर रवाना किया। साथ ही उन्होंने सभी डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी को जिम्मेवारी सौंपी तथा चुनाव कार्यों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संचालित कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने दायित्वों का निष्पादन स-समय सुनिश्चित करना है। साथ ही आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया इस दौरान उन्होंने मास्टर ट्रेनर को उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बता दें कि कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर चार डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें 28 धनवार विधानसभा हेतु कृषि उत्पादन केंद्र, बाजार समिति, 29 बगोदर विधानसभा हेतु विवाह भवन, 30 जमुआ विधानसभा हेतु गिरिडीह कॉलेज तथा 31 गांडेय विधानसभा हेतु एग्जामिनेशन हॉल, गिरिडीह कॉलेज को बनाया गया है।

# जुमलेबाजी में ना फंसे, अनुपमा को विजयी बनायें : कल्पना

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** झामुमो नेत्री सह हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने रविवार को निरसा के रामकनाली कालीमंदिर परिसर में इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में भाजपा पर करारा हमला किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में क्या 2 करोड़ लोगों को रोजगार मिला, क्या सभी भारतीयों के खाते में 15-15 लाख रुपये आए, काला धन देश में वापस तो नहीं आया, परंतु अरबो-खरबो रुपए लेकर जिनके सरकार के कार्यकाल में उद्योगपति देश छोड़कर भाग गए। वह पैसा भी आज तक वापस नहीं आया। क्या पुनः ऐसे जुमलेबाज लोगों के हाथों में देश की बागडोर सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि पहले देश के प्रधानमंत्री से पूछिए कि 10 वर्षों में आपने जो भी वादे किए थे, उसमें एक भी वादा पूरा हुआ क्या? फिर नए वादे करके हमें क्यों गुमराह कर रहे हैं। आप लोग इस बार बहकावे में नहीं आए तथा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह को हाथ छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाकर संसद में भेजें। एक वर्ष के अंदर आपके लोकसभा के सबसे बड़ी पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर इस बार भाजपा सत्ता में आई तो संविधान को बदल देगी। गरीब पिछड़े दलित समुदाय के मिले आरक्षण को समाप्त कर देगी। इसलिए देश एवं संविधान को बचाना है, तो भाजपा को दरकिनार कीजिए तथा इंडिया गठबंधन उम्मीदवार को जिताकर लोकसभा भेजें। जो भी भाजपा सरकार का विरोध करता है, उसे ईडी एवं सीबीआई के माध्यम से जेल भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार ने सोचा था कि हेमंत सोरेन को जेल भेज कर महागठबंधन को कमजोर करेंगे। परंतु उन्हें नहीं पता कि झारखंड का एक-एक बच्चा हेमंत सोरेन बनाकर उभरेगा।

### जेल के ताले की चाबी है आपके पास

कल्पना सोरेन ने कहा कि जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा, यह तभी सफल होगा, जब आप लोग अपना एक-एक मत रूपी चाबी देकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाएंगे। लोकतंत्र में आम जनता ही सबसे बड़ी एवं सबसे शक्तिशाली होती है। महागठबंधन के सांसदों को चुनाव जीतकर भेजें हेमंत सोरेन छूटेंगे।

### यह लड़ाई भाजपा बनाम जनता की है

कल्पना सोरेन ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव भाजपा बनाम आम जनता के बीच लड़ी जा रही है। जब झारखंड सरकार अपने राज्य के खनिज संसाधनों का रॉयल्टी केंद्र सरकार से मांगती है, तो पैसा तो नहीं दिया जा रहा ऊपर से झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। आम जनता को तय करना है कि उन्हें मान सम्मान के साथ रहना है या किसी तानाशाह के अधीन रहना है।

अभी तक हेमंत सोरेन पर आरोप भी तय नहीं हुआ है, परंतु उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं 50 से ज्यादा मामलों के आरोपी खुलेआम मंच से भाषण दे रहे हैं तथा चुनाव लड़ रहे हैं। क्या इसके लिए ईडी एवं सीबीआई नहीं है। यदि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो हर परिवार की एक महिला सदस्य को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। 6 माह के अंदर 30 लाख सरकारी नौकरी देकर बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। जुमलेबाजों की सरकार में किसानों की आय दुगनी तो नहीं हुई, परंतु उनके ऊपर गोली डंडे खूब चल रहे हैं। आप सभी मिलकर महागठबंधन को जिताइए। आपके सभी अधिकारों एवं मांग सम्मान की रक्षा की होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह एवं संचालन झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने किया।

जनसभा को बेरमो विधायक जय मंगल सिंह, अशोक मंडल, तारापदो धीवर, बृजेंद्र प्रसाद सिंह, डीएन प्रसाद यादव, मन्नू आलम, काजल चक्रवर्ती, विनोद सिंह, नीलम मिश्रा, मदन महतो आदि ने भी संबोधित किया।

### डबल इंजन की सरकार ने राशन कार्ड को किया डिलीट

कल्पना सोरेन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य के लाखों परिवारों का राशन कार्ड डिलीट करवा दिया। परंतु हेमंत सोरेन ने 20 लाख राशन कार्ड बनाकर कोरोना काल में लोगों को राशन देने का काम किया। कोरोना काल में दूसरे राज्यों में फंसे प्रवासी मजदूरों को हेमंत सोरेन ने हवाई जहाज से मंगवाने का काम किया। अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाई फुले, योजना के माध्यम से लोगों को लाभ दिलाने का काम किया।

### एक साल में दूर करूंगी पेयजल की समस्या : अनुपमा

जनसभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि पूरे धनबाद लोकसभा का सबसे बड़ा समस्या पेयजल है। यदि मैं चुनाव जीती तो 1 साल के अंदर लोकसभा में पेयजल की समस्या का समाधान करूंगी।

## स्पीड न्यूज

### ढुल्लू की पत्नी ने किया प्रचार



**जोड़ापोखर।** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने क्षेत्र में दौरा कर प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। भाजपा भागा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व सावित्री देवी ने फुसबंग्ला काली मंदिर के प्रांगण में जन समूह को आह्वान किया की मोदी जी के 400 पार के शंकल्प को पूरा करने के लिए धनबाद में भाजपा प्रत्याशी को को अपना मत दें।

### मतदान केंद्रों पर तंबाकुयुक्त पदार्थ पर रहेगी रोक : डीसी

**धनबाद।** खैनी, पान, बीड़ी, सिगरेट पीने वालों के लिए बुरी खबर है। मतदान के दिन जिले के सभी मतदान केंद्र या उसके आसपास इन मादक पदार्थो पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। तंबाकुयुक्त किसी भी चीज का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने इस आदेश का पालन सभी को करने का निर्देश दिया है।

### स्कूल यूनिफॉर्म एंड स्टेशनरी का हुआ उद्घाटन

**धनबाद।** प्रगति नर्सिंग होम स्थित नए यूनिफॉर्म एन स्टेशनरी का रविवार को उद्घाटन किया गया। इस दौरान दुकान के संचालक आमोद कुमार की पुत्री अनन्या कुमारी के हाथों फीता काट कर दुकान का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। वही दुकान के संचालक आमोद कुमार ने बताया कि दुकान में कार्मल स्कूल, डीनोबली स्कूल के अलाव लगभग सभी स्कूलों के ड्रेस के अलावे सभी तरह की वैरायटी उपलब्ध है। उन्होंने कहा की यूनिफॉर्म एंड स्टेशनरी खुलने से लोगो को काफी सुविधा होगी कही दूर नहीं जाना होगा हमारे दुकान में स्कूल से संबंधित सभी समान उपलब्ध है ।

### सूड़ी समाज को एससी में शामिल करने की मांग



**सिंदरी।** राष्ट्रीय सूड़ी समाज के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामू मंडल ने पश्चिम बंगाल की तर्ज पर झारखंड में भी सूड़ी समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की बात उठाई है। उन्होंने समाज के बुद्धिजीवियों से हक दिलाने वाले लोकसभा प्रत्याशी को अपना महत्वपूर्ण वोट देने की अपील की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पश्चिम बंगाल में सूड़ी समाज को एससी का दर्जा प्राप्त है। फिर झारखंड में क्यों नहीं। आजादी के 76 वर्ष बाद भी हमारे बच्चे मूलभूत अधिकारों से वंचित हैं।

## सिंदरी के व्यवसायी रघुवीर चौरसिया के निधन शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी शहरपुरा बाजार के पुराने व्यवसायी रघुवीर चौरसिया का 77 वर्ष की उम्र में अपने निवास स्थान एल 178 में रविवार को दोपहर 12 बजे निधन हो गया। बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे रघुवीर चौरसिया का अंतिम संस्कार सिंदरी के दामोदर नदी घाट पर किया गया। सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने पीछे तीन बेटों, दो बेटियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। शोक व्यक्त करने वालों में सिंदरी चेंबर के सचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया, दीपक चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, संदीप चौरसिया, मयूर चौरसिया, बासुकीनाथ सिंह, राजीव रंजन सिंह, दीपक चौरसिया, दीपक दे, सुमित सिंह, कृष्ण कुमार अग्रवाल, जितेंद्र साव, कृष्णा साव, श्रीराम दुबे, विनय सिंह, मनजीत सिंह उप्पल, भरत शर्मा, आशीष मुखर्जी, सुनील कुमार अग्रवाल, पवन शर्मा, बुधन राम, संजय अग्रवाल आदि मुख्य हैं।

## सिजुआ स्टेडियम में इंडिया गठबंधन की बैठक

## जलेश्वर ने मथुरा को वोट देने की अपील की



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** सिजुआ स्टेडियम में रविवार को गिरिडीह लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में आयोजित सभा में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने संविधान बचाने के लिए एवं गरीबों के सम्मान की रक्षा के लिए तथा गिरिडीह के विकास के लिए मथुरा प्रसाद महतो को वोट देने की अपील की। मौके पर मथुरा प्रसाद महतो ने कहा की केंद्र सरकार अडानी और अम्बानी की सरकार है देश के गरीब, किसान नौजवान से केंद्र सरकार को कोई लेना देना नहीं है। युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा की देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। नौजवान, किसान एवं गरीब वर्ग के लोग मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों का दंश झेल रही है। मौके पर जिला महासचिव माधव सिंह, बलराम महतो, हैदर अली, रंजीत पांडे, जियाउल हक, करमचंद बावरी, मेहमूद आलम, संजय सिंह, जनक लाल, दयाल एवं अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## अनूठे कार्यक्रमों से मतदाताओं को जागरूक की पहल

## रंग-बिरंगे 'हैप्पी स्ट्रीट' ने मोहा लोगों का मन





खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयला चल मुख्यालय में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिये किये जा रहे विविध कार्यक्रमों में आज सुबह-सुबह आयोजित हैप्पी स्ट्रीट ने लोगों का मन मोह लिया। नाना प्रकार की प्रतियोगिता के कारण यह आयोजन मार्निंग वाकरों के लिए भी आकर्षण का केंद्र रहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के मार्गदर्शन में रविवात को लोकसभा चुनाव के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया गया। यह अनूठा कार्यक्रम सुबह 5 बजे से 9 बजे तक चला। सुबह पांच बजे से लुबी सर्कुलर रोड में डांस व बैंड की धुन से हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान योगा, कराटे, बच्चों के लिए कंपटीशन, डांस, गीत, संगीत के अलावा स्केटिंग, थ्री डी पेंटिंग और जादू का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इन कार्यक्रमों के मध्यम से धनबादवासियों से 25 मई को वोट करने की अपील की गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, एसमपीओ सुश्री विनीता कुमारी, जिला आइकॉन

## मिशन एयरपोर्ट समूह ने लिया प्रत्याशियों को मांग पत्र सौंपने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मिशन एयरपोर्ट समूह की रविवार को लुबी सर्कुलर रोड के एक शैक्षणिक संस्थान में बैठक हुई। जिले के सभी प्रत्याशियों को मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया। प्रमुख मांगो में जो सांसद बने वो सभी से मांग पत्र ले और 6 महीने बाद जनता दरबार लगाकर समीक्षा बैठक आयोजित करें, रोजगार सृजन के लिए, प्रदूषण नियंत्रण के लिए, एयरपोर्ट बनाने का निर्णय ले, धनबाद को विकसित शहर बनाने का काम करे। समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चे, नवजवान, बुजर्गो ने मिलकर यह मांग पत्र तैयार किया है। जनता को वोट करने के साथ जन प्रतिनिधियों से काम कराने का भी पूरा हक है। इसी मिशन के साथ सभी प्रत्याशियों को यह मांग पत्र दिया जाएगा। ताकि इनमें से जितने वाला उम्मीदवार धनबाद के बेहतर विकास के लिए काम कर सके। अध्यक्षता अमरेंद्र कुमार झा ने की। संचालन गोपाल सिंह ने किया। बैठक में दिलीप सिंह, अनिल कुमार जैन, नीरज कुमार, डाक्टर दिलीप कुमार, अकलख अहमद, अशोक चौधरी, सुनील सिंह, रवि केशरी, धीरज रवानी, आलोक चटर्जी वीरू सिंह उपस्थित थे।

## वोट बहिष्कार के नारे के बाद हरकत में आया प्रशासन

# वोट बहिष्कार से तटस्थ रहेंगे : सिंदरी बस्तीवासी

खबर मन्त्र संवाददाता





**सिंदरी।** सिंदरी बस्ती वासियों के विस्थापित, पुनर्वास, रोजगार सहित कई मुद्दों को लेकर लगातार प्रयास और लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार के बाद झरिया अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद की अध्यक्षता में रविवार को दुर्गा मंदिर में बैठक हुई। बैठक में सिंदरी बस्ती के 3400 महिला-पुरुष और नये मतदाता उपस्थित होकर झरिया सीओ को माँगपत्र सौंपा। हालांकि बस्ती वासियों ने वोट बहिष्कार से तटस्थ रहने की बात कही।

झरिया अंचलाधिकारी ने बस्ती वासियों को मतदान करने की अपील कर आश्वासन देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषणा के दिन 4 जून के बाद सभी समस्याओं पर सिंदरी बस्ती के वासियों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी वार्ता करने आएँगे। सरकारी नियमों के अनुसार जाति प्रमाणपत्र बनाया जाएगा। पेंशन की समस्या को लेकर कहा कि झरिया अंचल से इस समस्या को हल कर लिया जाएगा। हर्ल सिंदरी में रोजगार और जलापूर्ति की समस्या के लिए प्रबंधन से द्विपक्षीय वार्ता की जाएगी। भूमि अधिग्रहण की समस्या विकराल है, फिर भी मेरी ओर से सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास, स्कूल की समस्या और सीएसआर की समस्याओं को भी जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को बताई जाएँगी। बस्ती वासियों ने कहा कि सिंदरी बस्ती वासियों को जमीन का मालिकाना हक मिलना चाहिए। बस्ती में स्थापित तीन पंप हाउस से शहर और फैक्ट्री को जलापूर्ति होती है। परंतु बस्ती में जलापूर्ति की समस्या व्याप्त है। उन्हें विस्थापित प्रमाण पत्र नहीं प्राप्त होने के कारण सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।

बताते चलें कि 10 मई को अपने हक अधिकार के लिए बैठक कर मतदान करने पर जल्द निर्णय को लेकर बैठक किया गया था। विगत 14 मई को वोट बहिष्कार का निर्णय लिया गया और इस संदेश के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। 17 मई को बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा और सिंदरी थाना प्रभारी शैलेश कुमार पाण्डेय ने ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की थी।

## एक नजर में

### बीसीसीएल द्वारा तालाब काटे जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**कतरास।** बीसीसीएल द्वारा कतरास केसलपुर कुम्हार टोला के तालाब को काटे जाने पर आसपास रह रहे ग्रामीण कुम्हारों ने विरोध जताया है। मामले में मासस नेता हलधर महतो ने इसे गरीब कुम्हारों के हित के खिलाफ बताते हुए मामले में उचित जांच की मांग की है। उक्त तालाब के पानी से अपनी आजीविका चला रहे आसपास के कुम्हारों का यह कहना है की वे लोग वर्षो से इस तालाब का पानी उपयोग कर मिट्टी के बर्तन बनाकर अपने परिवारजनों का पेट पाल रहे हैं परन्तु बीसीसीएल द्वारा तालाब को काटे जाने से उनलोगो को परिवार चलाने में घोर आफत आ गई है।

### स्वर्गीय विनोद बाबू के नीति सिद्धांत पर चलने वाले नेता को वोट देने की अपील

**तोपचांची।** रविवार को तोपचांची क्षेत्र में आजसू नेताओ ने विभिन्न पंचायत का दौरा किया गया। रविवार को दुमदुमी तोपचांची, मदैयडीह, तातंरी, रामाकुंडा गांवो में एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी के पक्ष में वोट करने की अपील की गई। इस दौरान आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि यह चुनाव राष्ट्र हित में है, इसलिए देश को सुरक्षित हाथों में रखना है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुने। उन्होंने कहा कि मुखिया,सरपंच,जिला परिषद का चुनाव नहीं है। गिरिडीह लोकसभा स्वर्गीय विनोद बाबू का कर्म क्षेत्र रहा है,स्वर्गीय विनोद बाबू के नीति सिद्धांत पर चलने वाले नेता श्री सीपी चौधरी को ही वोट करेंगे। मौके पर सरयू प्रसाद महतो, मनोज महतो, मंटू ठाकुर, चंदन शर्मा, महेंद्र महतो, उमेश महतो, रमेश जायसवाल, अमर धीवर, विष्णु धीवर, दामोदर साव, रंजीत मोदक, पूजा देवी, मोनी देवी, मीना देवी, संगीता देवी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के आदेश पर ही खुलेगा एक्सटेंशन काउंटर



**धनबाद।** धनबाद सिविल कोर्ट से हाई कोर्ट में बहस करने या यहां से केस फाइल करने के लिये एक्सटेंशन कांउटर बनाने की व्यवस्था तब तक बहाल नहीं होगी जब तक की हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट इस पर कोई आदेश पारित न कर दे। सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेश होने पर ही जैसा आदेश होगा वैसी व्यवस्था की जाएगी। उक्त बातें रविवार को मीडिया से बात करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि शनिवार 18 मई 24 को हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के आदेश पर ही जिला अदालत में व्यवस्था बहाल होगी परंतु उनकी इन बातों को दूसरे अर्थ मे समझ लिया गया अभी वर्तमान में ऐसी कोई योजना नहीं है।

### झामुमो विधायक ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में वोट की अपील



**धनबाद।** झामुमो के भवनाथपुर विधायक दीपक प्रताप देव ने रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। यहांन एक प्रेस वार्ता उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की छवि उसकी व्यवहार और कार्यशैली को बताने के लिए पर्याप्त है।उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले न्यायालय में चल रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी एक ऐसी महिला है जो बिल्कुल साफ सुथरी छवि तथा शैक्षणिक रूप से भी योग्य है।अब धनबाद की जनता को निर्णय लेना है कि वह इस संसदीय क्षेत्र से किसे जीत दिलाना चाहती है।

### मासस प्रत्याशी की जीत के लिए जनसंपर्क

**मैथन।** मासस कार्यकताओं ने लोकसभा सभा प्रत्याशी जगदीश रवानी की जीत सुनिश्चित को लेकर निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में रविवार को एगारकुण्ड प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यकताओं ने मुगमा, कापासारा गांव, हिड़बांध, महुलबगान कोलोनी, जामबनी, सीयालकनाली, गलफरबाड़ी, नकड़ाकनाली, पाथरचाली, निमडंगाल गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से 25 मई को 15 नंबर पर कैंची छाप पर बंटन दबा कर जगदीश रवानी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर जिला परिषद सदस्य बादलचन्द्र बाउरी, रोशन मिश्रा, रामजी यादव, शंकर सिंह, धर्मेन्द्र साव, कृष्णा यादव, दिनेश हाड़ी, राजेश यादव, राजू चटर्जी, राजेन्द्र यादव, अशोक शर्मा, राहुल मिश्रा, अर्जुन बाउरी, अरुण बाउरी,लव बाउरी, ललित पासवान, सोमीक सेन, संतोष पालित, दीनानाथ मरांडी, राजू पोल, राहुल चौहान, अंजू चटर्जी, जमुना रूहीदास, शिवानी दास, आशा कुंभकार, ज्योती श्रीवास्तव, इंदु देवी आदि मासस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**गोविंदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच गोविन्दपुर ने रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। मंच ने लोगों के बीच पर्चा वितरित किया। इसमें लिखा है कि एक हो या एक करोड़ हर एक वोट से फर्क पड़ता है। गोविन्दपुर बाजार के विभिन्न चौक, दुकान, अपार्टमेंट एवं मोहल्ला में पोस्टर लगाकर सभी युवा, बुजुर्गों एवं लोगो से अपील की गयी है कि अपने मत का प्रयोग जरूर करे। मंच का यह अभियान मतदान के पूर्व दिन तक चलेगा। कार्यक्रम मे मंच अध्यक्ष विवेक लोधा, सचिव शैलेश बंसल, कोषाध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, कुणाल केजरीवाल आदि शामिल थे।

### जोड़ापोखर में तीन आवासों में चोरी

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर एक नंबर में शनिवार की रात तीन टाटा कर्मी के आवास की चहारदीवारी फांद कर अज्ञात चोरों ने एक लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है। आफताब खान ने बताया कि सपरिवार घर में सोए हुए थे गर्मी के कारण कमरे का दरवाजा खुला हुआ था तभी अज्ञात चोर द्वारा टेबुल पर रखा 13 हजार रुपये मूल्य का एनराइड सेट मोबाइल चोरी कर लिया गया। गुडडू खान ने बताया कि घर मे रात्रि में परिजन सोए हुए थे तभी अज्ञात चोर द्वारा टेबुल पर रखा 30 हजार रुपये का एनराइड सेट मोबाइल व पॉकेट से 5 हजार रुपए चुरा कर ले गए। पीड़िता राजू कुमार भुइयां ने बताया कि परिवार मैके गई हुई थी हम भी रात्रि पाली में कार्य पर गए हुए थे तभी अज्ञात चोरों द्वारा घर मे लगा ताला तोड़कर 16 हजार रुपये का एक एनराइड सेट मोबाइल, 30 हजार मूल्य का वीडियो कैमरा चुरा लिया।

### बुबाई दत्ता तथा दुलाल चंद्रा के नेतृत्व मे सैकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**गोविंदपुर।** बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के प्रदेश सदस्य सह गोविंदपुर के पंसस बुबाई दत्ता तथा मासस युवा मोर्चा के अध्यक्ष दुलाल चंद्रा के नेतृत्व मे सैकड़ो लोगों ने रविवार को चिटाहीधाम में विधायक एवं प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री महतो ने कहा कि इससे भाजपा और मजबूत होगी। श्री दत्ता एवं श्री चंद्रा ने कहा कि ढुलू महतो के नेतृत्व में पूरे धनबाद में संगठन सशक्त होगा। मासस का दामन छोड़ भाजपा मे शामिल होने वालों में राजेश पॉल, रतन चंद्रा, बीरबल चंद्रा, गोपी दत्ता, बादल कुम्भकार, समीर चंद्रा, मेघनाथ दत्ता, भास्कर दत्ता, संजीव दत्ता, पप्पू दत्ता, पल्लव राय, सुशील दास, विजय रविदास, मनोज बाउरी, बिनोद शर्मा, मनोज सिंह, महाबीर चंद्रा, अमरनाथ चंद्रा, आकाश पाल, मनोज पाल, डब्लू पाल, विकाश पाल, संजय पाल, सुबल चंद्रा, आशीष चंद्रा, विकाश दत्ता, मिठू दत्ता, लीलू साधु, तपन दत्ता, सुबल लायक, मिठू लायक, बिकाश सिंह, संजय सिंह आदि शामिल थे।

## युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने का लिया संकल्प

# कार्यकर्ता दोगुनी ताकत के साथ एक बार फिर भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे : डॉ प्रदीप वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता





**दुमका।** भाजपा युवा मोर्चा की बैठक प्रधान चुनाव कार्यालय में रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कहा आज जो नवजवान पार्टी से जुड़कर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं, वही भविष्य की भाजपा है। यही नवजवान आगे चलकर पार्टी का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव में युवा मोर्चा कार्यकर्ता दोगुनी ताकत के साथ फिर एक बार भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित करेंगे, इसका विश्वास है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए देश को एक सशक्त नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में मिला है। पीएम मोदी सच्चे अर्थों में गरीबों के मसीहा हैं। आज हमारा देश जिस तेजी के साथ हर क्षेत्र में अग्रसर है, विकास के स्वर्णिम अध्याय लिखे जा रहे हैं। गरीबों का उत्थान हो रहा है। संस्कृत वैभव बढ़ रहा है और विदेश में भी भारत की गूंज हो रही है। यह सब महत्वपूर्ण कार्य युवाओं एवं ग्रामीण के बीच में अधिक से अधिक पहुंचे इसकी जिम्मेदारी युवा मोर्चा के कंधों पर है। बैठक में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा देश भर में भाजपा की सरकार को तीसरी बार जीत दिलवाने के लिए कमर कस चुकी है। युवा मोर्चा गांव में चौपाल लगाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंच रही है। वहीं राज्य की झामुमो सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि झामुमो सरकार ने केवल युवाओं को ठगने का कार्य किया है, आज झारखंड राज्य में युवा बेरोजगार हैं। इसका जवाब युवा वर्ग इस लोकसभा चुनाव में देगा और भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने में युवा मोर्चा की अहम भूमिका रहेगी। कार्यकर्ता प्रत्येक मंडलों में बाइक रैली एवं चौपाल लगाकर जनता को केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को बताएंगे। लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कार्यकर्ताओं को जोश के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर अपने पक्ष में वोट जीत सुनिष्चित कराने का आग्रह की। बैठक का संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमन राज एवं धन्यवाद ज्ञापन अनूप पांडे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, दुमका लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लुईस मरांडी, प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे, जिला अध्यक्ष गौरवकांत, अविनाश सोरेन, अमन हरि साधन मंडल, चंदन रावत, मनीष कुमार, दर्शन हेंब्रम, बासुदेव झा, मणिलाल गिरी, अविनाश मंडल, गोपीनाथ दत्ता आदि मौजूद रहे।

## देश की जनता को सिर्फ मोदी पर ही भरोसा : पंकज पाण्डेय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के गोमिया विधानसभा के प्रभारी सह गोमिया प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकताओं की बैठक हुई। इस बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे बैठक में पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गिरिडीह लोकसभा के गोमिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र में साधन जनसंपर्क करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां का वर्णन करते हुए एनडीए सरकार मे ही देश का भविष्य एवं मान सम्मान सुरक्षित होने का दवा किया जा रहा है साथ ही बताया जा रहा है कि नेतृत्व विहीन एवं दिशाविहीन विपक्ष के गठबंधन का कोई वजूद नहीं है। सारी पार्टियों एवं नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है। नरेंद्र मोदी साफ छवि एवं कुशल नेतृत्व करने वाले नेता है इसलिए उनके हाथों को मजबूत करते हुए गिरिडीह के एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी को भारी से भारी बहुमत से जितना है। मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ने किया मंडल कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**उधवा।** राजमहल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उधवा मण्डल में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा और मंडल अध्यक्ष प्रताप राय ने किया। मण्डल चुनाव कार्यालय पूर्वी उधवा पंचायत के सिनेमाघर के पास खुला हैं। इसका विधिवत उद्घाटन रविवार को पूजा अर्चना करके किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। विधायक ने कहा कि एक श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिए पूरे मनोयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चार सौ से अधिक सीट जीतकर फिर एक बार केंद्र में मोदी सरकार बनने जा रही हैं, राजमहल लोकसभा में भी इस बार निश्चित ही कार्यकत्ताओं के मेहनत और लगन से कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्वाद के रूप में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रभु श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बनाकर ये संदेश दिया है कि भारतीय संस्कृति के क्षेत्र में हमने अपनी वैभवशाली परंपरा को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है। कहा कि मण्डल कार्यालय के माध्यम हम लोगों को सभी से संपर्क और संवाद स्थापित करना है और हर वोट को भाजपा के पक्ष में करना है। उन्होंने बताया कि जिन चीजों का निर्णय लेने में अन्य पार्टियां सिर्फ वादे करती थी उनको प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विकसित भारत का संकल्प, धारा 370 महिला सशक्तिकरण, किसानों की आर्थिक स्थिति गरीबों का उत्थान, नौजवानों को रोजगार और भगवान रामलला का भव्य मंदिर इन सभी मुद्दों को भाजपा ने पूरा करके दिखाया है। चुनाव के इस समर में कार्यकताओं को अपनी पूरी ताकत झोंकनी पड़ेगी। हमने जो लक्ष्य तय किए हैं, उन्हें गारंटी केसाथ पूरा करेंगे। सबको समानता का अधिकार देने का कार्य हमारी पार्टी ने किया है। साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल और फरक्का से मिजाचौकी तक फोरलेन का काम भी प्रधानमंत्री मोदी ने करने का काम किया हैं.साहेबगंज और राजमहल स्टेशन का सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा हैं आने वाले दिनों में राजमहल मानिकचक गंगा पुल का भी निर्माण भी होगा। इस अवसर पर रहे इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रताप राय, विधानसभा संयोजक कार्तिक साह, ओबीसी मोर्चा ज़िलाअध्यक्ष धनंजय मण्डल, युवा मोर्चा ज़िला मंत्री देवाशीष मालाकार, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील प्रामाणिक, काजू मालिक, मधु मण्डल, मनोज भगत, विक्रम सरकार, मण्डल महामंत्री विजय मंडल, हीरामन पासवान सहित वरिष्ठ नेता सुबोल रविदास, विश्वजीत मण्डल, आसित दास, मो आरिफ व अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता रहे।

## मथुरा महतो के पक्ष में जनसंपर्क व नुक्कड़ सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/फुसरो।** इंडिया गठबंधन के गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में झामुमो फुसरो नगर समिति के द्वारा फुसरो नप के वार्ड नंबर 6 के ताराबेड़ा और बंदूकबेडा में जनसंपर्क अभियान व नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक महतो ने किया। यहाँ नगर अध्यक्ष दीपक महतो व युवा नेता भोलु खान ने राज्य के विकास के लिए समर्थन देने की अपील की. कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों को साथ धोखा दे रही है. कहा कि झारखंड में विकास कार्य धीमा न पडे। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक रहना होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में झारखंड में कई कार्य हुए हैं और कई योजनाएं अभी संचालित हैं। इन अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए मतदाताओं के सहयोग की जरूरत है। मतदाताओं से अपील की है कि वह हेमंत सोरेन व चंपाई सोरेन को मजबूत करने के लिए गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से मथुरा महतो का समर्थन करें। मौके पर फुसरो नगर कोषाध्यक्ष मोहशिन रजा, उपाध्यक्ष टीकू महतो, महताब खान, सुरेश राम, कालीचरण टुडू, दीपक गुप्ता, हर्ष कुमार, गोल्डन सिद्धिकी, जितेंद्र नायक, प्रकाश नायक, जानी, रोहित महतो, सुखदेव तुरी, मदन रवानी, उमेश तुरी, गौतम कुमार, गुड्डू यादव आदि लोग मौजूद थे।

## माकपा ने मथुरा महतो के पक्ष में किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** माकपा कसमार लोकल कमेटी के सचिव शकूर अंसारी के नेतृत्व में ठाकुर पोंडा सिरकीटॉड़ कमलापुर एंव तेलमुंगा गावों में इंडिया गठबंधन के गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से तीर धनुष छाप में बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजई बनाने की अपील किया गया। कामरेड शकूर अंसारी ने संविधान और लोकतंत्र की रक्छा के लिए देश में तरक्की और तानाशाही से मुक्ति के लिए रोजगार शिक्षा और किसानों के आय को दोगुना करने के लिए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद से प्रश्न किया जाना चाहिए और उनसे पांच साल का लेखा जोखा मांगना चाहिए। जनसंपर्क अभियान में उमा शंकर महाराज ऐनुल अंसारी इरफान अंसारी मुमताज अंसारी सरीफ अंसारी प्रेमचंद घांसी पवन पांडेय मिन्हाज राय बिनोद चन्द्र मुखर्जी सगीर अहमद सलीम साह साहबान अंसारी इमामुल हुसैन महावीर कपरदार आदि शामिल रहे।

## कटका का सोलर जलमीनार हुआ दुरूस्त, ग्रामीण करेंगे मतदान



**बोकारो।** चास प्रखंड अंतर्गत करहरिया पंचायत के कटका गांव में स्थापित सोलर जल मीनार के खराब होने के कारण ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार करने का मामला प्रकाश में आने के बाद डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव ने संज्ञान लेते हुए बीडीओ चास को त्वरित समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। इसी आलोक में बीडीओ चास प्रदीप कुमार ने स्वयं गांव पहुंचकर ग्रामीणों से जलमीनार की समस्या की जानकारी ली और मरम्मति को लेकर टीम बुलाकर सभी जलमीनारों को दुरूस्त करवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन द्वारा मामले पर त्वरित संज्ञान लेने को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशसान ने उनकी समस्या दूर की है इसलिए वे वोट बहिष्कार नहीं करेंगे और वह सभी अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे वोट करेंगे। वहीं बीडीओ चास ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनसे आगामी मतदान दिवस 25 मई 2024 को स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

## चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में राजभाषा प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के शहीद तिलका मांझी अस्पताल के सम्मेलन कक्ष में आयोजित राजभाषा प्रतियोगिता के दौरान राजभाषा का प्रचार प्रसार तथा राजभाषा अनुपालन के क्रम में विभागाध्यक्ष कार्यालय प्रधान तथा नोडल अधिकारियों की बैठक में वरिष्ठ जीएम सह परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर के निदेर्शानुसार डॉ पीके घोष डीजीएम डॉ एके श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रबंधक रवि कुमार सिन्हा सहायक हिन्दी अधिकारी संजीव कुमार बसंत महापात्र नोडल अधिकारी राजभाषा की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्देश्य डॉक्टर नर्स अधिकारियों तथा कर्मचारियों के बीच कार्यालयीन कार्य में हिन्दी का अधिक से अधिक व्यवहार करना रहा। रवि कुमार सिन्हा सहायक हिन्दी अधिकारी ने राजभाषा के बारे में संक्षिप्त प्रकाश डाला। साथ ही दैनंदिन कार्य में हिन्दी का प्रयोग बिना किसी संकोच के करने की सलाह दी। कार्यक्रम को डॉ पीके घोष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बसंत महापात्रा ने किया।

## चेकपोस्ट पर चेकिंग कर एसडीओ व एसडीपीओ ने दिया आवश्यक निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड के पड़ोसी राज्य बिहार की सीमाओं को छूती खटनाई चेकपोस्ट जो झारखंड में लोक सभा आम चुनाव को लेकर वाहनों और यात्रियों की गहन चेकिंग की जा रही है। झारखंड और बिहार के इस बॉर्डर से प्रतिदिन लाखों यात्री बिहार राज्य में प्रवेश करते हैं और ये चेकपोस्ट सबसे व्यस्त चेकपोस्ट है जो रात दिन यात्री इससे गुजरते हैं झारखंड और बिहार के मध्य एक चीड़ नदी बहती है जो दोनो राज्यों की सीमाओं के मध्य बिहार की सीमा में ही बहती है ।दोपहिया चारपहिया बस ऑटो रिक्शा हाइवा ट्रकों का आवागमन इस चेक पोस्ट से गुजरते हैं मादक पदार्थों की तस्करी से लेकर अपराधियों द्वारा भी इस रास्ते का सबसे ज्यादा उपयोग किया जाता रहा है। आज आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर शांति के साथ निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव संपन्न कराने को लेकर गोड्डा एसडीओ बैद्यनाथ उराव के साथ एसडीपीओ गोड्डा जेपी एन चौधरी ने चेक पोस्ट का गहन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## मिथिला महिला समिति द्वारा जानकी नवमी के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद बोकारो की मिथिला महिला समिति द्वारा जानकी नवमी के उपलक्ष्य में मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 के सभागार में आयोजित सांस्कृतिक समारोह का उद्घाटन समाजसेविका नीना नारायण कुमुद कुमारी किरण मिश्रा पुष्पा कर्ण मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा व सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी ने किया। अध्यक्ष सीमा झा ने आदर्श नारी के रूप में सीता जी के व्यक्तित्व को सभी के लिए अनुकरणीय बताया। महासचिव नीरज चौधरी ने जानकी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीता जी का चरित्र नारी भावना का चरमोत्कृष्ट उदाहरण तथा समस्त नारी जाति के लिए अनुकरणीय है। मुख्य अतिथि नीना नारायण माता सीता को नारी जाति का गौरव बताया। कार्यक्रम की शुरूआत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना के समवेत गायन से हुई। बीनू चौधरी मधुबाला झा वंदना झा प्रेरणा रुचि बिनीता जूली बबीता झा कुमकुम झा ने मिथिला गीत पर मनोहारी नृत्य की प्रस्तुति की। किरण मिश्रा अमिता झा व समूह ने लोक गीत भारती झा ने एकल गीत आशा झा किरण मिश्रा पूनम झा नमिता झा व आशा पाठक ने भगवती गीत एवं बाल सीता की भूमिका में मुग्धा ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबकी वाहवाही ली। अरुण पाठक ने एवं नीलम झा कंचन झा नमिता झा ने माता सीता के जीवन पर केंद्रित काव्य पाठ प्रस्तुत किया। मंच संचालन कमला झा और कंचन झा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन बीनू चौधरी ने किया। मौके पर परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा अविनाश कुमार झा महासचिव नीरज चौधरी मिहिर मोहन ठाकुर प्रमोद कुमार झा चंदन प्रभात कुमार झा सहित अनिल कुमार कर्ण राजेन्द्र कुमार बहुरन झा सुनील मोहन ठाकुर प्रदीप कुमार झा गणेश झा मुन्ना जी प्रदीप झा अनिल कुमार झा एलके झा शीला मिश्रा सविता मिश्रा बीणा झा जयंती पाठक अलका झा प्रीति प्रिया पिंकी झा किरण झा नंदा रीता चंदा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### डीजी वाहन से मधुपुर के घायल व्यक्ति की मौत

**दुमका।** देवघर जिले के पालोजोरी थाना क्षेत्र के कैराबनी मोड़ के समीप शनिवार की देर शाम डीजे वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 55 अधेड़ विनोद तूरी गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए फुलो-झानो मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं घायल बाइक चालक महेंद्र तूरी का इलाज चल रहा है। दोनों आपस में चाचा भतीजा हैं। रविवार को बेटे चंदन तूरी का बयान दर्ज कर नगर थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के भेरवा नवाडीह निवासी बेटे ने बताया कि महेंद्र तूरी की चौकीदार पर नौकरी होने वाली थी। कुछ कागजात के लिए रिश्ते के चाचा के साथ दुमका आ रहे थे। मोड़ के समीप डीजे वाहन ने ठोकर मारा और मौके से फरार हो गया। इलाज से पहले पिता की मौत हो गई। वहीं चाचा का इलाज चल रहा है।

### मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज के इग्नू केंद्र के समन्वयक बनाए गए प्रो गजेंद, उद्घाटन होगा आज

**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का अध्यन केन्द्र-87019 की स्वीकृति मिल गया है। कॉलेज में इग्नू अध्यन केन्द्र का उद्घाटन 20 मई को कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह करेंगे। रीजनल सेंटर देवघर के डिप्टी डायरेक्टर डॉ सरोज मिश्रा के अनुरोध पर सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति उद्घाटन के लिए अपनी सहमति प्रदान दी है। इग्नू अध्यन केन्द्र समन्वयक के लिए वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो गजेन्द्र कुमार सिंह को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति द्वारा नियुक्त किया गया है। प्रो गजेन्द्र सिंह कॉलेज में स्थापना काल से ही कॉलेज के विकास में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कॉलेज में इग्नू केंद्र खुलवाने में प्रो गजेंद्र सिंह का अहम भूमिका रही है।

### सड़क हादसें में बाइक सवार अधेड़ समेत दो की मौत

**दुमका।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में दो सड़क हादसों में बाइक सवार अधेड़ समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल गया है। एक सड़क हादसा शनिवार को देर रात में हुई। जबकि दूसरी सड़क हादसा रविवार को अहले सुबह में हुई। घायल युवक का फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिले के जामा और नगर थाना की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। रविवार की सुबह जामा के असंथर गांव के समीप सड़क किनारे लगे लोहे की बेरिकेडिंग से टकराकर 30 वर्षीय बाइक चालक धनेश्वर कापरी की मौत हो गई। एंबुलेंस की मदद से शव को अस्पताल लाया गया। लेकिन पहचान नहीं होने की वजह पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका। दोपहर बाद थाना प्रभारी अजीत कुमार ने मृतक की बाइक को देखा, लेकिन नंबर प्लेट नहीं होने के कारण कुछ पता नहीं चल सका। बाद में इंजन के चेचिस नंबर से पता चला कि मृतक धनेश्वर जरमुंडी के काशीपाड़ा का रहने वाला था। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पास से ऐसा कुछ नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो पाती। चेचिस नंबर से उसके बारे में पता चला। परिजन ने अस्पताल आकर शव की शिनाख्त की। पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप कर दिया गया।

### मैं बाहरी-भीतरी का बात नहीं करता हूँ : जयराम



**बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के जेबीकेएसएस प्रत्याशी जयराम महतो ने रविवार को करगली गेट स्थित बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में चुनावी महासभा का आयोजन किया। यहां हजारो की संख्या में महिला- पुरुष युवा की भीड़ उमड़ पड़ी। इस महासभा मे गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इतना भीड़ बता रहा है कि जनता का पूरा आशिर्वाद मुझे मिल रहा है। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी खुद यहाँ से सांसद है और पत्नी को रामगढ़ से विधायक बनाया। वहीं बेरमो विधायक अपनी पत्नी को धनबाद से चुनाव लड़ा रहे है। सब इन्हीं के परिवार को चाहिए। मैं बाहरी-भीतरी का बात नहीं करता हूँ। मै सामाजिक बात करता हूँ। हमारी लड़ाई किसी अन्य राज्यवासी से नहीं है। हमारा मांग सिर्फ खतियान के आधार पर स्थानीय नीति होना चाहिए। इसके पूर्व जयराम महतो ने फुसरो बाजार मे रोड शो किया। रोड शो में मोर्चा के नेता कमलेश महतो के साथ सैकड़ो की संख्या में युवा बाईक के साथ शामिल हुए। इस दौरान समर्थकों द्वारा जमकर जयराम महतो द्वारा नारे भी लगाएं जा रहे थे। समर्थकों के उत्साह ने जयराम महतो के जोश को हाई रखे हुए था। एक-एक युवाओं में जयराम महतो को लेकर जोश तो हाई था।

### बीएसएल का ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर आरंभ



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लान्ट के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर 2024 का उद्घाटन एमकेएम स्टेडियम में सीजीएम नगर सेवाएँ कुंदन कुमार ने जीएम सीआरके सुधांशु एके अविनाश डीजीएम अनुपम शी एजीएम एस रजक समेत अन्य वरीय अधिकारी विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक मीडिया कर्मी बच्चे तथा अभिभावकों की उपस्थिति में किया। उद्घाटन के पश्चात श्री रजक ने बच्चों तथा अभिभावकों को 3 जून तक चलने वाली इस शिविर के विषय में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए लगभग 309 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है। बच्चों को 12 अलग अलग खेलों के प्रशिक्षकों द्वारा शिविर के दौरान प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन खेलों में एथलेटिक्स बैडमिन्टन बास्केटबाल क्रिकेट फुटबाल हैंडबाल हॉकी कबड्डी खोखो वालीबाल शतरंज एवं तीरंदाजी शामिल हैं। इन खेलों के प्रशिक्षण अलग अलग स्थानों पर दिए जाएंगे जहां समुचित सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

### बोकारो स्टील के विभिन्न पुरस्कार विजेताओं को किया गया सम्मानित

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में आयोजित एक सम्मान समारोह में संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने विभिन्न प्रतिष्ठित स्पधाओं में विजेता रहे बीएसएल के टीम के सदस्यों को ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रंगानी राजन प्रसाद जयदीप दासगुप्ता सहित सीजीएम व अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया। समारोह के दौरान चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स में रनर अप रहे सीआरएम3 के चनद्रशेखर कुमार एवं शशांक शेखर तथा एचएसएम के टी केदारनाथ की टीम टाटा क्रूसिबल बिजनेस क्विज में रनर अप रहे एसआईजीएस विभाग के जे इमाम स्कोप बिजनेस क्विज में रनर अप रहे गैस यूटिलिटी विभाग के एस डब्ल्यू किस्पोट्टा एवं ईडी संकार्य कार्यालय के आनंद राज की टीम तथा थर्ड रनर अप रहे एचएसएम के डी चौधरी तथा क्रय विभाग के राजीव गौतम की टीम अधिशासियों के लिए आयोजित सक्षम क्विज में सेकेंड रनर अप रहे ईआरएस विभाग के शुभम वर्मा एवं एचएसएम के राहुल रंजन पंडा की टीम अनधिशासियों के लिए आयोजित सामर्थ क्विज में विजेता रहे डीएनडब्ल्यू विभाग के दुर्गा प्रसाद एवं नयन चक्रवर्ती की टीम सीआईआई मैन्युफैक्चरिंग क्विज अन्वेष में विजेता रहे बीएसएल के एचएसएम विभाग के राहुल रंजन पंडा एवं भिलाई स्टील प्लांट के ऊर्जा प्रबंधन विभाग के ए अली की टीम शामिल थे। इनके अलावा ओडिशा स्टेट प्रोडक्टिविटी अवार्ड 2023 में बीएसएल ने सर्वाधिक पांच पुरस्कार जीते हैं जिनमें सीआरएम 3 के परिचय भट्टाचार्य एवं प्रशांत कुमार सिंह की टीम को प्लैटिनम अवार्ड जबकि कोक ओवन के आरएन प्रधान तथा जे कुमार की टीम एसएमएस 2 के रजनीकांत एवं राजकुमार चौहान की टीम ऊर्जा प्रबंधन विभाग के बी तिर्की एवं सौरभ सिंह तथा कैपिटल रिपेयर के विपिन कुमार वर्मा एवं अमित चौधरी को गोल्ड अवार्ड प्राप्त हुआ। इन सभी को निदेशक प्रभारी व अधिशासी निदेशकों ने सम्मानित किया।

# वैश्विक विकास दर

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है। संरा के ह्यवैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024 के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था इस वर्ष 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। जनवरी की रिपोर्ट में उसने इसके 2.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया, 2025 में 2.8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। 2024 की 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान 2023 में वृद्धि के बराबर है, हालांकि 2020 में कोविड-19 वैश्विक महामारी शुरू होने से पहले की तीन प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक विश्लेषण व नीति प्रभाग के निदेशक शांतनु मुखर्जी ने रिपोर्ट पेश करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा अनुमान महत्वपूर्ण चेतावनियों के साथ आशावाद से भरा है। रिपोर्ट में लंबी अवधि तक ऊंची ब्याज दरों, कर्ज चुकाने की चुनौतियों, जारी भू-राजनीतिक तनाव तथा खासकर दुनिया के सबसे गरीब देशों व छोटे द्वीप देशों के लिए जलवायु जोखिमों की ओर इशारा किया गया है। मुखर्जी ने कहा कि मुद्रास्फीति जो 2023 के अपने चरम से नीचे है वैश्विक अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित कमजोरी का एक कारक है। संयुक्त राष्ट्र के ताजा अनुमान के अनुसार, 2024 में अमेरिका में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जो वर्ष की शुरूआत में 1.4 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। चीन के लिए जनवरी में 4.7 प्रतिशत के मुकाबले 4.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। निश्चित ही वैश्विक गतिविधियों पर विशेषकर आर्थिक युद्ध और मंदी की छाया मंडरा रही है। इस स्थिति विगत साल की गति बनी हुई है यह उम्मीद जगा रहा है।

# कम मतदान ?

निश्चित रूप से मतदान प्रतिशत में कमी चुनाव आयोग के लिये भी मंथन का विषय होना चाहिए। अब तक हुए चार चरणों में हुए मतदान के प्रतिशत में पिछले आम चुनाव के मुकाबले कमी देखी गई है। इस कमी के रुझान ने सत्ता के आकांक्षी राजनीतिक दलों की नींद उड़ायी है। हालांकि, सत्ता पक्ष व विपक्ष मतदान में कमी की अपनी सुविधा से व्याख्या कर रहे हैं। सत्ता पक्ष के नेता कह रहे हैं कि वोट विपक्षी दलों के घटे हैं। वहीं विपक्ष इसकी व्याख्या सत्ता पक्ष से मोहभंग के रूप में कर रहा है। कुछ लोग मतदान में कमी की वजह गर्मी व प्रतिकूल मौसम को बता रहे हैं। तो कुछ लोग कह रहे हैं, जब पहले ही कहा जा रहा था कि अबकी बार फलां आंकड़ा पार तो फिर ज्यादा मतदान की क्या आवश्यकता है। बहरहाल, मतदान में कमी को राजनेताओं के प्रति घटते विश्वास के रूप में भी देखा जाना चाहिए। दरअसल, कथनी-करनी के फर्क से जनता राजनेताओं से इतनी खिन्न हो चुकी है कि वह नेताओं के वायदों-इरादों पर विश्वास करने से गुरेज करती है। राजनेताओं से मोहभंग होता जा रहा है। दरअसल, सत्ता केंद्रित राजनीति के चलते सत्ता के दंभ से लेकर दल-बदल और सरकारें बनाने-गिराने के खेल से देश का जनमानस व्यथित है। आये दिन लगने वाले आरोप-प्रत्यारोप व नकारात्मक राजनीतिक हथकंडों ने बार-बार जनता का मोह भंग ही किया है। एक राजनेता एक बार किसी दल से चुनाव लड़ता है और फिर पाला बदलकर दूसरे दल में चला जाता है, उससे क्या लोकतंत्र का भला होगा?भ्रष्टाचार अवसरवादिता, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के साथ ही विधि व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव न महसूस करने के कारण आमलोगों की उदासीनता बढ़ी है। चुनावी मुद्दें का असत्य प्रकटीकरण भी आम जनमानस को निराश कर रहा है। उम्मीद है आज पांचवें चरण में कुछ बेहतर स्थिति बनेगी।


# प्रधानमंत्री के रोड शो और सामाजिक समरसता



**भारतीय** जनता पार्टी के शीर्ष नेता, सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में सामाजिक समरसता का अनूठा दर्शन हो रहा है। वह वाराणसी से तीसरी बार उम्मीदवार हैं। परचा भरने से एक दिन पहले वाराणसी में भी प्रधानमंत्री ने रोड शो किया। रोड शो में उमड़ा जनसमुद्र काशी के चुनावी इतिहास में अद्भुत व अकल्पनीय रहा। वाराणसी के पूर्व ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लेकर बिहार की राजधानी पटना तक के रोड शो में जिस प्रकार की जन भावनाएं मोदी के प्रति देखने को मिलीं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि अबकी बार फिर मोदी सरकार ही बनने जा रही है । प्रधानमंत्री के रोड शो की सबसे बड़ी विशेषता सामाजिक समरसता है। इनमें नारी शक्ति का वंदन भी हो रहा है और एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन भी हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उनके समाजसेवा व भक्ति भाव के विविध रूपों के दर्शन भी हो रहे हैं। रोड शो के दौरान वह भीड़ में भी बच्चों को भी दुलार कर संदेश दे रहे हैं कि यह कल के निमार्ता हैं।

जहां कहीं भी प्रधानमंत्री का रोड शो होता है वहां से नया समीकरण सामने आ जाता है और विपक्ष हतप्रभ रह जाता है। उसे समझ में नहीं आता कि वह करे तो क्या करे। जब पटना में प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो निकल रहा था, उस समय उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे और लोगों के आश्चर्यचकित होने का ठिकाना उस समय नहीं रहा जब उन्होंने नीतीश कुमार के हाथ में कमल का फूल देखा अर्थात पटना के रोड शो में बिहार के मुख्यमंत्री के हाथ में उनकी अपनी पार्टी का चुनाव चिह्न न होकर कमल का फूल था जिसे लेकर अब बिहार की राजनीति में तरह-तरह के कयास लगने आरम्भ हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद बिहार का राजनीति किधर जाती है, नीतीश कुमार यह इशारा काफी है।

वाराणसी का रोड शो तो स्वाभाविक रूप से ही अद्भुत होना ही था। यहां मां गंगा के बेटे का रोड शो जो था। वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए और उन्हें देखने के लिए हर कोई बेताब था । अपने सांसद के लिए पूरा बनारसी जनसमुद्र उमड़ पड़ा। स्वागत में झांकियां सजायीं गईं। पुष्प वर्षा की गई। भगवा और तिरंगे लहराये। हर-हर महादेव और जय श्रीराम से आसमान



–मृत्युंजय दीक्षित

> जहां कहीं भी प्रधानमंत्री का रोड शो होता है वहां से नया समीकरण सामने आ जाता है और विपक्ष हतप्रभ रह जाता है। उसे समझ में नहीं आता कि वह करे तो क्या करे। जब पटना में प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो निकल रहा था, उस समय उनके साथ बिहार के सीएम के हाथों में कमल निशान था।

गुंजायमान कर दिया गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि सनातन का सूर्योदय हो चुका है बस उसका तिलक ही शेष रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पांच किलोमीटर लंबे रोड शो के माध्यम से सामाजिक, आध्यात्मिक व जातीय गुणा -गणित पूरी तरह से साध लिया है। वाराणसी की धरती पर यह लहर नहीं, सुनामी का आगाज है।

प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय राजग गठबंधन के सभी बड़े नेताओं की उपस्थिति रही। उत्तर से लेकर दक्षिण और पश्चिम से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों के सभी बड़े नेताओं का संगम दिखा। इनमें उल्लेखनीय रही बिहार की चर्चित चाचा-भतीजे की जोड़ी अर्थात चिराग पासवान व पशुपति पारस की उपस्थिति। वाराणसी में दोनों की उपस्थिति व आपसी केमेस्ट्री को देखकर बिहार की सियासत में विरोधी दलों के नेताओं को तनाव हो गया है। चाचा भतीजे की इस जोड़ी को लेकर मोदी विरोधी मीडिया में जो कयास लगाये जा रहे थे वे ध्वस्त हो गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चार प्रस्तावकों के माध्यम से भी सबका साथ का परिचय दिया। राम मंदिर का शुभ मुहूर्त में उद्घाटन करने वाले ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री, ओबीसी समाज के बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा तथा दलित समाज के संजय सोनकर उनके प्रस्तावक हैं। वाराणसी में परचा दाखिल करने से पहले नरेन्द्र मोदी ने भावुक कर देने वाला वीडियो भी जारी किया और मां गंगा के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए एक संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे परमात्मा ने भेजा है। परमात्मा ने मेरे से काम लेना तय किया है। ये सब कुछ ऊपर वाले की कृपा है। हम 400 पार के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। देश ने ही हमें 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कहा है।

अब वाराणसी पूरे देश की राजनीति का मुख्य केंद्र बिंदु बन चुकी है। यहां से प्रधानमंत्री ने काशी व उत्तर प्रदेश का ही नहीं अपितु पूरे भारत का समीकरण साधा है। देश के सभी महापुरुषों के कट आउट रोड शो में रहे। प्रधानमंत्री ने अपने रोड शो के माध्यम से जहां देश के सामाजिक समीकरण के अंतर्गत जैन संन्यासी व शैव दक्षिण को समेटा वहीं दूसरी ओर वाराणसी के कोर वोटर 3 लाख ब्राह्मण मतदाता, 2.5 लाख से अधिक गैर यादव ओबीसी, 2 लाख कुर्मी, 2 लाख वैश्य, 1.5 लाख से अधिक भूमिहार और 1.5 लाख यादव सहित अनुसूचित जाति के मतदाताओं को भी साध लिया है।

प्रधानमंत्री मोदी किसी भी अवसर को हाथ से नहीं जाने देते हैं और इस बार तो उनका नया रूप ही दिखाई पड़ रहा है। अभी तक यह कहा जाता था कि प्रधानमंत्री मोदी मीडिया के सामने नहीं आते।अबकी बार वह लगातार मीडिया को साक्षात्कार दे रहे हैं, वह चाहे छोटा हो या फिर बहुत बड़ा। प्रधानमंत्री मोदी अपने साक्षात्कारों के माध्यम से मनौवैज्ञानिक रूप से विरोधी दलों का मनोबल तीव्रता के साथ ध्वस्त कर रहे हैं। विरोधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में भी मोदी आगे निकल चुके हैं और विपक्ष के सारे नैरेटिव विफल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी हर साक्षात्कार में स्पष्ट रूप से बार -बार कह रहे हैं कि अबकी बार 400 पार का नारा एक नारा भर नहीं है अपितु यह एक हकीकत बन चुका है, जिसे भारत की जनता ने करने का मन भी बना लिया है। हताश विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी दौरे पर लगातार तंज कसने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा कह रही हैं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में कभी किसी के घर गए हैं । बिहार के नेता प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो व साक्षात्कार आदि को एक इवेंट मात्र बता रहे हैं। सच तो ये है कि प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उमड़े जनसमुद्र ने विरोधी दलों के नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

## खास बात

### पीएम सूर्यघर योजना

**अजयदीप बाधवा**

भारत सरकार ने प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाना है। अगर आप विश्व के बिगड़ते पर्यावरण को बचाना चाहते हैं तो सर्वप्रथम पीएम सूर्यघर पोर्टल में जाएं और रूफटॉप सोलर पैनल के लिए अपने राज्य, बिजली वितरण कंपनी, विद्युत उपभोक्ता नंबर का प्रयोग कर स्वयं को पंजीकृत करवाएं। पंजीकरण के बाद अपने उपभोक्ता नंबर एवम मोबाइल नंबर का प्रयोग कर सोलर पैनल ले लिए आवेदन भरें। इसमें आपको अपनी विद्युत क्षमता को भी दिखाना होगा। प्राय 1 किलोवाट का सोलर पैनल एक धूप से खिले हुए दिन में 4 से 5 विद्युत यूनिट पैदा करता है। इसका अर्थ है कि अगर आपको माह में 300 यूनिट बिजली की आवश्कता है तो आप अधिकतम 3 किलोवाट का पैनल लगवा सकते हैं। इसके बाद आपकी विद्युत वितरण कंपनी से एक असेसमेंट करवाना पड़ेगा । इसके लिए आपको अपने बिजली बिल की आवश्यकता होगी। असेसमेंट रिपोर्ट आ जाने के बाद आप विद्युत वितरण कंपनी के किसी रजिस्टर्ड विक्रेता से सोलर पैनल अपने घर की छत पर लगवा सकते हैं। इसके साथ ही आप नेटमीटर भी अवश्य लगवाएं ताकि अगर आप अपनी आवश्यकता से अधिक बिजली पैदा करें तो उसे आप विद्युत कंपनी को बेच भी सकें। नेटमीट 'एक बिलिंग सिस्टम है जो आपके अतिरिक्त विद्युत के विक्रय पर कारगर होता है। इसके बाद विद्युत वितरण कंपनी के लोग आपके पैनल सिस्टम की जांच करेंगे। आपको जांच रिपोर्ट के साथ अपना बैंक विवरण पोर्टल पर जमा करना होगा ताकि सरकार से मिलने वाली सब्सिडी आपके खाते में आ सके। दरअसल सोलर पैनल लगाने पर केंद्र और राज्य सरकारों से सब्सिडी भी मिलती है, जो कि आपका अतिरिक्त लाभ है। केंद्र सरकार हर किलोवाट पर अधिकतम 30 हजार रुपए की सब्सिडी अधिकतम कुल सब्सिडी 78000 रुपए तक जा सकती है। 1 किलोवाट सोलर प्लांट की लागत लगभग 60000 रुपए तक आती है। बैंक कर्ज भी देते हैं, ब्याज दर 9 से 12% तक है।

# विभीषण की इच्छा

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**हनुमान** जी इंतजार कर रहे थे। विभीषण की एक आदत थी कि जब वे सुबह उठते थे कहते थे- प्रभु कब मिलोगे? क्योंकि ब्रह्माजी के पाए वरदान के अनुसार दो भाईयों को इच्छित वस्तुएं मिल गयी थी। तीसरा भाई विभीषण ने भक्ति मांगी थी जो अभी नहीं मिली थी। इसलिये हर दिन सुबह उठकर वो आवाज लगाते थे प्रभु कब मिलोगे ?जब विभीषण जी जगे और उनके मुख से आवाज निकली हे प्रभु कब मिलोगे? हनुमानजी द्वार पर खड़े थे। इन्होंने तुरंत कह दिया- बहुत जल्द मिलेंगे। विभीषण ने सोचा यह कौन है? मेरी बात का जबाव देनेवाला द्वार पर कौन खड़ा है? वे चले गये और पूछे आप कौन है?हनुमान जी ने कहा वही जिससे मिलने के लिये आपको तड़प है मैं उनका दूत हूं। उन्होंने कहा मैं भगवान से मिलना चाहता हूं। ठीक है। विभीषण जी पूछे आपको भगवान मिल गये? हनुमान ने कहा बिलकुल मिल गये। विभीषण ने पूछा आपके भगवान कौन है? हनुमान बोले अयोध्या नरेश महाराज दशरथ के पुत्र हैं। फिर आप इधर क्यों घूम रहें है विभीषण ने पूछा। हनुमान ने कहा रावण ने उनकी पत्नी सीता का हरण कर लिया है और यहीं कही रखा मैं समझ नहीं पा रहा हूं?शायद अशोक वाटिका में रखा है। यह अशोक वाटिका कहां है? मैं उन्हीं को खोजने यहां आया हूं। मुझें सीता जी का पता चल जाएगा तब मैं श्रीराम को खबर करूंगा। भगवान सेना लेकर आयेंगे और रावण का वध कर सीताजी को ले जायेंगे। भगवान हमसे यही बोले हैं।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## फेसबुक

प्रधानमंत्री ने घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। मुझे भी इस जनसभा में रहने का सौभाग्य मिला। जनता का यह उत्साह बता रहा है कि देश में फिर से मोदी जी की सरकार बनने जा रही है। देश की जनता ने 'इंडी' गठबंधन को नकार दिया है।

**–अर्जुन मुंडा, केन्द्रीय मंत्री**

## रोचक ट्वीट

**झारखंड** के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में सभी जनजातीय एवं स्थानीय भाषाओं (बांग्ला एवं ओड़िया) में पढ़ाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अपनी मातृभाषा में छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने में आसानी होगी

**– चंपई सोरेन, सीएम**





**हमीरपुर** में देश के महान सेनानी और राष्ट्र-संत त्यागमूर्ति स्वामी ब्रह्मानंद जी की समाधि और प्रतिमा पर उन्हें नमन कर पुष्पांजलि अर्पित करने का सौभाग्य मिला। उनका जीवन और संदेश देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

**– नरेन्द्र मोदी पीएम**

# कुछ वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने का श्रेय मोदी को

## सामयिक

**प्रोफेसर पी.के. आर्य**

लम्बे अरसे से अपने स्वरूप के उद्धार को प्रतीक्षारत अयोध्या और बनारस के भाग्य जगे हैं। देश अपने स्वरूप और स्वाभिमान की एक स्वर्णिम यात्रा पर चल निकला है। अंग्रेजी में एक कहावत है ₹मैन बिहाइंड द कैमरा अब आने वाला समय तय कर देगा कि 'मैन बिहाइंड द पॉलिटिक्स' भारत अपनी स्थिति और शक्ति के एक नए आयाम को संस्पर्श कर रहा है। आते वर्ष में भारत का प्रभुत्व समग्र रुपेण विस्तारित होता दिख रहा है। देश नव उत्थान के नूतन शिखरों की ओर पूरी शान से बढ़ रहा है। जाते वर्ष में नरेंद्र मोदी एक दूरदर्शी नेता के रूप में उभरे हैं। इस वर्ष बोए गए बीज आते वर्ष में पुष्पित पल्लवित होने प्रारम्भ होंगे। अमेरिका के साथ अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बिगड़ते रिश्तों में भारतीय कूटनीति छिपी है। चीन ने सियाचिन दर्रे पर मानवीय दल को हटाकर अपने रोबोट दस्ते नियुक्त किए हैं, जबकि भारतीय सैनिक माइनस 40 तापमान में भी वहां डियूटी कर पा रहे हैं। चीन और अमेरिका का भारत में 15 अरब डालर निवेशित है। भारत के लिए यह एक विन विन स्थिति है। जबकि पाकिस्तान अपनी गरीबी की पराकाष्ठा पर है। अफगनिस्तान की सीमा के निकट ईरान में भारतीय सेना ने जो पोर्ट बनाया है वह बहुआयामी उद्देश्यों की पूर्ति करेगा। अब ईरान भारत से सीधे व्यापार और अन्य कार्यों हेतु स्वतंत्र है। भारत ने सऊदी अरब की मदद से पाकिस्तान में सेक्शन 2ए और 3 ए रद्द कराके पुनः पाकिस्तान को विभाजन के कगार पर ला खड़ा किया है। अब पाक चार हिस्सों में विभक्त होगा। सबसे पहले पीओके भारत में विलय होगा। रूस और जापान जैसी दो महाशक्तियों का भारत से जुड़ाव गहराया है, इसका परिणाम यह निकलेगा कि भारत पहले एशिया और बाद में दुनिया के सर्वाधिक शक्तिशाली देशों में गिना जाएगा। यदि चीन हांगकांग में अपनी शक्ति दिखाता है तो भारत चीन अधिकृत कश्मीर को कब्जे में करने को तैयार है, ताकि उसकी सीपीईसी योजना को बाधित किया जा सके। अमेरिका भारत को सहर्ष एमटीसी आर समूह में शामिल कर चुका है, अब जल्दी ही भारत परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह को अपने प्रभुत्व में ले लेगा। सीमाओं और नगरों में शानदार सड़कों और सुविधाओं का निर्माण हो रहा था। आते वर्ष में विकास कार्यों की यह गति बरकरार रही तो हमें शीघ्र ही उन्नत राष्ट्र के नागरिक होने का सुखद एहसास होगा। भारत पर 200 साल तक राज करने वाले ब्रिटेन में आहूत 53 देशों की सभा में भारत के प्रधानमंत्री को महाध्यक्ष बनाना बहुत बड़े परिवर्तन की ओर संकेत करता है। यूएन मानवाधिकार परिषद में सदस्यता हेतु भारत को मात्र 97 मतों की आवश्यकता थी मिले 188 यह पहले कभी संभव न था। जब दुनिया के सर्वाधिक शक्तिशाली देशों की सूची जारी हुई तो भारत उसमें चौथे नम्बर पर आया, हमसे आगे अमेरिका, रूस और चीन हैं। जिस जीएसटी को लेकर इतना हो हल्ला था उसका मासिक कलेक्शन एक लाख करोड़ को पार कर गया। नए ऊर्जा सौर संयंत्र लगाने में अमेरिका और जापान को पीछे छोड़कर भारत आगे आन खड़ा हुआ। भारत की जीडीपी 8.2 है जबकि चीन की 6.7 और अमेरिका की 4.2 ही है। जल थल और गगन तीनों क्षेत्रों में सुपरसोनिक मिसाइल दागने वाला पहला देश बना भारत। भारत विश्वगुरु था। अब हम पुनः उसी ओर अग्रसर हैं।

इतनी विषमताओं के बीच भी भारत जिस तरह से उभर रहा है उसे देखकर सारी दुनिया ठगी सी खड़ी है। आते वर्ष में जनसंख्या नियंत्रण समेत अन्य अनेक महत्वपूर्ण बिल देश को एक नयी दिशा देंगे।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### पर्यटन से जॉब

**देश** के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का 9.6 फीसद योगदान है। इसका 88 फीसद घरेलू पर्यटन से प्राप्त होता है। देश के कुल रोजगार अवसरों में से 9.3 फीसद पर्यटन के माध्यम से ही आते हैं। ऐसा अनुमान है कि वर्ष 2028 तक इस उद्योग के माध्यम से वर्तमान में उत्पन्न होने वाले 42.9 करोड़ रोजगार के अवसरों की तुलना में 52.3 करोड़ रोजगार उत्पन्न होंगे।

**– प्रकाश कुमार हजारीबाग**

### समाज में उत्पीड़न

**परिवार** और समाज के अन्य सदस्य, जिसे मतदान करते हैं, उसी को मतदान करने के लिए अन्य सदस्यों पर दबाव डालते हैं। हाल ही में झारखंड में एक महिला द्वारा अपने मनचाहे प्रत्याशी को मतदान करने पर उनके परिजनों ने प्रताड़ित किया। ऐसे कृत्यों पर रोक लगाना जरूरी है। साथ ही, ऐसा किए जाने से मतदाताओं का किसी खास जाति-धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण पर भी रोक लगेगी। **-रवि, रांची**

# असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी और भूमिका

## समाज

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**असंगठित** क्षेत्र में श्रम शक्ति की बागडोर महिलाओं ने ही संभाल रखी है। देश की आर्थिक गतिविधियों के संचालन में असंगठित क्षेत्र की अपनी भूमिका है और इसमें कोई दोराय नहीं कि असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति को भले ही मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता हो पर असंगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार के अवसर हैं। बहुत बड़े वर्ग की रोजी-रोटी असंगठित क्षेत्र पर ही टिकी हुई है। हालांकि असंगठित क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं। इसमें रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नियमित आय का ना होना, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित बहुत सी समस्याओं से दोचार होना पड़ता है। हालांकि सरकार असंगठित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए समय-समय पर योजनाएं लाती है और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उनकी वास्तविक संख्या व आवश्यक जानकारी जुटाते हुए योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाता रहा है। आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है।

केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करें तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही हैं। भले ही व्हाइट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है।

भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में हैं तो आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक हैं। खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल एस्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती-किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसका अर्थ साफ-साफ यह हुआ कि खेती-किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दोराय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती-किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है। गली कूचे में बनिये की दुकान, चाय-पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले, चौकटियों में कारीगारी-बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली-मोहल्ले में घूमने वाले वेंडर्स और अस्थाई काम करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। डेली वेजेज के आधार पर काम करने वाले लोगों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। इनमें महिला और पुरुष श्रमिक दोनों ही शामिल हैं। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं होती। इसके लिए रोजगार व आय की सुरक्षा व नियमितता की बात भी नहीं की जा सकती। सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की बात करना तो बेमानी होगी। मोटे रूप से रोजगार, सुरक्षा और स्वास्थ्य व आवश्यक सुविधाओं की सुलभता असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दूर की कोड़ी ही मानी जा सकती है। हालांकि असंगठित क्षेत्र की श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर होने लगी है। पहली बात यह कि श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से सरकार के सामने वास्तविक तस्वीर सामने आने लगी है। सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, श्रम योगी मान धन योजना, अटल पेंशन योजना देने के प्रयास किए गए हैं।

## स्पीड न्यूज

### सदर अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप



**रामगढ़।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवाएं संघ रामगढ़ इकाई ने संयुक्त रूप से 18 मई को ब्लड बैंक सदर अस्पताल रामगढ़ में ब्लड डोनेशन कैंप लगा। कैंप का उद्घाटन आईएमए की अध्यक्ष डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, सचिव डॉ मृत्युंजय, सदर अस्पताल के उपाध्यक्ष डॉ उदय श्रीवास्तव एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी ने संयुक्त रूप से किया। आईएमए रामगढ़ के सचिव और झासा के राज्य सचिव डॉ मृत्युंजय ने कहा कि लोकसभा चुनाव के 02 दिन पहले विशेष रक्तदान शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य है कि ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध कराया जा सके ताकि विषम परिस्थितियों में इसका इस्तेमाल किया जा सके। शिविर में कुल 45 यूनिट ब्लड का सफलता पूर्वक डोनेट किया गया। शिविर में डॉ विनोद पंडित, डॉ विशाल, डॉ मधुरिमा प्रसाद ,डॉ सत्य प्रकाश ्लड बैंक इंचार्ज डॉ रेनू, डॉ संगीता बड़ाइक, डॉ पूनम, डॉ कीर्ति लाल, बड़ाबाबू नरेश, अरविंद ,जिला कार्यक्रम प्रबंधक देवेंद्र श्रीवास्तव, अशोक ठाकुर, अन्य कार्यालयकर्मी, सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों के अस्पताल कर्मी मौजूद रहे।

### महिला के गले से छीना चेन



**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी अंतर्गत बंजारीनगर में रविवार को एक महिला के गले से उच्चकों ने सोने का चेन छीन लिया। घटना सुबह लगभग 6:00 बजे की है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। रविवार सुबह 6:00 बजे स्थानीय निवासी शत्रुघ्न कुमार की मां फूल देवी कुछ काम को लेकर घर से बाहर निकली। उसी दौरान संत फ्रांसिस स्कूल के निकट मास्क लगाए दो युवक बाइक से होकर पहुंचे। बाइक के पीछे बैठा युवक ने फूल देवी के गले से सोने का चेन छीनकर भाग निकला। फूल देवी ने मदद के लिए आवाज लगायी पर तबतक उच्चके भाग चुके थे। चेन 17 ग्राम वजन का था। पुलिस उच्चकों की धर पकड़ के लिए जुट गयी है।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आने वाले गरीब-असहायों को भोजन कराया। इस दौरान लगभग 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-चना का वितरण करते हुए डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया की सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को मंच द्वारा भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, प्रो. रामानुज सिंह, सुकरा करमाली, लखन राम, लालू उरांव, शिवकुमार यादव, कारू यादव, इम्तियाज अली, मो. शाहिद व अन्य का विशेष योगदान रहा।

### महागठबंधन ने सौंदा डी में चलाया जनसंपर्क



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत को लेकर रविवार को महागठबंधन के नेताओं ने सौंदा डी सहित आसपास के क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में आयोजित चुनाव प्रसार में महागठबंधन के नेताओं ने हजारीबाग लोकसभा चुनाव में 20 मई को कांग्रेस के पंजा छाप पर ईवीएम के क्रमांक संख्या 01 में बटन दबाकर जेपी पटेल को भारी मतो से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर अनिल सिंह ने कहा कि भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना होगा, तभी यहां के आदिवासी व मूलवासियों और सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के रहते आदिवासी, मूल निवासी और गरीबो का शोषण होते रहेगा। जेपी पटेल को जिताएं हजारीबाग के लोगों को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है इसमें किसान-मजदूरों का भला नहीं हो सकेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से महागठबंधन के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल को भारी मतों से विजयी दिलाने की अपील की। अभियान में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, कांग्रेस की वरिष्ठ महिला नेत्री बबीता सिंह, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, कलावती तिवारी, प्रवीर चटर्जी, सुरेश यादव, कालिका प्रसाद, अजीज अंसारी, सपाम हुसैन, आफताब अहमद, राजेंद्र यादव, रामवृक्ष तुरी, राजद के वरिष्ठ नेता संजय यादव, आम आदमी पार्टी के दशरथ सिंह, रामचंद्र भुंइया, झामुमो के जग्गू घांसी सहित महागठबंधन के दर्जनों नेतागण शामिल थे।

# इंतराज खत्म, मतदाता आज करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## अपने पुराने दिनचर्या में लौटें भाजपा प्रत्याशी, कटकमसांडी में मृतक के परिवार को बंधाया ढांढस

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र 20 मई को होगा मतदान। संसदीय क्षेत्र के करीब 19 लाख मतदाता 17 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। शनिवार शाम भोंपू थमा तो भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने डोर-टू-डोर कैंपेन कर जनता से आशीर्वाद मांगा। जायसवाल ने कटकमसांडी के भाजपा कार्यकर्ता सरजू सिंह की पुत्रवधू के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर उनके आवास पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट किया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना भी की। इस दौरान क्षेत्र के बूथ प्रबंधन की जानकारी भी स्थानीय कार्यकर्ताओं से ली। उन्होंने ने बताया कि मैंने 78 दिनों तक लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के बीच जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से उनकी समस्याएं सुनी और मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से मिले लाभ से उन्हें अवगत कराया। जायसवाल ने कहा कि लोग सिर्फ वोटर नहीं बल्कि मोटीवेटर बनें और स्वयं वोट करें तथा अपने परिवार के अन्य सदस्यों, आस- पड़ोस वालों एवं रिश्तेदारों से भी वोट जरूर कराएं। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक-एक मतदाता अपने घरों से निकले और मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की लड़ाई 80 बनाम 20 की हो गई है। 80% एक ही विचारधारा के लोग हैं जो एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने के

**वोटर नहीं मोटीवेटर बनें, मतदान जरूर कराएं : मनीष जायसवाल**

लिए संकल्पित हैं तो दूसरी और विपक्ष के 20% लोग और समर्थक हैं जिनका मकसद देश को पीछे खींचता है और भ्रष्टाचारियों के हाथों सौंप देना है। मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग में कुंठित मानसिकता वाले लोग लगातार या प्रयास कर रहे हैं कि कैसे इस 80% वोट बैंक को बांटा जाए ठीक उसी तरह जिस तरह अंग्रेज बाटो और राज करो की राजनीति किया करते थे उसी को दोबारा क्रियान्वित करने का प्रयास हजारीबाग में हो रहा है परंतु जनता वैसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब वोट के माध्यम से जरूर देगी। मनीष जायसवाल ने यह भी बताया की मैं 10 साल तक हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में किसी नेता की हैसियत से नहीं बेटा के रूप में काम किया है और जनता ने मौका दिया तो निश्चित रूप से सेवक बनकर जनता की सेवा करूंगा।

# पोलिंग पार्टी हुयी रवाना

- डीसी और एसपी ने डिस्पैच सेंटर का लिया जाएजा, कर्मियों व जवानों का बढ़ाया मनोबल
- जिले में 7,42, 735 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग
- 466 भवनों में बनाये गये 858 बूथ

खबर मन्त्र संवाददाता

## वोटिंग के लिए रामगढ़ जिला प्रशासन तैयार



डिस्पैच सेंटर पर डीसी, एसपी और अन्य।



रामगढ़ । रामगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। रविवार की सुबह से ही रामगढ़ कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से ईवीएम और पोलिंग पार्टी को मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया। डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार ने डिस्पैच सेंटर का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने मतदान कार्य में लगे कर्मियों और सुरक्षा में लगे पुलिस जवानों का मनोबल बढ़ाया है। सफलता पूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान केन्द्रों पर 22 बड़कागांव के लिए 2156 एवं 23 रामगढ़ के लिए 1892 मतदान पदाधिकारी लगाए गए हैं।

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि 742735 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 22 बड़कागांव में 386615 मतदाता हैं, जिनमें 197437 पुरुष, 187375 महिलाएं एवं 12 ट्रांसजेंडर वोटर शामिल है। 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 356120 मतदाता हैं जिनमें 181672 पुरुष एवं 174448 महिलाएं वोटर हैं। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि बड़कागांव और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 466 भवनों में 858 बूथ बनाए गए हैं। यहां सारी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए 237 भवनों में 456 बूथ बनाए गए हैं। 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 229 भवनों में 402 बूथ बनाए गए हैं।

**मुस्लिम बहुल इलाके में पर्दानशी बूथ पर होगी मतदाताओं की पहचान :** डीसी ने बताया कि मुस्लिम बहुल इलाके में 32 पर्दानशी बूथ भी बनाए गए हैं। इन बूथों पर बुर्का में आने वाली महिलाओं की पहचान महिला अधिकारी करेंगी। 6 युवा मतदान केंद्र, 6 दिव्यांग केंद्र भी बनाए गए हैं। विशेष थीम के तहत 6 मतदान केंद्र बने हैं।

## रामगढ़ में 14 बूथों पर मतदान करायेंगी महिला कर्मी



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव के दौरान रामगढ़ जिले में 14 महिला बूथ बनाए गए हैं। इन सभी स्थानों पर महिला कर्मचारी ही मतदान कार्य को संपन्न कराएंगी। रामगढ़ कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से रविवार को सभी महिला कर्मचारियों को ईवीएम के साथ रवाना किया गया। इस दौरान कई महिला कर्मचारियों ने चुनाव कार्य के लिए चुने जाने पर खुशी जाहिर की। ईवीएम के साथ रवाना हुई निहारिका कुशवाहा ने कहा कि उन्हें चुनाव कराने के लिए चुना गया है, इसकी उन्हें काफी खुशी है। आज वह पूरी पोलिंग पार्टी के साथ रवाना हो रही है। उनके जैसे 12 टीमें बनाई गई हैं। महिलाओं में खुशी इस बात की भी है कि मतदान केंद्र पर सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। चुनाव में उनका शामिल होना सौभाग्य की बात है। उनके मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए भी काफी सारी सुविधाएं हैं। पेयजल, शौचालय, शेड, रैंप आदि की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर आसानी से वोट पड़े इसके लिए सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं।

## संजीव बेदिया ने जेपी पटेल के पक्ष में किया जनसंपर्क



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रविवार को भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर व आसपास के ग्रामीणों क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया के नेतृत्व में आयोजित जनसंपर्क अभियान में दर्जनों कार्यकताओं ने डोर-टू-डोर ग्रामीणों से संपर्क कर समर्थन मांगा। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल की जीत हुई तो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। सभी बेरोजगारों के लिए नये रोजगार का सृजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है।



रामगढ़ में रविवार को मतदान केंद्र के लिए रवाना हुयीं महिला कर्मी।

# जयसवाल के पक्ष में भाजपा ने किया जनसंपर्क

## भुरकुंडा वासियों से मनीष जायसवाल के लिए मांगा वोट

खबर मन्त्र संवाददाता




भुरकुंडा (रामगढ़)। 20 मई को मतदान को लेकर एनडीए प्रत्याशी मनीष जयसवाल के पक्ष में रविवार को भाजपा की महिला नेत्री अंजु देवी व प्रकाश नायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भुरकुंडा के कई क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान जवाहरनगर, बौनर धौड़ा, पगला आश्रम, सीएचपी, न्यू बैरक, टालीवान धौड़ा, भुईयां टोली, काली मंदिर, शिव नगर, हनुमानगढ़ी, न्यु सरदार कॉलोनी, गुरुद्वारा रोड, पटेल नगर, ग्लास फैक्ट्री कॉलोनी आदि क्षेत्रो में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं से भाजपा के कमल फूल छाप पर ईवीएम के क्रमांक संख्या 02 में बटन दबाकर एनडीए प्रत्याशी मनीष जयसवाल को भारी मतो से विजयी बनाने की अपील की। अंजु देवी ने अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद करते हुए एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की बात कही। उन्होंने देश के विकास के लिए कमल खिलाने का आह्वान किया। वहीं प्रकाश नायक ने कहा कि देश में मजबूत सरकार के लिए आपका एक-एक वोट नरेन्द्र मोदी के हाथो को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि कमल खिलाएं सभी अधूरे कार्य पूरे होंगे। अभियान में प्रकाश नायक, अंजू देवी, कृष्ण यादव, अनुपम पाठक, सूरज कुमार, गुड्डू, राज नायक, राजेश गुप्ता, विमला देवी, सुनीता देवी, देवंती देवी, सविता देवी, अनीता देवी सहित कई भाजपाई शामिल थे।

## एक नजर में

### रसदा में कई सफल कराटेकार सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातु प्रखंड अंतर्गत रसदा गांव स्थित इंटरनेशनल मार्शल आट्र्स ट्रेनिंग सेंटर में रविवार को बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट में सफल कराटेकारों के बीच प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। यह कार्यक्रम मॉडर्न मार्शल आट्र्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया सह शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया गया। सेंसी विकास पाठक एवं सेंसी सुमित्रा की देख-रेख में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार, डॉ. विकास कुमार उपस्थित थे। डॉ. अरुण कुमार ने सभी सफल कराटेकारो को विभिन्न बेल्टो की उपाधि से नवाजा । डॉ. कुमार ने कहा कि मार्शल आट्र्स आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर फिटनेश और शारीरिक व मानसिक विकास के लिए कराटे का ट्रेनिंग जरूरी है। ब्लू बेल्ट पाने वाले यश कुमार, आचित्य कुमार, अभिनव यादव, चंद्रशेखर प्रसाद, आयुष कुमार, वैष्णवी कुमारी, अंजली कुमारी, हिमांशी कुमारी, तेजल विश्वकर्मा, अपूर्वा कुमारी व रानी कुमारी, ग्रीन बेल्ट पाने वालो में कुमार आर्यन, रानी कुमारी व अनुष्का झा, पीला बेल्ट पाने वालो में प्रांजल कुमार, सौरव रंजन, वैदेही दुबे आदि शामिल थे।

### दारू प्रखंड में 31 हांथियों का उत्पात जारी

**दारु।** प्रखंड में पिछले एक सप्ताह से 31 हाथियों का झुंड लगातार तबाही मचा रहा है प्रखंड क्षेत्र के दिग्वार सोनडीहा ,गाड्या,चिरूवा इरगा आदि जगहों पर हाथी रोजाना पहुंचकर भारी नुकसान कर तबाही मचा रहे हैं, इस झुंड में 31 हाथी हैं और एक हाथी की मौत कुछ दिन पूर्व करंट लगने से हो गई थी। दिगवार पंचायत के बसरिया गड्डा सोनडीहा मे विकाश कुमार पिता दिलचंद महतो के कोरकेट शीट के घर को पूरी तरह से तोड़ दिया और घर मे रखे धान, प्याज, आलू, खीरा व अन्य सब्जियों को खा गया। भुक्तभोगी ने बताया कि उसके परिवार के तीन सदस्य घर मे सोये थे तभी एक हांथी ने उसके घर मे दस्तक दी और घर को तोड़कर अनाज खा गये। घर पूरी तरह ध्वस्त हो गये और उनके चार से पांच लाख रुपये की क्षति हुई है। हांथियों ने इसके बाद चिरूवा मे छत्रपति शिवाजी विद्यालय की चारदीवारी तोड़ दी और फसलों को बर्बाद कर दिया। ड़ी संख्या में ग्रामीण रातजग्गा कर हांथियों को भगाने का प्रयास कर रहे हैं, पर हाथी एक ही जगह जमा हुआ है। वनरक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि बड़कागांव से एक स्पेशल दस्ता आया हुआ है, एक हाथी की मौत होने के बाद हाथियों के व्यवहार में परिवर्तन देखा जा रहा है। लाख प्रयास के बाद भी इस क्षेत्र से उन्हें दूर खदेड़ने मे सफलता नही मिल पा रही है।

### मुस्लिम समाज को किया जा रहा है बदनाम : मोकीत

**बड़कागांव।** बादम में रविवार को मुस्लिम सदर ने शनिवार को हुए घटना को लेकर प्रेस कांफ्रेंस किया। सदर मो. मोकीत उल्लाह ने कहा के शनिवार को हुए घटना पर मुस्लिम समाज को बदनाम किया जा रहा है। बादम मुस्लिम समाज न ही भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ है न ही मनीष जयसवाल के खिलाफ है। मनीष जयसवाल खुद बादम मस्जिद चौक आए थे, उनका भव्य स्वागत मुस्लिम समाज के द्वारा किया गया था और उनकी बातों को लोगों ने सुना था। शनिवार को भाजपा की मोटरसाइकिल रैली निकाली गई थी जो के मुस्लिम मोहल्ले के गली कूचे तक गई कहीं किसी ने कोई विरोध या विवाद नहीं किया। जब मोटरसाइकिल रैली मस्जिद चौक मेन रोड पहुंची तो रैली देखने के लिए महिलाएं बाहर निकली हुई थी। लगभग रैली मस्जिद चौक से पार कर गया तो पीछे से कुछ लड़के आए और महिलाओं को देख कर भागो जोलहा पाकिस्तान मस्जिद को तोड़ दो आदि सांप्रदायिक नारे लगाने लगे। जिसका महिलाओं ने विरोध किया तो लड़के गाली गलौज करने लगे। महिलाओं के साथ विवाद होता देख गांव के कुछ लड़के उनके पीछे दौड़े और इस बीच हाथा पाई हुई। इस बीच गांव के ही लोगों ने बीच बचाव भी किया। जो आरोप लगाया गया की विशेष समुदाय के द्वारा पत्थरबाजी की गई है वह बिलकुल निराधार है। पत्थरबाजी होती तो सिर्फ दो लड़कों को ही चोट नहीं आती, मोटरसाइकिल भी टूटता और ज्यादा लोग को चोट आती। आरोप लगाया गया है भाजपा के रैली पर हमला हुआ और जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया गया है, लेकिन ऐसा कुछ भी नही हुआ है। घटना के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो और सुमन गिरी सहित अन्य लोग लगभग 15 मिनट मस्जिद चौक में रहे उनके साथ किसी तरह का कोई विवाद नही हुआ। बादम मुस्लिम समाज न किसी पार्टी, न धर्म और न ही किसी प्रत्यासी के खिलाफ है। मौके पर मुख्य रूप से बहाउद्दीन,मो जहीर,संजर आलम,मुन्ना खान,शहबाज अकरम, अब्बास अली,वाजउद्दीन,अकिल अहमद,मुन्ने खान,पिंकू खान, अफरोज,बडू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बादम के आरोपियों की हो गिरफ्तारी : लोकनाथ

**बड़कागांव।** पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने शनिवार को बादम में दूसरे समुदाय के द्वारा भाजपा की प्रचार बाइक रैली पर हुई हमला के बाद दो कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने की घटना की निंदा की है। उन्होंने रविवार को वधायक मोहल्ला आवास में बादम घटना को लेकर कहा कि दूसरे समुदाय के लोगों के द्वारा भाजपा की प्रचार बाइक रैली पर हमला एक सोची समझी साजिश थी। हम अपने देश में जय श्री राम का नारा नहीं लगाएंगे तो क्या हम पाकिस्तान में लगाएंगे। कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है, इसके लिए प्रशासन है। प्रशासन से शिकायत करनी चाहिए थी।प्रशासन जांच कर कार्रवाई करती।दो भाजपा कार्यकर्ता को पड़कर बेरहमी से मारपीट करना बिल्कुल कायरतापूर्ण है। पुलिस जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई करें और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवलाल महतो,अजय सिंह,कुलेश्वर महतो,किशोर राणा,पवन तुरी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में मारपीट, कई घायल

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दोनो पक्षों द्वारा बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में वादी दिवाकर यादव ने विजय प्रजापति, दिनेश प्रजापति, राजेश प्रजापति, लालधारी यादव, ब्रह्मदेव यादव, धीरेंद्र यादव, धीरेंद्र यादव, दीपक प्रजापति, गुंजन पंडित समेत 50 अज्ञातो को अभियुक्त बनाया है। वहीं दूसरे पक्ष से वादी विजय पंडित ने अरुण यादव, नागेश्वर यादव व दिवाकर यादव समेत 25 अज्ञात को अभियुक्त बनाया है। पुलिस ने दोनो पक्ष से एक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विजय पंडित एवं नागेश्वर यादव शामिल है।

### नाबार्ड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान झारखंड द्वारा नाबार्ड परियोजना अंतर्गत झारखंड में गुणवत्ता युक्त प्रोटीन मक्का के एकल संकर मक्का बीज उत्पादन एवं मूल्य संबधित उत्पाद बनाने की उन्नत तकनीकी विषय पर त्रिदिवसीय युवा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 17 से 19 मई तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के 10 कृषक उत्पादक संगठन के 63 किसानों ने भाग लेकर संकर मक्का बीज उत्पादन की तकनीकीयों को बारीकी से सीखा। संस्थान के ओएसडी, डॉ विशाल नाथ ने किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने किसानों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से सीखे हुए तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। प्रेम प्रकाश सिंह एवं रीचा भारती ने कृषकों को बताया कि अगर वे समूह में संगठित होकर किसी भी फसल की खेती करते हैं तो उसमें कम लागत के साथ-साथ ज्यादा लाभ प्राप्त होता है।

## लोकतंत्र के महापर्व को संपन्न करवाने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना हुए चुनाव कर्मी

# सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधाएं मुकंबल

➲ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज डिस्पैच सेन्टर में रहीं मौजूद

**उमा शंकर, ब्यूरो कोडरमा**

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ रविवार को स्थानीय बागीटांड़ स्टेडियम से ईवीएम, विविपैट मशीन व अन्य सामाग्रियों के साथ चुनाव कर्मियों को रवाना किया गया। सभी चुनाव कर्मी (सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन पदाधिकारी 1, 2, 3) शाम तक अपने अपने क्लस्टरों में योगदान देंगे, उसके बाद वे वहां से सोमवार की सुबह करीब 5 बजे अपने अपने प्रतिनियुक्त मतदान केंद्रों में पहुंचेंगे और मॉक पोल के बाद सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी, जो शाम 5 बजे तक जारी रहेगा। मतदान कर्मियों को मतदान सामाग्री, ईवीएम, विविपैट मशीन आदि का वितरण करने के लिए बागीटांड़ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में सुबह से ही गहमा गहमी देखी गयी। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निगरानी में कर्मियों के बीच प्रखंडवार बनाये गए काउंटर से प्रतिनियुक्ति पत्र बारी-बारी से बांटा गया, तत्पश्चात् सामाग्री कोषांग से ईवीएम, विविपैट व अन्य सामग्रियों को लेकर टोटो से बागीटांड स्टेडियम पहुंचे, जहां वाहन कोषांग से भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ उन्हें रवाना किया गया। मौके पर डीसी मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह के अलावे डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएमओ दारोगा राय, डीएसडब्ल्यूओ शिप्रा सिन्हा, डीडब्लूओ अभिषेक आनन्द समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।









### सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, निर्भीक होकर करें मतदान

उपायुक्त मेघा भारद्वाज व एसपी अनुदीप सिंह ने मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किया गया है, ऐसे में जिले के मतदाताओं से अपील है कि वे लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने अपने घरों से निकलें और बड़ी संख्या में बूथों पर पहुंच कर अपना मतदान करें। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारियों व चुनाव कर्मियों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों की जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ, त्रुटिरहित और निष्पक्ष वातावरण में चुनाव संपन्न करवाएं। मतदान के दौरान सतर्क रहें, विधि व्यवस्था भंग होने की आशंका होने पर तत्काल इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों व नियंत्रण कक्ष को दें।

### वाहनों की ट्रैकिंग के लिए बनाया गया नियंत्रण कक्ष

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार वाहनों की ट्रैकिंग करने और मतदान प्रक्रिया को स्वच्छ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिसमें निर्बाध रूप से संचालन हेतु नीतीश कुमार निशांत, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष 24X7 कार्यरत हैं।

### वोटिंग के बाद मतदाताओं के लिए सेल्फी लेने की सुविधा

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी पूरी कर ली है। जिसको लेकर परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को ग्रीन बूथ बनाया गया है। जहां पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त बूथ बनाया गया है। वहीं मतदाताओं के सुविधा के लिए हर एक तैयारी कर ली है, जिसमें धूप से बचने के लिए शेड, पेयजल की व्यवस्था, मेडिकल टीम की व्यवस्था साथ ही बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं को लाने ले जाने के लिए यातायात की व्यवस्था की गई है। वहीं एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जहां मतदाता वोटिंग के बाद सेल्फी लेंगे।




➲ सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा मतदान





## आज होगा मतदान, 2205318 वोटर करेंगे मतों का प्रयोग

कोडरमा लोकसभा चुनाव का मतदान सोमवार की सुबह 7 बजे से शुरू होगा जो शाम 5 बजे तक चलेगा। इस बार लोकसभा चुनाव में 22,05,318 वोटर अपने मतों का प्रयोग करेंगे, इसमे कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की संख्या 4,06,712 है, जिसमे पुरुष वोटरों की संख्या 207236, महिला वोटरों की संख्या 1,99,462 जबकि थर्ड जेंडर 14 है, वहीं बूथों की संख्या 429 है। वहीं विधानसभावार बात करें तो धनवार विधानसभा क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या 3,65,181 है, जिसमे पुरुष वोटर 1,89,427, महिला वोटर 1,75,752, थर्ड जेंडर 2, मतदान केंद्रों की संख्या 424 है। वहीं बगोदर विधानसभा क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या 3,81,532 है, जिसमे पुरुष वोटर 1,95,913, महिला वोटर 1,85,618, थर्ड जेंडर 01, मतदान केंद्रों की संख्या 454 है। वहीं जमुआ विधानसभा क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या 3,47,832, गांडेय विधानसभा क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या 3,16,214 जिसमे पुरुष वोटर 1,64,176, महिला वोटर 152037, थर्ड जेंडर 01, मतदान केंद्रों की संख्या 375 है। वहीं बरकट्ठा विाानसभा क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या 3,87,847 जिसमे पुरुष वोटर 200990, महिला 186854, थर्ड जेंडर 3, मतदान केंद्रों की संख्या 470 है।

### चिलचिलाती धूप में भी व्यवस्था से संतुष्ट दिखे चुनाव कर्मी, कहा

#### पहले के चुनाव से इस बार उचित व्यवस्था किया गया

चिलचिलाती धूप में ईवीएम, विविपैट एवं अन्य सामग्रियों के साथ रवाना होते चुनाव कर्मियों ने बात चीत के क्रम में व्यवस्था पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि पूर्व के चुनाव से इस बार बेहतर व्यवस्था है। वहीं आरके प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर की शिक्षिका विनीता शर्मा ने कहा कि उसे इंदरवा शहरी बूथ नम्बर 84 में मतदान करवाने की जिम्मेवारी दी गयी है एवं पहले के अपेक्षा इस बार बेहतर व्यवस्था किया गया है। प्रशिक्षण से लेकर बूथों तक रवाना किये जाने की व्यवस्था इस बार काफी अच्छा है। भोजन, पेयजल, नाश्ता आदि की भी बेहतर व्यवस्था किया गया है।

#### मतदान केंद्रों में सुविधा

सभी मतदान केंद्रों में टेंट की व्यवस्था की गई है, ताकि दिव्यांग व वरिष्ठ मतदातओं व मतदाताओं के साथ आये बच्चों को छाया प्रदान किया जा सके। वहीं दिव्यांग मतदाताओं के व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। जो मतदाता मतदान केंद्र तक पैदल आने में असमर्थ हैं या सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की मदद के लिए वोलेंटियर्स की व्यवस्था की गई है।

#### चुनाव कर्मियों को नही चलना पड़ा पैदल

भीषण गर्मी को देखते हुए चुनाव कर्मियों को ईवीएम, विविपैट व अन्य सामग्रियों के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज से टोटो के जरिये बागीटांड़ स्टेडियम में बने वाहन कोषांग तक पहुंचाया गया, जबकि पूर्व में चुनाव कर्मियों को अपनी व्यवस्था अथवा पैदल ही वाहन कोषांग तक जाना पड़ता था।

#### 429 मतदान केंद्रों के लिए 1928 कर्मी लगाए गए

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर 1928 कर्मियों को लगाया गया। कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले 429 मतदान केंद्रों के लिए 1928 कर्मियों को रवाना किया गया, जिसमे पीठासीन पदाधिकारी, पोलिंग पार्टी 1, 2 और 3 तथा रिजर्व शामिल है।

---

## स्पीड न्यूज

### टेंपो पलटने से पांच घायल



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-कोवाड पथ पर जामु के समीप टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जिसमें पांच लोग गम्भीर रूप से घायल गए। वहीं प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार टेंपो मरकच्चो से जयनगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई एवं टेंपो पर सवार पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों का प्राथमिक इलाज जामु स्थित निजी क्लिनिक में कराकर बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाया गया।

### लेखा की जांच नहीं कराने वाले दो प्रत्याशियों को दिया गया नोटिस

**चतरा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन व्यय से संबंधित प्रत्याशियों के लेखा जांच के लिए 09 मई, 14 मई और 18 मई 2024 की तिथि निर्धारित की गई थी। सुमित कुमार यादव और अर्जुन प्रजापति नामक दो प्रत्याशी 18 मई 2024 को लेखा निरीक्षण के लिए अनुपस्थित रहे और उन्होंने व्यय प्रेक्षक को लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं की। उन्हें तुरंत लेखा शाखा विकास भवन, चतरा में लेखा पंजी के साथ उपस्थित होने के लिए कहा गया है। यदि वे अगली निर्धारित तिथि तक लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उन्हें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा संघा करने में विफल माना जाएगा और उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हाथियो ने तीन घरो को किया क्षतिग्रस्त

**टंडवा।** शनिवार की रात हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी ने सराढू पंचायत के योगीपुरा गांव में जमकर उत्पात मचाया और हेमंल गंझू, बासदेव गझू और धनेश्वर गंझू के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। आधी रात को हाथी के विचरण से लोगों में दहशत है और पीड़ित परिवार वन विभाग से न्याय की गुहार लगा रहा है।

---

## सदर अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत

### परिजनों ने लगाया ड्यूटी में तैनात कर्मियों पर लापरवाही का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** सदर अस्पताल में एक बार फिर लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बड़कनगांगो बरकट्ठा निवासी 21 वर्षीय काजल कुमारी पति राहुल यादव शनिवार शाम प्रसव के लिए सदर अस्पताल आई थी। जिसके बाद रात करीब 8 बजे ऑपरेशन से जुड़ता बच्चों को जन्म देती है। वहीं रात को महिला की हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद रविवार सुबह महिला की मौत हो गई। वहीं परिजनों ने महिला के मौत के बाद सदर अस्पताल में हंगामा करने लगे। वहीं उन्होंन ड्यूटी में तैनात कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

वहीं परिजनों ने बताया मरीज की हालत बिगड़ने पर स्टाफ को बोलने के बाद भी कोई देखने तक नहीं आया। साथ ही रात में डॉक्टर ने खून की कमी बताया था, जिसके बाद भी ऑपरेशन किया गया। वहीं इस मामले पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया की इस मामले की गहनता से जांच कर दोषी कर्मियों पर करवाई की जाएगी। वहीं उपाधीक्षक डॉ.रंजीत कुमार की पहल पर दोनों नवजात बच्चों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया एवं शव को परिजनों को सौंप दिया।

## प्रत्याशियों के बीच कटे की मुकाबला, हार-जीत बूथ कमेटियों की सक्रियता पर निर्भर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से एक दिन पहले, चतरा विधानसभा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं और प्रत्याशियों की स्थिति का जायजा लिया गया। सड़कें और चौराहे सुनसान थे, कहीं कोई पोस्टर-बैनर या भीड़ नहीं थी। मतदाताओं का रुझान अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग था, लेकिन मुकाबला दो प्रत्याशियों के बीच ही दिखाई दे रहा था। हार-जीत का अंतर कम होने के कारण, बूथ कमेटियों की सक्रियता उम्मीदवारों की जीत या हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कुछ क्षेत्रों में, दस-बारह किलोमीटर की दूरी पर भी प्रत्याशियों के रुझान में बदलाव देखा गया। प्राप्त रुझानों से ऐसा लग रहा है कि दोनों उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर होगी।राजनीतिक दलों के पारंपरिक मतदाताओं में भी बिखराव देखने को मिला है, इसलिए यह कहना मुश्किल है कि हवा किस एक उम्मीदवार के पक्ष में ज्यादा चल रही है। प्रत्याशियों के लिए, रविवार की रात डैमेज कंट्रोल और स्थिति को बेहतर बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि गलत प्रबंधन और अति आत्मविश्वास घातक साबित हो सकता है। चुनाव का परिणाम 4 जून को स्पष्ट होगा। दूसरी ओर, मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन ने मतदाताओं के लिए व्यापक तैयारी की है, जिसमें सामियाना, पानी, कुर्सियां और बिजली की व्यवस्था शामिल है। भयमुक्त माहौल में मतदान सुनिश्चित करने के लिए, मतदान कर्मियों और अर्धसैनिक बलों को मतदान केंद्रों पर तैनात किया गया है।

## समर्पण व सीएसीएल लारा चित्रांकण एवं डिबेट कार्यक्रम का आयोजन




**कोडरमा।** समर्पण एवं सीएसीएल के संयुक्त तत्वाधान में बेंदी, गझंडी एवं जरगा पंचायत में 44 दिवसीय बाल श्रम मुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत बच्चों के बीच चित्रांकण एवं डिबेट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने बाल मजदूरी को बहिष्कार करते हुए बाल श्रम करना अभिशाप है के नारे लगाए एवं बाल मजदूरी से सम्बंधित चित्रांकण के माध्यम से अपने-अपने कलाओं को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समर्पण कार्यकर्त्ता, नवीण कुमार, शंकर लाल राणा, नीलेश यादव, मनीष लहेरी, राजेश कुमार एवं बबिता देवी कि अहम् भूमिका रही।

## महागठबंधन में दरार, सहयोगी दलों में फूट से बैकफुट पर उम्मीदवार




➲ लातेहार मनिका और पांकी विधानसभा क्षेत्र में भी स्थिति दयनीय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा लोक सभा चुनाव को लेकर मतदान शुरू होने में महज कुछ घंटे का समय शेष रह गया है। ऐसे में चुनावी समर को आसानी से जीतने का दावा कर रहे महागठबंधन में दरार पड़ गया है। आपको बता दें कि महागठबंधन का प्रमुख घटक दल राजद में सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है।

ये स्थिति रांची के एकतारा मैदान में घटी मारपीट की घटना के बाद जो उत्पन्न हुई है वो घाव भरने के बजाय अंदर ही अंदर नाशूर बन गई है। वहीं दूसरे घटक दल जेएमएम ने भी खुलेआम पार्टी प्रत्यासी के साथ साथ उनके मैनेजमेंट के प्रति नाराजगी जाहिर कर इन्होंने अपना इरादा जता दिया है। रही सही कसर अपने ही दल के कुछ युवा नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा देकर पूरी कर दी है। अगर यह कहें कि पार्टी में फूट और इनके सिपहसलाहकारों के मिस मैनेजमेंट के कारण महागठबंधन बैकफुट पर चला गया है तो गलत नहीं होगा। जिसका खामियाजा इन्हें कल( 20 मई ) को होने वाले चुनाव के दिन भुगतना पड़ेगा। फिलहाल सबसे मजे की बात तो यह है कि महागठबंधन की गांठ जगह जगह से टूट चुकी है। रही सही इनकी कसर हांथी छाप वाले भैया पूरी कर दे रहे हैं। बावजूद ये टूटे गांठ को जोड़ने और अपने भाग रहे वोट बैंक को बचाने के बजाय भाजपा के वोट बैंक मे सेंध लगाने का दावा करते फिर रहे हैं। भाजपा के जिस वोट बैंक को अपना बता रहे हैं वो चुनाव के दिन और परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

इनकी यह स्थिति चतरा और सिमरिया विधानसभा में ही नहीं बल्कि लातेहार, पांकी और मनिका में भी ऐसी ही है। वैसे इस पूरे मामले में महागठबंधन के लोगों की सफाई है कि महागठबंधन में कोई फुट नहीं है सभी एकजुट हैं। परन्तु सच्चाई क्या है इससे पर्दा 4 जून को ही उठेगा।

## चतरा में मतदान आज, 16 लाख 89 हजार 926 मतदाता करेंगे मतदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** चतरा लोकसभा में आज मतदान होगा, इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान कर्मियों का दल सामग्री कोषांग, चतरा कॉलेज से इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिए रवाना हो गया है। सोमवार को तड़के सुबह अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएंगे। मतदान कर्मी सोमवार की सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक मतदान कराएंगे और उसके बाद वापस लौट जाएंगे। चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्रों के कुल 8,00,720 मतदाताओं के लिए कुल 894 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यह मतदान केंद्र 613 भवनों में हैं। जिले में कुल 16 लाख 89 हजार 926 मतदाता हैं, जिसमें 8 लाख 61 हजार 959 पुरुष और 8 लाख 27 हजार 965 महिला मतदाता समेत दो थर्ड जेंडर मतदाता हैं। उग्रवाद प्रभावित 32 मतदान केंद्रों के लिए एक दिन पहले मतदान कर्मियों को पारा मिलिट्री फोर्स और जिला बल के जवानों के साथ रवाना किया गया था। चतरा जिले के अंतर्गत पड़ने वाले चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में अति नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों की संख्या 32 है।

## मतदाता जागरूकता रात्रि चौपाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड के पहरा पंचायत में मतदाता जागरूकता रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचलाधिकारी राकेश सहाय और जेएसएलपीएस कर्मी उपस्थित थे। अंचलाधिकारी ने जेएसएलपीएस कर्मियों और महिलाओं की प्रशंसा की और उन्हें 20 मई के चुनाव में घर-घर से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने और लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। कार्यक्रम में पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, जेएसएलपीएस विजय रजक और अन्य ग्रामीण जनता भी उपस्थित थी।

स्पीड न्यूज

## रोटी बैंक ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर।** रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित कोचिंग क्लासेस के बच्चों ने ह्युमपाइप क्षेत्र सहित छाया नगर, चंडी नगर, कल्याण नगर एवं भुईयाडीह के विभिन्न स्लम एरिया मे रैली निकाल कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया । कार्यक्रम का नेतृत्व रोटी बैंक के चेयरमेन मनोज मिश्रा एवं कोचिंग क्लासेस के प्रधान शिक्षिका सुभश्री दत्ता कर रहें थे। रैली मे बच्चों ने जो नारा दिया वह दिल को छूने वाला था, 1.मम्मी पापा भूल ना जाना, पहले मतदान बाद मे खाना 2. पत्नी बेटी हो या माता, सभी है देश के मतदाता। रैली को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि अनेको राज्यों ने मतदान बढ़ाने के लिए अनोखी पहल की है जिसे झारखण्ड मे भी अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिन माता पिता ने मतदान किया है, उनके बच्चों को एक्स्ट्रा 10 मार्क्स दिया जा रहा है। इससे मतदान का प्रतिशत भी बढेगा । मनोज मिश्रा ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र की रीढ़ की हड्डी होता है। जितना अधिक मतदान होगा हमारे देश में लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। भारत के नव निर्माण के लिए मतदान करना आवश्यक है । उन्होंने आम लोगो से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है आज के कार्यक्रम को सफल करने वाले मे मनोज मिश्रा के साथ सुभश्री दत्ता सहित रीना दास, अंजू देवी, सोमवारी, रिमझिम गुनगुन ,रानी ,मुस्कान ,अनन्या मिश्रा ,सिया ,परी ,आदित्य ,सोनाली पीहू, निशा, लक्ष्मी, अंश, प्रियंका,दीपा एवं अनेक बच्चों शामिल थे।

## लोडर चालक हत्याकांड में दो नाबालिग धराये

**गम्हरिया।** टाटा स्टील, गम्हरिया प्लांट के डंपिंग स्क्रैप यार्ड में स्क्रैप चोरों द्वारा बीते मंगलवार को जगन्नाथपुर निवासी लोडर चालक अभय सिंह की हुई हत्या में शामिल दो नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विदित है कि उक्त हत्याकांड के बाद मृतक अभय सिंह की पत्नी द्वारा आदित्यपुर थाना में मामला दर्ज कराते हुए जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई थी। तत्पश्चात पुलिस ने दोनों आरोपियों को बास्कोनगर से गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि गम्हरिया स्थित टाटा स्टील के डंपिंग स्क्रैप यार्ड में चोरी कर रहे चोरों को रोकने का प्रयास करने पर एमजी लॉजिस्टिक्स कंपनी के लोडर वाहन चालक अभय सिंह की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गई थी।

### मूल प्रमाण पत्र गुम

मैं अरूण कुमार सिंह पिता श्री अम्बिका सिंह ग्राम सिक्का थाना पड़वा इलाज पलामू का निवासी हूं। डाल्टनगंज जाने के क्रम में मेरा डिप्लोमा और स्नातक का मुल प्रमाणपत्र कहीं गिर गया है। डिप्लोमा प्रमाणपत्र जिसका रोल नंबर 52030171 है। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। इस संबंध में मैं अरुण कुमार सिंह थाना में सनहा दर्ज करा दिया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जोहार जमशेदपुर...

## जमशेदपुर मिनी हिंदुस्तान, यहां जीते तो पूरा देश जीते : मोदी



घाटशिला में जनता को करबद्ध जोहार करते पीएम नरेंद्र भाई मोदी। साथ में खड़े हैं जमशेदपुर के भाजपा प्रत्याशी बिद्युतवरण महतो और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।















■ भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया

**विशेष संवाददाता**

**घाटशिला/जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रविवार को घाटशिला के मऊभण्डार के ताम्र प्रतिभा मंच से विशाल जनसमुदाय के सामने उन्होंने घाटशिला की धरती से मां रंकिनी को नमन करते हुए सभा की शुरुआत की और विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जमशेदपुर मिनी हिंदुस्तान है इसलिए जमशेदपुर के लोगों का आशीर्वाद मिलने से लगता है पूरा देश आशीर्वाद दे रहा है। भारत माता के जयकारे के साथ पीएम ने लोगों से कहा कि आपका उत्साह बता रहा है कि जमशेदपुर में क्या परिणाम आने वाला है। उन्होंने कहा कि मैंने बहुत सालों तक बीजेपी संगठन का काम किया। जब कोई कहता कि चुनावी रैली है सुबह में रख लो, मैं मना कर देता था। आज सुबह-सुबह इतनी भीड़ देखकर काफी खुश हूं। यह अपने आप में नई जागृति है। आपका आभारी हूं।

इस मौके पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, जमशेदपुर प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर लोगों का आभार जताया और विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश के भविष्य को सशक्त बनाने, मजबूत बनाने, वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों का भी उज्वल भविष्य निश्चित करने के लिए हैं। पीएम मोदी ने लोगों से पूछा कि क्या चुनाव में देश की अर्थव्यवस्था पर चर्चा पर होनी चाहिए की नहीं, उद्योगों की चर्चा होनी चाहिए की नहीं, कृषि और राष्ट्रीय सुरक्षा, युवाओं के लिए बनते नए अवसर, इंफ्रास्ट्रक्चर की बात होनी चाहिए कि नहीं।

पीएम ने हेमंत सोरेन का नाम लिए बिना कहा कि यहां तो लूट ऐसी है कि इनलोगों ने सेना की जमीन तक नहीं छोड़ी। सोच लीजिए चोरी की कैसी आदत लगी है। वहीं राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि शहजादे की भाषा माओवादियों जैसी है, वो उद्योग और निवेश का विरोध करते हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। जेएमएम-कांग्रेस ने केवल अपनी तिजौरियां भरी हैं। कांग्रेस से देश के संविधान को खतरा है। ओबीसी-पिछड़ों के आरक्षण को ये छीनना चाहते हैं।

**शहजादे की भाषा नक्सलियों और माओवादी वाली है :** पीएम ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे की भाषा माओवादियों, नक्सलियों वाली है। वैसे भी नक्सली उद्योग लगाने वालों से रंगदारी मांगते ही है। आप बताइए ऐसे नोटों के पहाड़ लगाने वालों को एक भी वोट मिलना चाहिए क्या। कांग्रेस ने कभी भी आपकी परवाह नहीं की।

**पीएम बोले- निवेश के खिलाफ बोलते हैं राहुल :** कांग्रेस शास्ति राज्य के सीएम को चुनौती देता हूं। ये कोई पॉलिटिक्ल स्टेटमेंट नहीं है। ये मेरी उनको चुनौती है। क्योंकि शहजादे उद्योग का विरोध करते हैं, निवेश का विरोध करते हैं। उनके राज्यों का क्या होगा। कौन उद्योगपति वहां उद्योग लगाएंगे। मैं उन राज्यों के नव जवानों से पूछता हूं कि शहजादे की भाषा से कौन उद्योग आएगा। उद्योगपति भी सोचेंगे कि जब शहजादे की ऐसी भाषा है तो सीएम भी वैसे ही होंगे। फिर जब आपके राज्य में उद्योग नहीं आए तो मुझे मत कहना।

**मंच पर ये लोग थे मौजूद :** इस मौके पर मंच पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंडीचरण साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल मोदी , दिनेश साव, पद्मश्री जमुना टुडू, पूर्व विधायक मेनका सरदार, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, राजकुमार श्रीवास्तव, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, देवेन्द्र सिंह, मुरलीधर केडिया सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नाम पर 60 सालों तक देश को धोखा दिया

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जैसे दलों ने 60 साल तक लोगों को धोखा दिया। गरीबी हटाओ का नारा दिया। मैंने गरीबी देखी है। पिछले दस साल से लगा हुआ हूं। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर हटाया है। देश के हर गांव में बिजली पहुंचाने का काम मोदी ने किया है, हर घर पानी पहुंचाने का काम मोदी ने किया है। हमने रोड-इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट नहीं बनने दे रही है।

### कांग्रेस को आदिवासियों से नफरत रही है और भाजपा ने उन्हें सम्मान दिया

पीएम मोदी ने अपने भाषण में खरसावां और गुआ गोलीकांड की चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आदिवासियों से नफरत रही है। बीजेपी ने आदिवासी को सम्मान दिया। हमने पहली बार एक आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया है। कांग्रेस ने उसका विरोध किया, आज उसी कांग्रेस के साथ जेएमएम है। उन्होंने अपने संबोधन में धर्म आधारित आरक्षण पर कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में जमशेदपुर के लोगों से अपील की कि वो बिद्युत बरण महतो को समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि वो पहले मतदान फिर जलपान करेंगे। उन्होंने लोगों से सबको मोदी का प्रणाम करने के लिए कहा। मंच का संचालन जिला परिषद् चेयरमैन बारी मुर्मू ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मुर्मू ने स्वागत भाषण दिया। विद्युत वरन महतो नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी ने पीएम को जनजातीय टोपी भेंट कीष आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, केन्द्रीय जनजाति विकास मंत्री अर्जुन मुंडा ने पीएम को ओल चिकि लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू का तैल चित्र भेंट किया।

### खानदानी लगती है संसद की सीट

पीएम ने आगे कहा संसद की सीट इन्हें खानदानी लगती है। खुद रिटायर हो रहे हैं तो सालों से समर्पित कार्यकर्ता को नहीं मिलेगा। बेटे को सौंप रही हैं। ऐसी परिवार वाली पार्टियों से झारखंड को बचाना है।

### सोनिया और राहुल पर साधा निशाना

पीएम ने कहा कि शहजादे वायनाड से भागकर रायबरेली गए हैं। और सबको बोल रहे हैं, ये मेरी मम्मी की सीट है। अरे कोई बच्चा भी स्कूल जाता है तो नहीं कहता कि ये मेरे पापा का स्कूल है। भले ही वो स्कूल में पढ़ाते हैं। उनकी मम्मी भी कह रही हैं कि मैंने अपना बेटा सौंप दिया है। लोग पूछते है कि बेटे को रायबरेली देने आई हो, लेकिन कोविड के समय क्या एक बार भी हमारा हाल पूछा था।

## प्रधानमंत्री ने पद्मश्री जमुना टुडू को दिया राजनीति में आने का न्योता

■ कहा- जंगल और पर्यावरण बचाने का काम दोगुनी ताकत से करिये, मेरा आशीर्वाद आपके साथ

**सत्येन्द्र कुमार/विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** घाटशिला में अपनी चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बगल में बैठे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से पूछा कि पदमश्री यमुना टुडू आईं हैं? कृपया उन्हें मुझसे मिलवाइए। मंच पर पिछली कतार में बैठी जमुना टुडू को मुंडा जी ने आगे आने का इशारा किया। जमुना टुडू के आते ही प्रधानमंत्री ने उन्हें प्रणाम कर उनका हाल-चाल लिया।

प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री ने उनसे पूछा, जमुना जी आप कैसी हैं, ठीक है ना आप। आपका जंगल बचाने के काम ठीक-ठाक चल रहा है ना। भई, आपने तो दिल्ली आकर सभी को हिला दिया। लोग मुझसे पूछते हैं कि आखिर जमुना टुडू जंगल बचाने के लिए अकेले कैसे संघर्ष करती हैं? जमुना टूटू ने कहा कि सर मैं तो जंगल बचाने के लिए ही पैदा हुई हूं। बस,आपका आशीर्वाद बना रहे तो यह काम मैं आगे भी जारी रखना चाहूंगी। इसी बीच बाबूलाल मरांडी भाषण देने के लिए उठे तो प्रधानमंत्री ने दोबारा जमुना टूटू को बुलाया और उन्हें अपने बगल में बैठा कर उनसे बातचीत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जमुना जी क्या तुम राजनीति में आना चाहोगी? इस पर जमुना टुडू ने कहा, सर, मौका मिलेगा तो मैं अवश्य राजनीति में आना चाहूंगी।



घाटशिला चुनावी सभा में पद्मश्री जमुना टुडू से बात करते पीएम नरेंद्र मोदी।

इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि तुम जंगल बचाने के लिए बहुत अच्छा काम कर रही हो। जंगल बचाओ अभियान के लिए तुम कड़ी मेहनत जारी रखो, मेरा पूरा आशीर्वाद तुम्हारे साथ है। अपने काम में किसी तरह की कोताही नहीं करना, खूब मेहनत करना जारी रखो। प्रधानमंत्री अपना भाषण समाप्त कर मंच पर उपस्थित सभी नेताओं एवं प्रबुद्ध जनों से मिलते हुए वापस लौट के क्रम एक बार फिर जमुना टुडू के सामने हाथ जोड़कर खड़े हो गये।

## सुधा डेयरी परिसर में खुला मिल्क बूथ

**गम्हरिया।** जमशेदपुर (सुधा) डेयरी परिसर में रविवार को मिल्क बूथ खोला गया। इसका उद्घाटन डेयरी के मुख्य प्रबंधक अमित कुमार सुमन और विपणन पदाधिकारी डी0 कुंडू ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि डेयरी की ओर से विभिन्न कई स्थानों पर केंद्र खोले जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को परिसर में ही बूथ की स्थापना की गई है।

यहां प्रातः छह बजे से ही जमशेदपुर डेयरी के सभी उत्पाद सुगमता से प्राप्त किए जा सकते हैं। बताया कि अभी और कई स्थानों पर भी मिल्क बूथ खोले जाएंगे। इस मौके पर बूथ संचालक दिलीप कुमार, डेयरी के अधिकारी अखिलेश मोहन, सीमा कुमारी समेत कई अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान केंद्रों तक पहुंचाए गए पोलिंग पार्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कड़ी सुरक्षा के बीच आज मतदान होगा। जिसको लेकर प्रशासन ने अपने स्तर से तैयारी पूरी कर ली है। चंदवा प्रखण्ड में इस बार कुल 81963 मतदाता, जिसमे पुरुष 40811 व महिला 41152 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रविवार को चंदवा प्रखण्ड में प्रशासन द्वारा मतदान कर्मियों को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान केंद्र रवाना किया गया। इसके पूर्व 4 दिन पहले ही प्रखण्ड के सभी कलस्टरों में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कर लिया गया था। इधर रविवार की दोपहर लातेहार एसपी अंजनी अंजन चंदवा थाना पहुंचे व चुनाव ड्यूटी पर रवाना हो रहे मतदान कर्मियों, अधिकारियों व सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए हौसला अफजाई की व भयमुक्त वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने की बात कही। मतदान के पूर्व संध्या तक डोर-टू-डोर कैम्पेन करते दिखे कार्यकर्ता : इधर मतदान के एक दिन पूर्व देर शाम तक विभिन्न राजनीतिल दलों के कार्यकर्ता डोर टू डोर कैम्पेन कर कार्यकर्ता अपने अपने पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने की अपील करते दिखे। हालांकि इस बार राजनीतिक दलों के कार्यालयों में विगत चुनाव के अपेक्षा तामझाम कम देखने को मिली।



रवाना होते मतदान कर्मी

### झामुमो ने पीएम की सभा के बाद कसा तंज

## पीएम मोदी आपका शुक्रिया, गठबंधन अब 6 लाख वोट से जमशेदपुर में जीतेगा : सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी की घाटशिला में चुनावी सभा के पश्चात झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य जी ने पीएम की जमकर आलोचना की। भट्टाचार्य जी ने यहां पत्रकारों से बातचीत में पीएम का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि पहले गठबंधन की सोच थी कि जमशेदपुर सीट पर समीर महंती 3 लाख वोट के अंतर से जीतेंगे लेकिन पीएम की सभा के बाद अब निश्चिंत हो गया है कि आप सभी 6 विधानसभा में एक-एक लाख वोट यानी कुल 6 लाख से ज्यादा अंतर से गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती जीत दर्ज करेंगे।



## झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन ने प्रत्याशी समीर महांती को किया समर्थन

**जमशेदुपर।** झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन ने रविवार को साकची आमबगान स्थित एटक यूनियन कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन सुबह 11 बजे किया, जिसमें ठेका, असंगठित एवं साफ-सफाई, सेनिटेशन मजदूरों से अपील किया गया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में मजदूर, किसान, छात्र नौजवानों भारतीय संविधान विरोधी दल भाजपा को सत्ता से बाहर करें और समीर महांती का समर्थन दिया।

## भाजपा को झटका, प्रदेश प्रवक्ता पद से कुणाल षाडंगी ने दिया इस्तीफा

■ संगठन में छह माह से दरकिनार किये जाने से नाराज हैं कुणाल

■ पीएम की सभा के लिए जानकारी तक शेयर नहीं की गयी तो उठाया कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के युवा चेहरा व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने प्रवक्ता के पद से इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया है।



कुणाल ने उस वक्त इस्तीफा दिया जब प्रधानमंत्री रविवार को जमशेदपुर दौरे पर घाटशिला पहुंचे। कुणाल ने अपना इस्तीफा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को सौंपा है। अपने इस्तीफे की वजह कुणाल ने पार्टी में खुद की उपेक्षा बताया है। रविवार को जमशेदपुर में एक संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि पिछले छः महीने से जिले में सांगठनिक स्तर पर पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है। पिछले विस चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल कार्यकर्ताओं को तरजीह दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके स्तर से प्रदेश अध्यक्ष से लेकर संगठन मंत्री को अवगत कराया गया।

## डीसी व एसपी ने मतदान पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को शुभकामनाएं दी

### मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के पांचवे चरण में 04 चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार जिला में 20 मई को होने वाले चुनाव के मद्देनजर भारत माता भवन के प्रांगण में बनाए गए डिस्पैच सेंटर में मतदान दल के कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने मनोबल एवं उत्साहवर्धन कर शुभकामनाओं के साथ क्लस्टर हेतु रवाना किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को संबंधित पोलिंग पार्टी एवं पुलिस के जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कार्यों का सफल संचालन सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टरों में भोजन, पानी, शौचालय, निर्बाध बिजली की व्यवस्था एवं कलस्टरों में चिकित्सीय दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने सभी को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान कर्मियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। 20 मई 2024 को मतदान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा सभी मतदान पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दी गई।



## स्पीड न्यूज

### एसपी के निर्देश पर यातायात प्रभारी ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के तहत चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़नेवाला पांकी विस क्षेत्र में मतदान 20 मई को होनेवाला है। इसे लेकर एसपी रीष्मा रमेसन ने यातायात प्रभारी को शहरी क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया था। इसके आलोक में यातायात प्रभारी समाल अहमद ने बीती रात शहर के छह मुहान, रेड़मा चौक, सदिक चौक, बैरिया, साहित्य समाज चौक समेत विभिन्न चौकों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। यातायात प्रभारी ने दो पहिया व चार पहिया वाहनों को रोककर पूरी तलाशी ली। वाहनों के डिक्की व वाहन से सफर करनेवाले व्यक्तियों के नाम, पता पूछने के साथ ही उनकी भी तलाशी ली। ताकि चुनाव में कोई गड़बड़ी न हो। यातायात प्रभारी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया गया ताकि अपराधी प्रवृत्ति के लोग व दो नंबर के कारोबार करनेवाले लोगों पर लगाम लग सके।

### समृद्धि की रोटी ने बांटी रोटी और सब्जी



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान कभी नहीं थकता कभी नहीं रूकता। यह अभियान निर्बाध रूप से संचालित है। समय के अभाव में आप तक कभी कभी नहीं पहुंच पाता लेकिन रोटी जरूरतमंदों के बीच जरूर पहुंच जाता है। इस गर्मी में रोटी समय पर टीम की झोली में देने वाले परिवारों का सदा हम आभारी हैं और सदस्यों के परिश्रम जिनकी बदौलत यह अभियान जारी है। मिशन समृद्धि के सदस्यों ने दोना पत्तल दातून बेचने वालों, रिक्शा चालक, शनि मंदिर के आसपास दिव्यांगों, वृद्ध सबके बीच रोटी सब्जी खिचड़ी, बुंदिया बांटा गया। इसे सफल बनाने में अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, शिल्पी गोस्वामी, वीणा गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, आशा शर्मा, ऋषि कुमार, बेबी पाण्डेय, रंजीता व अन्य का सहयोग रोटी देने और वितरण में अतुल्य है।

### आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक के जन्मोत्सव पर लगा रक्तदान शिविर




**मेदिनीनगर।** आर्ट ऑफ लिविंग ने रक्तदान शिविर लगाया। विदित है कि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम हर वर्ष 13 मई को मनाया जाता है, परंतु उक्त तिथि को चुनावी महापर्व होने के कारण संस्था रक्तदान शिविर 19 मई को लगाया। इसमें योगा प्रशिक्षक रागिनी प्रकाश और प्रमोद सिंह, जय प्रकाश, विवेक कुमार, किशोर सिन्हा, अंकित तुलस्यान, अमित मीतू, अनुज कुमार एवं धीरेंद्र कुमार ने रक्तदान किया गया। वहीं सुशील तुलस्यान, ज्ञानी एवं रीता देवी ने भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसे सफल बनाने में ब्लड बैंक के मेडिकल इंचार्ज डॉक्टर जितेंद्र सिंह के साथ सहयोगी स्टाफ अनवर एवं चंद्रा का काफी सहयोग मिला।

### मोदी को पद की नहीं, मगर देश को मोदी की जरूरत है : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइयां ने पूर्व की तरह रविवार को भी चतरा लोकसभा क्षेत्र के मनातू मंडल समेत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पार्टी के उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान कर देश में पुन: नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने का आग्रह किया। विदित हो कि पलामू लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी के निर्देश पर लगातार कई नेता और कार्यकर्ता विभिन्न क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों के पक्ष में सघन दौरा और प्रचार कर आम अवाम को केंद्र सरकार की योजनाएं और मोदी जी के विचारों से अवगत करा रहे हैं। आज उसी के निमित्त मनातू मंडल के चुनावी कार्यालय में प्रभात भुइयां ने कार्यालय में उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ताओं से तन मन से लगकर ऐतिहासिक मतों से कालीचरण सिंह को जिताने का आग्रह किया। वही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने कार्यकर्ताओं से विपक्षियों को मुंहतोड़ जवाब देने का मंत्र बताते हुए हर मोर्चे पर सशक्त होकर कालीचरण सिंह को ऐतिहासिक वोट से जिताने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी को किसी पद की जरूरत नहीं मगर देश को नरेंद्र मोदी की जरूरत है इसलिए हम सबको आगे बढ़कर इस बार पुन: केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है। मौके पर पर मनातू मंडल के कई पार्टी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। उक्त नेताओं का स्वागत धर्मेंद्र कुमार ने किया।

### ट्रेन से गिरकर व्यवसायी की मौत

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पलामू एक्सप्रेस से उतरने के क्रम में गिरने से व्यवसायी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि मृतक की पत्नी ट्रेन से नहीं उतर सकी। ज्ञात हो कि जेलहाता सर्वोदय नगर के कृष्णा प्रसाद पिता स्व काशीनाथ प्रसाद अपनी पत्नी का पटना से ईलाज कराकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही ट्रेन डालटनगंज स्टेशन पर रूकी तो वे प्लेटफार्म पर उतरने लगे और ट्रेन खुल चुकी थी। इस क्रम में वे झटके से गिर पड़े।

### दो बाइक की टक्कर, पांच युवक घायल

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर-पांडू मुख्य पथ स्थित बैठा चिमनी ईंट भट्ठा के समीप दो बाइक की आमने-सामने की भीषण टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना शनिवार रात नौ बजे की है। जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के कामता निवासी धर्मेंद्र पांडू से बाइक से घर आ रहे थे। जहां जोरदार टक्कर हो गयी।

## चतरा लोकसभा : पांकी विधानसभा के लिए मतदान सामग्री लेकर डिस्पैच सेंटर से रवाना हुए मतदान कर्मी

# कुल 326 बूथों पर 3,22,063 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**




पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों के लिए रवाना होते मतदानकर्मी और विदा करते डीसी-एसपी।

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा अंतर्गत पड़ने वाले पांकी विधानसभा के कुल 326 बूथों के लिये रविवार को जिला मुख्यालय स्थित गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के परिसर से सभी मतदान सामग्री लेकर मतदानकर्मियों को रवाना किया गया। पांकी विधानसभा के लिये प्रतिनियुक्ति कर्मी सुबह 7 बजे से ही केंद्र पर पहुंच गये थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, ईवीएम/ वीवीपैट कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन पांकी विधानसभा के सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रीति किस्कू की देख-रेख में वितरण कार्य शुरू हुआ।

रविवार को जीएलए कॉलेज में पांकी विधानसभा के लिये बनाये गये काउंटर पर कई तरह के कागजी प्रक्रियाओं के मिलान के पश्चात मतदानकर्मियों को मतदान सामग्री देकर अपने-अपने बूथों के लिये रवाना कर दिया गया। पोलिंग पार्टी के साथ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस बल को भी टैग किया गया था।

चतरा लोकसभा के पांकी में सोमवार को होने वाले मतदान में कुल 326 बूथों पर 322063 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिसमें महिला मतदाता 156679 व पुरुष मतदाता 165384 शामिल हैं।

### हम हैं तैयार, आप भी हो जाइये तैयार...

- 20 मई को करिये अपना मतदान



**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा में देश की आधी आबादी लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर महिला मतदानकर्मी भी उत्साहित हैं। हम हैं तैयार। आप भी हो जाइये तैयार, 20 मई को करिये अपना मतदान के बुलंद इरादों व मतदाताओं से अपील के साथ महिला मतदानकर्मियों ने भी इभीएम के साथ पांकी बिधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कलस्टर के किये रविवार को रवाना हो गये।

# चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी विधानसभा में मतदान आज

- 326 मतदान केंद्र के लिए मतदानकर्मी रवाना
- सुरक्षा के लिए किये गये पुख्ता इंतजाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए मतदान सोमवार को होना है। इसके तहत चतरा संसदीय क्षेत्र में पलामू जिला के पांकी, मनातू, तरहसी, लेस्लीगंज, पीपराटांड़ के अलावे सबतरवा प्रखंड के कुछ क्षेत्रों में मतदान के लिए पलामू उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने सारी तैयारी पूर्ण कर ली है।

**खास बातें :** वहीं जीएलए कॉलेज परिसर से मतदानकर्मियों को इवीएम व चुनाव संबंधित अन्य सामग्री के साथ 326 बूथों के लिए रवाना कर दिया गया है। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी बूथों पर पर्याप्त सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावे गश्ती दल को भी तैनात कर दिया गया है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस की पैनी नजर है। वैसे मतदान केंद्रों पर विशेष रूप से पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि मतदाताओं को कहीं किसी प्रकार की कोई कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े। पुलिस प्रशासन के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को निर्भिक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया है। इस अभियान में प्रशिक्षु आईपीएस, एसडीपीओ, थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी के द्वारा अपने अपने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया है।



वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर पैनी नजर रखी हुई हैं। इसके लिए क्यूआरटी का गठन भी किया गया है। ताकि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन सक्षम है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन ने 276 मतदान भवनों पर मतदानकर्मियों को प्रशिक्षित कर चुनाव सामग्री के साथ रवाना कर दिया है। वहीं उपायुक्त के द्वारा पूरे पांकी विस क्षेत्र में मतदान के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ताकि किसी भी बूथ पर कोई गड़बड़ी न हो। मतदान सोमवार को सुबह सात बजे से संध्या पांच बजे तक कराया जायेगा।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित है : बिट्टू पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चतरा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार के एन त्रिपाठी के पक्ष में हर इलाके में इस बार लहर देखने को मिल रहा है। कृष्णानंद त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित है। उक्त बातें पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कही।

श्री पाठक ने कहा कि चुनाव के अंतिम दौर में भाजपा कई प्रकार के प्रोपेगेंडा खड़ा करती मतदाताओं को दिग्भ्रमित करने का प्रयास करती है लेकिन इस बार चतरा के मतदाता परिवर्तन का मन बना चुकी है। भाजपाइयों के जुमले व छलावा में जनता नहीं फंसेगी। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने के लिए पूरे इंडिया गठबंधन एकजुट है।

### विपक्षी भाजपाई हताश और निराश : जिलाध्यक्ष



वहीं विपक्षी भाजपाई हताश और निराश हैं। उन्हें कई जगहों पर विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। मतदाता जागरूक है वह किसी के बहकावे में आने वाले नहीं है। श्री पाठक ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र के मतदाता 20 मई को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी जी के पक्ष पर भारी मत देकर उन्हें जिताने का काम करेंगे। इस बार चतरा लोकसभा में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी भारी मतों से चुनाव जीतने जा रहे हैं। मौके पर गिरजा राम, भोला पांडे, बलराम पांडे, एजाज अहमद खान, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, मुकेश सिंह, निरंजन सिंह, राघव सिंह शामिल थे।

# मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

- 70 से ज्यादा युवा और वृद्ध लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिविर में स्वास्थ्य जांच कराते जरूरतमंद।

**मेदिनीनगर।** बेलवाटीका चौक स्थित गांधी उद्यान पार्क में मारवाड़ी युवा मंच डालटनगंज शाखा ने स्वास्थ्य जागृति शिविर लगाया। स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर, डायबिटीज की जांच की गई। मारवाड़ी युवा मंच के सचिव सज्जन शंघई ने बताया कि पूर्व में शिविर लगाया जाता था परंतु कोरोना काल के समय से इसे बंद कर दिया गया था। अब फिर से मंच के सभी सदस्यों के प्रयास से इस डी क्लब को वापस शुरू किया गया है। इसमें डी-क्लब प्रभारी रवि कामदार एवं केशव लाठ ने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मंच के डी-क्लब प्रभारी रवि कामदार ने बताया कि यह क्लब अब हर महीने की प्रथम एवं तृतीया रविवार को लगाया जाएगा। माह के प्रथम रविवार को यह लाल कोठा स्थित डॉ बी आर अम्बेडकर पार्क में और तृतीया रविवार को बेलवाटिका चौक स्थित गांधी उद्यान पार्क में लगाया जायेगा।

### प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ राजेश ने किया उद्घाटन

इस कार्यक्रम का उद्घाटन शहर के विख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान डा राजेश व मंच सदस्यों के साथ जुड़े रहे और जांच करा रहे लोगों को अपना परामर्श भी दिया। मारवाड़ी युवा मंच के वरिष्ठ सदस्य गिरधारी जी गर्ग ने बताया कि शाखा द्वारा अपने आसपास के सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में सजग एवं नियमबद्ध रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये हैं। इस कैंप से एक ही दिन में लगभाग 70 से ज्यादा युवा और वृद्ध लोगों को अपने स्वास्थ्य का नि:शुल्क जांच का लाभ मिला। मारवाड़ी युवा मंच के वरिष्ठ सदस्य अरुण शंघई ने बताया कि इस कैंप के दौरन कई वृद्ध ऐसे मिले जिन्हे हाई बीपी और शुगर की समस्या थी परंतु उन्हें पता ही नहीं था। कैंप के दौरान ही उन्हें इसकी जानकारी मिली। कैंप में पवन खेतान, बद्री सिंघानिया, गिरधारी गर्ग, श्याम पोद्दार, रवि कामदार, केशव लाठ, ज्ञानचंद भूत, निशांत सिंघानिया, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, यश सराफ प्रभात अग्रवाल, राहुल सांवरिया, राहुल उदयपुरी, मनोज भिवानिया, अरुण संघई, श्याम कामदार, नीरज कामदार, अंकित तुलस्यान, अशोक हाजीपुर, आलोक पसरिया, विशाल सांवरिया, संजय अग्रवाल, पीयूष तुलस्यान एवं मारवाड़ी युवा मंच के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### भारतीय रेलवे माल गोदाम के श्रमिक संघ धनबाद इकाई की बैठक, श्रमिक संघ की सांगठनिक विस्तार



**मेदिनीनगर।** भारतीय रेलवे मालगोदाम श्रमिक संघ धनबाद इकाई की बैठक धनबाद डिवीजन अध्यक्ष राकेश सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड प्रभारी राजकुमार पासवान शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से धनबाद इकाई क्षेत्र के रेलवे माल गोदाम एवं गुड्स यार्ड साइडिंग में कार्यरत सोशल श्रमिकों के शोषण मुक्त करने उनके कानूनी अधिकार दिलाने एवं सांगठनिक विस्तार तथा मजबूती हेतु धनबाद इकाई का गठन किया गया। संयोजक संजय कुमार, अध्यक्ष- भीष्म नारायण सिंह उर्फ बिट्टू, उपाध्यक्ष विनोद कुमार पासवान, रूपेश कुमार, सचिव-संजय यादव, संगठन सचिव इंद्रदेव यादव, कोषाध्यक्ष- सुनीता देवी, सहकोषाध्यक्ष आशा देवी, कार्यकारिणी सदस्य-रंजीत यादव, दिनेश यादव, प्रकाश पंडित कपिल देव यादव, सुभाष यादव, बबलू यादव, गुरु दयाल यादव, संतोष गुप्ता, संजय यादव ललन यादव, अरविंद पंडित। उपरोक्त नव गठित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कार्यरत श्रमिकों को संघ का सदस्य बनाकर उनके कानूनी अधिकार दिलाने हेतु शांतिपूर्ण ढंग से प्रयत्नशील रहेंगे। शोषित मजदूरों के शोषण मुक्ति एवं कल्याणार्थ तथा क्षेत्र विकास हेतु धनबाद डिवीजन कमेटी सदैव आपके साथ है। मौके पर डालटनगंज संयोजक शंभू प्रसाद, अवधेश सिंह, राजेंद्र पासवान, धीरेंद्र रजक सहित अन्य श्रमिक उपस्थित थे।

### मेदिनीनगर केंद्रीय कारा के जागरूकता शिविर में एलएडीसी के कार्यप्रणाली की दी गयी जानकारी



**मेदिनीनगर।** केंदीय कारा मेदिनीनगर में रविवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव के अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर लगा। उन्होंने लीगल एड डिफेंस कौंसिल के बारे में बंदियों से जानकारी ली। कहा कि ये अधिवक्ता आपके लिए नियुक्त किये गये हैं। कहा कि कोई भी बंदी बिना अधिवक्ता के नहीं रहे। साथ ही आपको या परिवार के सदस्य को कोई समस्या हो तो इनसे सादे कागज पर एक आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भेजें। आपकी समस्या का निदान होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार से समाज के कमजोर व वंचित लोगों को मुफ्त विधिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने बंदियों से समस्या पूछी व निराकरण के उपाय भी बताये। बंदियों ने आधार कार्ड बनाने, राशन कार्ड में नाम जोड़वाने व केस से संबंधित समस्याओं को रखा।

## चुनाव को लेकर एसडीओ ने दिलायी मतदाता जागरूकता अभियान की शपथ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर आगामी 20 मई को चतरा लोकसभा के लिए मतदान होना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने में वृद्धि के स्वीप अंतर्गत कई कार्यक्रम हो रहे हैं। विभिन्न मतदान केंद्रो पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, डीसीएलआर प्यारेलाल बीडीओ सह सीओ सुकेशनी करकेटा, राउमवि बसौरा, राप्रावि कोटखास, प्रावि ओरियाकला आदि मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया और मतदान के लिए शपथ दिलायी। उपस्थित लोगों को प्रेरित करने की शपथ दिलायी।

## व्यय लेखा की जांच नहीं कराने पर दो प्रत्याशियों के खिलाफ नोटिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा लोकसभा**

**मेदिनीनगर।** चतरा उपायुक्त ने चतरा लोकसभा का निर्वाचन लड़ रहे पांकी के सगालिम निवासी समता पार्टी के प्रत्याशी सुमित यादव व लातेहार के अंबाकोठी मस्जिद रोड निवासी स्वतंत्र रूप से लड़ रहे अर्जुन प्रजापति को नोटिस जारी करते हुए कहा कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये तीसरी तिथि 18 मई 2024 निर्धारित की गयी थी इसके बावजूद उपरोक्त दोनों प्रत्याशियों द्वारा व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही उनके एजेंट ने किया। सभी दो प्रत्याशी/ चुनाव अभिकर्ता निरीक्षण में अनुपस्थित रहे। उपरोक्त दोनों प्रत्याशियों को नोटिस जारी करते अविलंब रूप से लेखा शाखा, विकास भवन चतरा में लेखा पंजी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। अगली निर्धारित होने वाली तिथि तक यदि निरीक्षण के लिए उपस्थित नहीं होते हैं और उनके द्वारा प्रतिनियुक्ति चुनाव अभिकर्ता लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं करता है तो दोनों ही प्रत्याशियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत यह माना जायेगा कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेख संधारित करने में आप असफल रहे हैं।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की अभिभावक गोष्ठी में शैक्षणिक प्रगति पर जोरदार चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गोष्ठी में उपस्थित बच्चों के अभिभावक और शिक्षक।

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जपला धरहरा नहर मोड़ के समीप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में शनिवार को अभिभावक गोष्ठी की गयी। जिसमे कक्षा नवम एवं दशम तक के भैया-बहनों के कई अभिभावक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुरुआत विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, सचिव राकेश तिवारी, सत्येंद्र चंदेल, सतीश सिंह, प्राचार्य कुशजी पांडेय, प्रभारी प्राचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चों के उज्जवल भविष्य से संबंधित विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। प्रधानाचार्य अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि भैया-बहनों के विकास के लिए विद्यालय कटिबंध है, परंतु बिना अभिभावकों के सहयोग के यह कार्य सफल होना संभव नहीं है। अभिभावकों के पास समस्या है कि बच्चों की सारी जरूरत को कैसे पूरा करें? लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है बच्चों को कैसे तैयार करें की वह कठिन चुनौती का सामना सफलतापूर्वक कर सके।

**खास बातें :** इसके लिए आपका सहयोगी विद्यालय है अभिभावक अपने पाल्य पाल्या का फीडबैक अवश्य लें। अभिभावक एवं विद्यालय के बीच के संपर्क पर जोर डालते हुए कहा कि समय-समय पर संपर्क करने एवं गृह कार्य की जानकारी अथवा अन्य विषयों पर भी दोनों के बीच सही सामंजस्य से ही भैया-बहनों में सकारात्मक विकास संभव है। इस दौरान छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों ने अपने मंतव्य दिये। गोष्ठी में अभिभावकों ने बढ़-चढ़ कर अपने विचारों का आदान- प्रदान किया। सभी अभिभावकों के सुझाव एवं समस्या के निदान पर चर्चा हुई। सभी अभिभावक विद्यालय के व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये। अभिभावक प्रतिनिधि सह समिति सदस्य राजेश सिंह ने बताया कि विद्या मंदिर हमारे बच्चों में संस्कार भरता है।

# चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी विधानसभा में मतदान आज

- 326 मतदान केंद्र के लिए मतदानकर्मी रवाना
- सुरक्षा को लेकर किये गये पुख्ता इंतजाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए मतदान सोमवार को होना है। इसके तहत चतरा संसदीय क्षेत्र में पलामू जिला के पांकी, मनातू, तरहसी, लेस्लीगंज, पीपराटांड के अलावे सबतरवा प्रखंड के कुछ क्षेत्रों में मतदान कराने के लिए पलामू उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन द्वारा सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। वहीं जीएलए कॉलेज परिसर से मतदानकर्मियों को इवीएम व चुनाव संबंधित अन्य सामग्री के साथ 326 बूथों के लिए रवाना कर दिया गया है। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी बूथों पर पर्याप्त सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावे गश्ती दल को भी तैनात कर दिया गया है।



- पांकी विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस की पैनी नजर है। वैसे मतदान केंद्रों पर विशेष रूप से पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि मतदाताओं को कहीं किसी प्रकार की कोई कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े। पुलिस प्रशासन के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को निर्भिक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया है। इस अभियान में प्रशिक्षु आईपीएस, एसडीपीओ, थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी के द्वारा अपने अपने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर पैनी नजर रखी हुई हैं। इसके लिए क्यूआरटी का गठन भी किया गया है। ताकि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन सक्षम है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन ने 276 मतदान भवनों पर मतदानकर्मियों को प्रशिक्षित कर चुनाव सामग्री के साथ रवाना कर दिया है। वहीं उपायुक्त के द्वारा पूरे पांकी विस क्षेत्र में मतदान के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ताकि किसी भी बूथ पर कोई गड़बड़ी न हो। मतदान सोमवार को सुबह सात बजे से संध्या पांच बजे तक कराया जायेगा।

# मोतिहारी पुलिस ने 94 लाख नगद किया बरामद



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी पुलिस ने लोकसभा चुनाव के छठे चरण के पूर्व बड़ी कार्रवाई की है।पुलिस ने भारत-नेपाल के सटे रक्सौल शहर के नागा रोड के एक मीठा व हुंडी कारोबारी ध्रुव साह के यहां छापेमारी करते हुए 94 लाख भारतीय और नेपाली रुपये जब्त किया है। साथ ही वहां से नोट गिनने वाली मशीन भी बरामद किया है।उक्त कारवाई मिली गुप्त सूचना के बाद एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर किया गया है। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। हालांकि प्रारंभिक पूछताछ में इन लोगो ने अब तक इतनी बड़ी राशि का कोई ठोस सबूत नहीं दिया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने कैश बरामदगी की पुष्टि करते बताया कि छापेमारी के दौरान 34,34,500 भारतीय रुपये और 60,18,000 नेपाली रुपये कुल 94.52 लाख नगद राशि बरामद किये है। इस मामले की सूचना आयकर विभाग को दे दी गई है। उन्होने बताया कि उक्त कारवाई सदर एएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में चल रही है। एसपी ने कहा कि प्रथम द्दष्टया यह मामला हवाला कारोबार से जुड़ा हुआ लग रहा है। जिसकी जांच की जा रही है।

## पहले से घात लगाए बदमाशों ने की 80 हजार रुपए और बाइक की छिनतई


**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मोधरा मोड़ ईदगाह के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने बीती रात सिमराहा थाना क्षेत्र के झिरवा पछियारी के रहने वाले अबु तालिब पिता -स्व.नसीर से 80 हजार रुपये और बाइक छीन ली। मामले को लेकर पीड़ित अबु तालिब ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर चार नामजद को आरोपी बनाया है। अबु तालिब के साथ उनकी बाइक पर मो. नईम सवार था। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में अबु तालिब ने बताया कि बीती रात रमई घोड़ाघाट से वह नईम के साथ बाइक से घर जा रहा था कि इसी क्रम में मोधरा मोड़ ईदगाह के पास पहले से मो इस्तियाक पिता -स्व.युनुस, मो. रिजवान पिता -मो.इस्तियाक, मो. मुस्तफा पिता -स्व.युनुस और छोटू पिता -मो.मुश्ताक ने आगे से घेर लिया। सभी आरोपी रमई घोडाघाट वार्ड संख्या दो का रहने वाला है। मोटरसाइकिल को आगे से घेरकर पिस्तौल दिखाकर साढू के पास से लाए गए 80 हजार रुपए और उनकी बाइक होंडा शाइन संख्या बीआर 38डबल्यू/4943 छीन लिया।आवेदन में उन्होंने छोटू और रिजवान के पास पिस्तौल होने वो बात कही।

# चार चरणों में 270 का आंकड़ा पार हुआ : शाह

## बिहार की सभी 40 सीटें जीत रहे हैं

एजेंसी

**पटना/बेतिया (बिहार)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बेतिया में भाजपा उम्मीदवार डॉ. संजय जायसवाल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि बिहार में सभी 40 सीटें राजग गठबंधन को मिल रही हैं। अबतक हुए चार चरणों में कुल 270 का आंकड़ा पार कर चुके हैं। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव कहते हैं कि मुसलमानों को शत-प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए। लालू बताएं कि वे किसका आरक्षण काट कर देंगे? दलितों का, आदिवासियों का या पिछड़े समाज का आरक्षण काट कर देंगे। उन्होंने कहा कि इंडी



गठबंधन में झूठ का व्यापार करने वाले लोग हैं।

ये झूठ बोलकर और जनता को गुमराह कर राजनीति में विजय प्राप्त करना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा कि लालू प्रसाद बिहार के सीएम और केंद्र में मंत्री रहे। इस दौरान क्या उन्होंने कभी कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए प्रयास किया। कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने का काम पीएम मोदी ने किया है। शाह ने कहा कि पीओके हमारा है या नहीं? कांग्रेस पार्टी के नेता मणिशंकर अय्यर और लालू यादव के साथी फारुक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, पीओके की बात मत करो। हम भाजपा के कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते। यह मोदी की गारंटी है कि पीओके भारत का है और रहेगा। इसे हम लेकर रहेंगे। गृहमंत्री की सभा के लिए वाटर प्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया था। इसमें 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था थी। जनसभा के बाद शाह दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## नेपाल शतरंज बिलो-1800 कैटेगरी में रोहन प्रथम

**किशनगंज।** होटल बटवाल, क्राउन प्लाजा, नेपाल में कर्नल उजीर सिंह थापा मेमोरियल अंतर्राष्ट्रीय बिलो-2000 शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इसमें अमेरिका, बांग्लादेश, नेपाल एवं भारत से कुल 153 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमे बिहार के किशनगंज जिले के जिला चैंपियन खिलाड़ी रोहन कुमार भी शामिल थे। रोहन ने इस प्रतियोगिता के बिलो-1800 कैटेगरी में चैंपियन बनकर अपने जिले का मान बढ़ाया है। इन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के साथ नगद 8000 रुपया पुरस्कार स्वरूप प्राप्त हुआ।



## अररिया में गला रेत एवं पेट में चाकू घोंपकर हत्या

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के त्रिशूलिया घाट के पास एक युवक का गला रेता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वही, देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार की अहले सुबह कुछ स्थानीय लोग शहर के त्रिशूरिया घाट स्थित परमान नदी के तट पर पहुंचे। उन्होंने एक युवक के शव को देखा, जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक के गले को रेत दिया गया है। साथ ही युवक के सीने में कई जगह चाकू से वार किया गया है। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा नगर थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। त्रछ एवं स्वान-दस्ता की टीम पहुंच कर घटना की जांच कर रही है। वही, घटना की सूचना पर अररिया एसपी अमित रंजन भी घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि शव को देखने से प्रतीत हो रहा है की चाकू गोद कर हत्या की गई है। शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मृतक की फोटो सकुर्लेट की जा रही है। पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## स्वतंत्र निर्भीक निष्पक्ष शान्तिपूर्ण चुनाव को जिला प्रशासन दृढ़ संकल्प : डीएम

**मधुबनी।** संसदीय क्षेत्र मधुबनी में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को सभी मतदान केन्द्रों के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्थित इन्तजाम के साथ इवीएम लेकर प्रतिनियुक्त कर्मियों को भेजा गया। मधुबनी संसदीय क्षेत्र में सोमवार सुबह सात बजे से मतदान प्रारम्भ होना सुनिश्चित है। मधुबनी संसदीय क्षेत्र के सभी छह विधान सभा के मतदाताओं द्वारा सोमवार को उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान होना है।

मधुबनी लोक सभा अन्तर्गत क्रमशः छह विधानसभा क्षेत्रों बिस्फी, बेनीपट्टी, हरलाखी, मधुबनी सदर व जाले, केवटी सन्निहित हैं। केवटी व जाले विधान सभा दरभंगा जिला अन्तर्गत है। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने अधीनस्थ अधिकारियों व निर्वाचन कोषांग की जायजा लिया। मधुबनी संसदीय क्षेत्र में सोमवार सुबह से मतदान प्रारम्भ होना है। डीएम अरविन्द कुमार ने कहा कि स्वतंत्र निर्भीक निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव को जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। डीएम ने रविवार को सभी बूथों की सघन समीक्षात्मक तैयारियां की जानकारी लिया। सूत्रानुसार एसपी सुशील कुमार ने नेपाल वोर्डर सहित सुदूर ग्रामीण परिवेश के थानाध्यक्षों को सुरक्षा का सख्त निर्देश दिया।

## डायरिया से नवादा के बलवापर गांव में एक महिला की मौत, दर्जनों ग्रसित

**नवादा।** जिले में वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के बलवापर-मंजौर गांव में डायरिया ने महामारी का रूप धारण कर लिया है। इसकी चपेट में आने से रविवार को एक महिला की मौत होने की खबर है, जबकि 60-70 लोग आक्रांत होकर इलाजरत हैं। कई दिनों से लोग इसकी चपेट में आ रहे थे। लेकिन रविवार से इस बीमारी से प्रभावितों की संख्या बढ़ने लगी। जब ज्यादा लोग इसकी चपेट में आए तो सूचना पीएचसी को दी गई। रविवार की दोपहर बाद पीएचसी वारिसलीगंज से मेडिकल टीम गांव पहुंच राहत-बचाव के काम में जुट गई है। ग्रामीण सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्मिला देवी पति दशरथ यादव की मौत डायरिया से हुई है। जबकि 60-70 लोग इसकी चपेट में हैं। सुबह से ही पीएचसी वारिसलीगंज को सूचना दी जाती रही। लेकिन फौरी तौर पर इलाज की व्यवस्था नहीं की गई। जो लोग चपेट में आए हैं। यत्र-तत्र अपना इलाज करा रहे हैं। डायरिया का प्रसार कैसे हुआ इसके बारे में ग्रामीण कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। गांव में न तो कोई सामूहिक भोज हुआ है, न ही पूजा-पाठ का प्रसाद ही वितरित हुआ है। पानी भी लोग नल-जल आपूर्ति योजना का पी रहे हैं। मेडिकल टीम जांच-पडताल के बाद किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी। वैसे, संभव है कि हीट वेव से लोग प्रभावित हुए हों। फिलहाल, मेडिकल टीम गांव में कैंप कर पीड़ितों का इलाज कर रही है। गांव में मौजूद पीएचसी प्रभारी डॉ आरती अर्चना का कहना है कि किसी मरीज में डायरिया का प्रारंभिक लक्षण नहीं दिख रहा है। जो भी बीमार सामने आए हैं सभी अलग-अलग समस्याएं बता रहे हैं। गर्मी के कारण ऐसा हो सकता है।

# छेड़छाड़ के आरोप में तीन गिरफ्तार



गिरफ्तार युवक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि की पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर जानलेवा हमला के मामले में पीड़िता के द्वारा दिए आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तीनो युवकों केतार के चाचेरिया निवासी चंदन यादव पिता बिसंभर यादव, सोनू कुमार पिता विष्णु यादव, यशवंत यादव पिता नगीना यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जबकि घटना में शामिल बुलेरो को जप्त कर थाना ले आया गया है।

## नवादा में बच्चों के बीच झगड़े में गोलीबारी से गांव में तनाव, तीन घायल

**नवादा।** नवादा जिले के पकरीबरावां थानाक्षेत्र के बुधौली गांव में रविवार को मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि नवादा जिले के बुधौली के उत्तम सिंह पिता मनोज सिंह गांव में ही एक गुमटी चलाते हैं। गुमटी के समीप गांव के ही नीतीश कुमार ने उत्तम सिंह के घर के एक बच्चे के साथ धक्का-मुक्की किया। जिसके बाद मारपीट की घटना हुई। बाद में मामला शांत करा दिया गया। कुछ घंटे बाद नीतीश कुमार अपने परिवार के लोगों व सहयोगियों के साथ लाठी-डंडा और बंदूक लेकर उत्तम के घर पहुंच गए। घर के लोगों को पकड़ - पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान गोलीबारी भी की गई। गोलीबारी में 38 वर्षीय उत्तम सिंह घायल हो गए। उनके दाहिने पैर में गोली लगी है, जबकि, उत्तम के चाचा सुनील सिंह और सुनील सिंह के पुत्र पंकज सिंह मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए। घटना की जानकारी के बाद पकरीबरावां थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की।

## स्कूलों के समय में बदलाव व्यवहारिक नहीं, सनक भरा फैसलाः माले

**भागलपुर।** भाकपा-माले ने भागलपुर सहित पूरे बिहार के विद्यालयों को सुबह 6 बजे से लेकर अपराह्न 1:30 बजे तक खुला रखने के आदेश को पूरी तरह अव्यावहारिक बताया है। पार्टी के नगर प्रभारी व ऐक्टू के राज्य सचिव मुकेश मुक्त ने कहा कि यह फैसला सनक भरा है। इसके कारण छात्र-छात्राओं और शिक्षक समुदाय को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की तबियत बिगड़ने की सूचनाएं आ रही है। भयंकर धूप और गर्मी भारी परेशानी का सबब बना हुआ है।

## प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप और नशीली दवाईयां बरामद

एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज के एफसीआई चौक वार्ड संख्या चार में पुलिस ने छापेमारी कर एक कार से प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप और नशे के रूप में इस्तेमाल करने वाली दवाईयों का खेप बरामद किया है। हालांकि पुलिसिया कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। फारबिसगंज थाना में एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी को यह गुप्त सूचना मिली थी कि महिंद्रा मराजो कार से भारी मात्रा में कोडिनयुक्त कफ सिरप और नशीली दवाईयों का खेप फारबिसगंज पहुंचने वाला है। सूचना के तहत फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा की अगुवाई में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने गाड़ी से 15 कार्टून में रखे गए करीबन 22 सौ बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप करीबन 220 लीटर और दो कार्टून में रखे 28 हजार 320 पीस नशे के रूप में उपयोग आने वाले दवाईयों के खेप को बरामद किया।

## पत्र के माध्यम से एक लाख की रंगदारी की मांग व जान मारने की धमकी

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रमई वार्ड संख्या पांच के रहने वाले बटुक झा के 21 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार झा से पत्र के माध्यम से एक लाख की रंगदारी की मांग की गई है। हालांकि रंगदारी मांगने वाले ने अपना नाम कहीं भी अंकित नहीं है।

अजीत कुमार झा रमई के वार्ड संख्या पांच स्थित सुजीत इलेक्ट्रोनिक दुकान के मालिक हैं।मामले को लेकर फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फारबिसगंज थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि 18 मई की रात्रि 9:30 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया था। रविवार के सुबह जब हुआ अपना दुकान खोलने के लिए गया तो दुकान के बाहर में लगे ताले में बंधा एक पत्र पाया। जिसमें एक लाख रुपये जमा करने की बात कही गई। पत्र मे एक लाख का रकम जमा नहीं करने पर गोली मार देने की धमकी दी गई है और पत्र देने वाले ने अपने गैंग के पाकिस्तान में रहने की बात करते हुए कहा कि 8 दिन के भीतर रकम नहीं मिलने पर गैंग के सदस्य में गोली मार देंगे। मामले को लेकर फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने आवेदन मिलने की बात करते हुए जांच कर कार्रवाई की बात कही।

# ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहते है अर्द्धसैनिक बलों के जवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**किशनगंज।** बाजार समिति के वज्रगृह में ईवीएम व वीवीपैट की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।सुरक्षा के मद्देनजर कई स्तर पर की गई व्यवस्था की पड़ताल भी बीच बीच मे एसपी के द्वारा की जा रही है। स्थल के पास सुरक्षा कड़ी है। वही ईवीएम व वी वीपैट की सुरक्षा में 24 घण्टे अर्द्धसैनिक बलों के जवान तैनात रहते हैं। जवानों की अलग अलग शिफ्ट में डियूटी लगायी जाती है। स्थल के पास सुरक्षा ऐसी है की परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। गौर करे कि 4 जून को मतगणना है। मतगणना के दिन ही कड़ी सुरक्षा के बीच व्रजगृह को खोला जाएगा। इससे पहले वहां किसी को भी जाने की अनुमति नहीं है। किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के चुनाव के बाद पहले दिन से लेकर अब



तक डीएम तुषार सिंगला व एसपी सागर कुमार लगातार स्थल का मुआयना कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। वही वज्रगृह में जिस स्थान पर ईवीएम रखा गया है। वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। स्थल के चारों ओर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।वज्रगृह की सुरक्षा थ्री लेयर में है। स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। परिसर में किसी को भी भटकने की अनुमति नहीं है। एसडीएम लतिफुर रहमान, एसडीपीओ गौतम कुमार व सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार भी व्यवस्था का जायजा लेते रहते हैं। वही प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी बाजार समिति परिसर में मौजूद रहकर व्यवस्था पर नजर बनाए हुए है। ज्यादातर मुख्य पार्टियों के प्रत्याशियों के प्रतिनिधि वहां की व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। स्थल की सुरक्षा ऐसी है की स्थल से 1 किमी दूरी तक भी कोई भटक नहीं सकता है। स्थल के पास बल्ब की रौशनी की अच्छी खाशी व्यवस्था की गई है।

## मां आनंदी संस्था ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भागलपुर।** मां आनंदी संस्था के द्वारा रविवार को सैंडिस कंपाउंड परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। कि मां आनंदी संस्था विगत कई वर्षों से महिला उत्थान एवं अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते आ रही है। लोगों को स्वरोजगार, कन्या विवाह, वृक्षारोपण, पर्यावरण सुरक्षा, मेडिकल कैंप आदि कार्य कर लोगों को लाभान्वित करने का काम कर रही है। उसी कड़ी में आज मां आनंदी संस्था ने स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर शंखनाद के साथ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाया। सभी महिलाओं ने संस्था की संस्थापिका प्रिया सोनी के सानिध्य में एरोबिक कर स्वास्थ्य लाभ लिया और लोगों को जागरुक करते हुए योग एक्सरसाइज एवं एरोबिक्स करने की अपील की। मौके पर संस्था की संस्थापिका प्रिया सोनी ने कहा कि सैकड़ों महिलाएं कार्यक्रम में स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। यहां पर ताली वर्कआउट, भजन, शंख एवं घंटी ध्वनि के साथ व्यायाम कराया जाता है। उन्होंने कहा कि शंख और घंटी सिर्फ पूजा के लिए नहीं बल्कि इसके उनके वैज्ञानिक महत्व भी हैं। आयुर्वेद और वैज्ञानिक की माने तो शंखनाद से सकारात्मक ऊर्जा का सृजन होता है। जिससे आत्मबल में वृद्धि होती है। शंख में प्राकृतिक कैल्शियम, गंधक और फास्फोरस की भरपूर मात्रा होती है। शंख से मुख के तमाम रोगों का नाश होता है। फेफड़ों को भी तंदुरुस्त रखता है। एरोबिक में शामिल कई महिलाओं से एरोबिक से होने वाले लाभ को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि अर्थराइटिस, गैस बनना, सर दर्द, बीपी, वजन नियंत्रण, माइग्रेन जैसे कई बीमारियों से हम लोगों को लाभ मिला है। आज हमें दवाई से मुक्ति मिल चुकी है।

# भव्य मंदिर बनाने को लेकर बैठक, कमिटी का गठन



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोदरा में भगवती मंदिर परिसर में मां भगवती मंदिर कमिटी के चयन के लिए यमुना प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अरुण सिंह को अध्यक्ष, सतीश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष व प्रयाग चौधरी को सचिव चयनित किया गया। कमिटी में अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव के साथ 12 संरक्षक और 21 सदस्यों का भी चयन किया गया है। जानकारी देते हुए सतीश सिंह ने बताया कि बैठक का उद्देश्य है मंदिर का विकास करना। जिसके लिए कमिटी का गठन किया गया है। बैठक में गांव का देवी मंदिर भव्य बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर ज्वाला प्रसाद सिंह, राजकुमार चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, अमलेश कुमार सिंह, वार्ड सदस्य राजेश्वर सिंह, विवेक कुमार सिंह, कृष्णा चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चौधरी, बसंत कुमार सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, सोनू चंद्रवंशी, हरेंद्र साह, समित कुमार सिंह, विशाल कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कांडी बाजार क्षेत्र में नहीं बनी सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** गढ़वा-कांडी निर्माणाधीन सड़क पिछले कई वर्षों से बन रही है जिसका निर्माण आज भी अधूरा है। पीडब्ल्यूडी विभाग से उक्त सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन कांडी बाजार क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर लंबाई में सड़क का निर्माण नहीं किया गया और आज भी अधूरा है। इसके पीछे कौन सा कारण है कि कांडी बाजार क्षेत्र में उचित होटल के सामने से जमा दो उच्च विद्यालय तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

इसके आगे पीछे सड़क का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जबकि इसी सड़क अंतर्गत मझिआंव बाजार क्षेत्र में निर्माण पूरा कर लिया गया है। सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने से बाजार क्षेत्र में सड़क गड्ढ़े में है और सड़क किनारे जो नाली बनी है वह सड़क से ऊंचा है जिस कारण सड़क में पानी जमा रह जाता है। अगर नाली से सड़क ऊंचा होता तो बरसात व दूसरा पानी सड़क के



कांडी बाजार

बीच में जमा नहीं रहकर नाली के माध्यम से बह जाता। लगभग एक किलोमीटर की लंबाई में सड़क निर्माण नही होने से यहां पर सड़क की चौड़ाई भी कम है। जिस कारण प्रायः सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। इस संबंध में स्वयंसेवी संस्था दृष्टि यूथ आर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने कहा कि कांडी बाजार मुख्य सड़क में चौड़ीकरण के साथ सड़क निर्माण हो साथ में नाली का भी निर्माण किया जाना चाहिए, क्योंकि गर्मी के समय में भी घर और होटल के पानी का निकास सीधे सड़क तक आता है जिससे आवागमन में राहगीरों को परेशानी होता है। इससे संबंधित गढ़वा पथ निर्माण के उच्च अधिकारियों से संपर्क करके अभी तक अधूरा निर्माण को लेकर सवाल करूंगा और कार्य में तेजी लाने का आग्रह करूंगा। इस संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि कांडी में जितना सड़क बनना था बन चुका। इससे अधिक और सड़क नहीं बनेगी। कांडी बाजार में पुरानी ही सड़क रहेगी।

## लोकल बालू से विद्यालय निर्माण करवाने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**किशनगंज।** जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत रसिया पंचायत के बांसबारी में निमार्णाधीन विद्यालय में अनियमितता बरतते हुए कार्य करवाने का ग्रामीण ने संवेदक पर आरोप लगाया है। रविवार को स्थानीय निवासी गिरजानंद का कहना है कि शुरूआती दौर में भी उक्त विद्यालय में अनियमितता बरती जा रही थी तब जाकर उनके द्वारा विरोध करने पर सामग्री बदलवाया गया था फिर आगे का कार्य करवाया गया और अभी भी लोकल और घटिया किस्म की बालू से ही स्कूल का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। मौके पर मौजूद कार्य कर रहे लोगों का कहना है कि उन्हें जैसा सामग्री मिला है वह लोग उसी सामग्री से कार्य कर रहे हैं उनका कहना है कि वह मजदूर है इसके बारे में ठेकेदार ही बता पाएंगे इस संबंध में विभागीय जेई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले को जाकर देख लिया जाएगा। मौके पर सूचनापट भी नहीं लगाया गया है जिससे यह पता चल पाए कि आखिर योजना किस मद से है और इसकी लागत राशि क्या है?

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**नवादा।** नवादा जिले के नारदीगंज थाना इलाके के जोराबर बिगहा गांव में रविवार को एक महिला की हत्या ससुराल के लोगों ने कर दी। साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जलाने की तैयारी थी लेकिन मायके वालों की सक्रियता से ऐसा संभव नहीं हो सका। मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने गांव के बधार में सोता (आहर) से शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। मृतका नारदीगंज थाना क्षेत्र के जोराबर बिगहा निवासी दुलारचंद चौहान की 20 वर्षीया पत्नी ललिता देवी हैं। गला घोंट कर हत्या करने की बात सामने आ रही है। मृतका का मायके इसी जिले के मुफस्सिल थाना इलाके के झुनाठी गांव बताया गया है। वह रामजन्म चौहान की बेटी थी। एक वर्ष पहले ही शादी हुई थी। शादी के समय पल्सर बाइक, साढ़े सात लाख रुपए नगद समेत अन्य सामान दिया गया था। हिंदू रीति रिवाज से शादी हुई थी। घटना की सूचना गांव वाले ने मायके वालों को दिया, तब उसके पिता के अलावा भाई चंद्रमौली चौहान, दलेलपुर निवासी मामा जयमंगल चौहान समेत अन्य लोग पहुंचे थे। घर में कोई नहीं मिले। तब पुलिस की डायल 112 पर सूचना दिया, शव की खोजबीन शुरू हुई। गांव वाले ने कहा कि शव डोहरा घाट में है लेकिन वहां भी पुलिस को नहीं मिली। तब पुनः दूसरी बार 112 पर पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया।

स्पीड न्यूज

### सुकन्या खाते में राशि जमा करायेंगे अक्षय



**अजमेर।** अभिनेता अक्षय कुमार ने राजस्थान में अजमेर जिले के मसूदा तहसील के देवमाली गांव की बालिकाओं की मदद की घोषणा करते हुए कहा कि वह सुकन्या समृद्धि खाते में अपनी ओर से राशि जमा करायेंगे। अजमेर जिले के देवमाली गांव में फिल्म ह्यजॉली एलएलबी-3 शूटिंग करने यहां आये अक्षय ने शनिवार शाम को ग्रामीणों से कहा कि वह देवमाली गांव की सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर 14 साल तक रकम जमा करवायेंगे। उन्होंने बच्चियों को शिक्षित करने का ग्रामीणों से अनुरोध किया।

### 'आप' को समाप्त करना चाहते हैं मोदीः केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह आप को खत्म करना चहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भाजपा मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह आप मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बहुत तेजी से बढ़ रही है। हमारे कामों की चर्चा देशभर में हो रही है।

### बीजद के पूर्व मंत्री भाजपा में शामिल

**भुवनेश्वर।** बीजद के पूर्व मंत्री एवं निमापारा विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे समीर रंजन दास ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया और अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। श्री दास पार्टी से नाखुश थे। उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त की जब पार्टी ने उन्हें 2024 का चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का टिकट नहीं दिया। वह वर्ष 2009, 2014 और 2019 के विधानसभा चुनावों में लगातार तीन बार निमापारा सीट से विधायक चुने गए थे।उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में समर्थकों के साथ एक विशाल बैठक आयोजित की और पार्टी सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की। पार्टी हालांकि, अपने रुख पर अड़ी रही

### पीएम मोदी आज पुरी में करेंगे रोड शो

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा में अपने चुनाव प्रचार के तीसरे चरण में दो दिवसीय दौरे पर रविवार शाम यहां पहुंचेंगे। श्री मोदी तीर्थ नगरी पुरी में सोमवार को एक रोड शो करेंगे और लोकसभा एवं विधानसभा दोनों चुनावों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में दो सार्वजनिक सभाओं को भी संबोधित करेंगे। मोदी रविवार शाम 6:00 बजे बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे, जहां से वह सीधे पार्टी कार्यालय जाएंगे, जहां प्रधानमंत्री राज्य के चुनाव में पार्टी की संभावित रणनीति पर पार्टी नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।


### इजरायल का जबालिया कैंप पर हमला जारी

**गाजा।** इजरायली सेना ने शनिवार को उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया पर अपना हमला जारी रखा और क्षेत्र के निवासियों से अपने घर खाली करने और पश्चिमी गाजा शहर में आश्रयों की ओर जाने का आग्रह किया। सेना के प्रवक्ता अवीच अदराई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा कि सेना ने इमारतों में अपने सदस्यों के साथ झड़पों के बाद जबालिया में एक तोड़फोड़ सेल को खत्म कर दिया, जहां तोड़फोड़ करने वाले छत की ओर भाग गए और सैन्य बलों पर गोलियां चलाईं। अद्राई ने कहा कि सैनिकों ने इमारतों को घेर लिया और गोलीबारी के बाद समूह को समाप्त कर दिया, झड़पों के दौरान सेना को कोई नुकसान नहीं हुआ।

# आठ राज्यों की 49 सीटों पर वोटिंग आज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में 8.95 करोड़ मतदाताओं के लिए 94 हजार से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान सुबह 07 से शाम 06 बजे तक चलेगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, बिहार की 05, झारखंड की 03, महाराष्ट्र की 13, ओडिशा की 05, पश्चिम बंगाल की 07, जम्मू-कश्मीर की 01 और लद्दाख की 01 सीट पर मतदान होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों पर भी मतदान होगा। इस चरण में 49 सीटों पर कुल 695 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि मतदान आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में हो, मतदान केंद्र पर्याप्त छाया, पीने के पानी, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं के साथ मतदाताओं के स्वागत के लिए तैयार हैं। संबंधित सीईओ/डीईओ और राज्य मशीनरी को उन क्षेत्रों में गर्म मौसम की स्थिति का प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है, जहां इसका पूवार्नुमान है। मतदान दलों को ईवीएम और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। इन 49 क्षेत्रों में से सामान्य के लिए 39 और तीन एसटी तथा सात एससी के लिए आरक्षित हैं। वहीं ओडिशा में 35 विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य के लिए 21 और 08 एसटी तथा 06 एससी के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में 8.95 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिला और 5409 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 7.81 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता और 100 वर्ष से अधिक आयु के 24,792 मतदाता और 7.03 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। इन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है। मतदान व्यवस्था के लिए 17 विशेष रेलगाड़ियां और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानें मतदान और सुरक्षाकर्मियों को ले जाने के लिए लगाई गईं। इस चरण में बिहार की सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर, झारखंड की चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, महाराष्ट्र की धुले, डिंडोरी, नासिक, पालघर, भिवंडी, कल्याण, ठाणे, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-पश्चिम, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई दक्षिण, ओडिशा की बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का, उत्तर प्रदेश की मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झाँसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा, पश्चिम बंगाल की बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलुबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली और आरामबाग, जम्मू-कश्मीर की बारामूला तथा लद्दाख की लद्दाख सीट पर मतदान होगा। इस चरण में मुंबई में भी मतदान होगा।




**पांचवें चरण के लिए जंग**

- इस चरण में 8.95 करोड़ मतदाताओं के लिए 94 हजार से अधिक मतदान केंद्र
- यूपी -14, बंगाल - 07, बिहार - 05, झारखंड -03, महाराष्ट्र - 13, ओड़िशा - 05, जम्मू-कश्मीर -01 और लद्दाख - एक सीट पर होगा मतदान
- ओड़िशा विधानसभा की 35 सीटों पर होगी वोटिंग
- 17 विशेष ट्रेनें और 508 हेलीकॉप्टर मतदान कर्मियों व सुरक्षाकर्मियों को ले जाने के लिए लगायी गयी हैं



**सलमान, अक्षय, शिल्पा और सुनील शेट्टी ने वोट डालने की अपील की**

बॉलीवुड सितारों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लोगों से वोट करने की अपील की है। सलमान खान, अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी और सुनील शेट्टी जैसी फिल्मी हस्तियों ने भी मुंबई और अन्य क्षेत्रों में मतदान करने जा रहे मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया है। शाहरुख ने कहा है कि जिम्मेदार भारतीय नागरिक के रूप में हमें इस सोमवार को महाराष्ट्र में मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। आइए भारतीय के रूप में अपना कर्तव्य निभाएं और देश के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए मतदान करें। आगे बढ़ें, वोट देने के हमारे अधिकार को बढ़ावा दें। सलमान खान ने कहा कि मैं वर्ष में 365 दिन व्यायाम करता हूं, चाहे कुछ भी हो और अब मैं 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहा हूं, चाहे कुछ भी हो। तो जो करना है करो यार, लेकिन जाकर वोट करो और अपनी भारत माता को कष्ट मत दो.. भारत माता की जय। अक्षय कुमार ने वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने कनाडाई नागरिकता छोड़कर अब भारतीय नागरिकता अपना ली है। उन्होंने कहा कि 20 मई मुंबईवासियों को एक अवसर प्रदान करता है जो पांच साल में केवल एक बार आता है। यह अवसर है मताधिकार का प्रयोग करने और सांसद चुनने का। इसे न चूकें, प्रत्येक वोट मायने रखता है।

**इन दिग्गज नेताओं की साख दांव पर**

रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अमेठी से भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी चुनाव मैदान में हैं। लखनऊ सीट से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उम्मीदवार हैं। कैसरगंज से भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण उम्मीदवार हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मुंबई उत्तर, अधिवक्ता उज्ज्वल निकम मुंबई उत्तर-मध्य से भाजपा उम्मीदवार हैं और यहां उनका मुकाबला धारावी से चार बार की विधायक कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ से है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे का मुकाबला शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की उम्मीदवार वैशाली दरेकर राणे से कल्याण सीट पर है। राजद नेता लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य सारण से उम्मीदवार हैं। हाजीपुर से चिराग पासवान उम्मीदवार हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला बारामूला से चुनाव मैदान में हैं।

# मां-माटी और मानुष का भक्षण कर रही टीएमसी

## पुरुलिया में मोदी बोले-बंगाल की महिलाओं का भरोसा ममता से टूटा

**संदेशखाली के पाप ने बंगाल की बहनों को सोचने पर मजबूर किया**

**एजेंसी**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि तृणमूल ये कहकर राजनीति में आई थी कि मां, माटी, मानुष की रक्षा करेगी। आज तृणमूल मां, माटी और मानुष का ही भक्षण कर रही है।

**रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम और इस्कॉन के खिलाफ अफवाह फैला रही हैं ममता :** रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम और इस्कॉन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयान का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि अब तृणमूल ने तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। इन पवित्र संस्थाओं के खिलाफ अफवाह फैलाना ममता बनर्जी की मानसिकता को उजागर करता है। मोदी ने कहा कि बंगाल की महिलाओं का भरोसा तृणमूल कांग्रेस से टूट गया है। संदेशखाली में जो पाप हुआ है, उसने पूरे बंगाल की बहनों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। एससी-एसटी परिवार की बहनों को तो तृणमूल के लोग इंसान ही नहीं समझते। अपने शाहजहां को बचाने के लिए तृणमूल के लोग संदेशखाली की बहनों को ही दोषी ठहरा रहे हैं। उनके चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं। जैसी भाषा ये लोग उनके लिए बोल रहे हैं, इसके जवाब में बंगाल की हर बेटी अपने वोट से तृणमूल को तबाह कर देगी।

मोदी ने कहा कि तृणमूल और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस नेताओं के घर भारी मात्रा में पैसे मिले हैं। इसी तरह तृणमूल के नेताओं के पास भी पैसों की गड्डियां हैं। वे मोदी को गाली देते हैं, लेकिन क्या मैंने कभी आपसे कुछ छिपाने की कोशिश की है? मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों के तरकश में जितने तीर थे, वे चला चुके हैं, लेकिन जनता जनार्दन के सुरक्षा कवच के आगे इनका हर तीर, हर साजिश नाकाम साबित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन आज इंडी गठबंधन वाले धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। कर्नाटक में इन लोगों ने ओबीसी कोटे का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया, तृणमूल इस साजिश में कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि तृणमूल और कांग्रेस की सोच विकास या रोजगार की नहीं है। ये पार्टियां परिवारवाद, भ्रष्टाचार फैलाना ही जानती हैं। मोदी ने कहा कि तृणमूल ने पैसे कमाने की भूख में आपके बच्चों को भी नहीं छोड़ा है। यहां शिक्षक भर्ती घोटाले ने युवाओं के साथ ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी दांव पर लगा दिया है। गरीब मां-बाप ने घर-जमीन बेचकर, कर्ज लेकर इनके मंत्रियों को घूस दी। आज वे सारे नौजवान सड़कों पर हैं। आखिर इनका क्या कसूर था? मैं आप सबको गारंटी देता हूं, इन्होंने आपके घर बिकवाए हैं, मोदी तृणमूल के भ्रष्टाचारियों के बंगले, उनकी गाड़ियां, ये सब कुछ बिकवाकर चैन लेने वाला है। मोदी ने कहा कि चाहे तृणमूल हो, लेफ्ट हो या कांग्रेस हो यह तीन अलग-अलग पार्टियां दिखती हैं, लेकिन इन सबके पाप एक जैसे ही हैं।

# कांग्रेस की गारंटी, हर व्यक्ति की आर्थिक सुरक्षा का कवच : खड़गे

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले-30 लाख सरकारी पदों पर होगी बहाली

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो पांच न्याय और 25 गारंटी देश के नागरिकों को देने की बात कही है उसमें सबके लिए सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का मजबूत कवच मौजूद है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी का एजेंडा भारत के प्रत्येक नागरिक को आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रण है कि आने वाली सरकार 30 लाख सरकारी पद भरकर न सिर्फ युवाओं का भविष्य सुरक्षित करेगी बल्कि एक दशक से लंबित एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के आरक्षण के पारित पदों को भी भरेगी और युवाओं की देशभक्ति पर सवाल उठाने वाली अग्निवीर योजना को भी बंद करेगी। खड़गे ने कहा कि महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं को प्रति माह 8500 उनके खाते में सीधा ट्रांसफर किया जाएगा जिससे वो बढ़ती महँगाई का मुकाबला कर सकें और कुछ पैसे जुटा कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। अब 25 लाख रुपए का मुफ़्त इलाज किसी भी महिला को अपने गहने गिरवी रखने पर मजबूर नहीं करेगा। अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने के लिए एमएसपी की लीगल गारंटी, इनपुट पर जीएसटी हटाना व स्थिर आयात-निर्यात नीति एक दूरगामी कदम साबित होगा। श्रमिकों के लिए रोजाना 400 रुपये का न्यूनतम मानदेय, खाद्य सुरक्षा कानून में अनाज को 5 किलो से 10 किलो तक दोगुना करना, शहरी रोजगार गारंटी व सभी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा परिवर्तनकारी कदम होगा।


## आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता : शाह



**जौनपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को एक जनसभा में फिर कहा कि आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। कांग्रेस झूठ फैला रही है कि मोदी आएंगे तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने कहा जब तक भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता है। दस वर्षों से मोदी के पास बहुमत है, लेकिन बहुमत का इस्तेमाल आरक्षण को हटाने के लिए नहीं किया। शाह ने जौनपुर जिले के रामलीला ग्राउंड की जनसभा में कहा कि चार चरण के मतदान हो चुके हैं। इन चार चरणों में इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है और मोदी पूर्ण बहुमत प्राप्त कर तेज गति से 400 पार करने की ओर अग्रसर हैं।

### गरीबों का खून चूसने वाले माफियाओं को खत्म करेंगे : योगी

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार गरीबों के खून को चूसने वाले माफियाओं को खत्म करके ही रहेगी। श्री योगी ने रविवार को कहा कि जौनपुर की इत्र की सुगंध, इमरती की मिठास और ईमानदारी के साथ जौनपुर के लोग जहां भी हैं वहां मिठास ही पैदा करते हैं इसलिए भाजपा लोकसभा चुनाव में कृपा शंकर सिंह को प्रत्याशी के रुप में उतारा है। उन्होने कहा कि आपका जाना पहचान चेहरा है और इनकी पहुंच भी बहुत ऊपर तक है और जौनपुर को मुंबई जैसा चमका देने के लिए ही इन्हें जौनपुर से प्रत्याशी बनाया गया है।



## राहुल-अखिलेश की सभा में हंगामा, दोनों बिना भाषण लौटे

**एजेंसी**

- फूलपुर में कांग्रेस व सपा समर्थक हुए बेकाबू, सुरक्षा घेरा भी तोड़ा
- कई पत्रकारों के कैमरे, मोबाइल व अन्य सामान टूटे



**प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार को पहुंचे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव हंगामे के चलते मंच छोड़ कर चले गये।

दरअसल, फूलपुर में रविवार को कांग्रेस और सपा की संयुक्त रैली थी जिसे दोनों ही दलों के शीर्ष नेताओं को संबोधित करना था मगर कार्यकर्ताओं का उत्साह इस कदर परवान चढ़ा कि भीड़ बेकाबू हो गयी। अखिलेश ने अपने समर्थकों को शांत रहने की अपील की जिसे नजरअंदाज कर दिया गया और नाराज राहुल गांधी और अखिलेश यादव मंच छोड़कर चले गए। सपा और कांग्रेस गठबंधन में फूलपुर की सीट सपा के खाते में है जबकि प्रयागराज की सीट कांग्रेस के पास है। रविवार को सपा प्रत्याशी अमरनाथ यादव के लिए प्रचार करने के लिए फूलपुर संसदीय क्षेत्र के पडिला में संयुक्त सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। मंच पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पहुंचने के साथ भीड़ बेकाबू हो गयी। दोनो नेताओं ने समर्थकों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी ने उनकी एक नहीं सुनी।

दोनों नेताओं की समर्थकों ने नहीं सुनी तो यह देखकर अखिलेश नाराज हो गए। अखिलेश उठे और मंच से जाने लगे। मंच पर मौजूद नेताओं ने अखिलेश को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह इतना नाराज हो गए कि मंच के पीछे बने हैलिपेड की तरफ चल पड़े। अखिलेश के साथ राहुल भी मंच से उतर आए। दोनों नेता रैली को संबोधित किए बिना ही मंच छोड़कर हेलिकॉप्टर से रवाना हो गए। करीब 15 मिनट तक भीड़ बेकाबू रही। उन्होंने सुरक्षा घेरा तोड़ दिया। मंच की तरफ बढ़ने लगे। पुलिस ने भीड़ को रोकने की कोशिश की तो उनके साथ धक्का-मुक्की भी गयी। भीड़ मंच पर चढ़ गयी और मंच भी टूट गया। वहां पर रखी चीजें अस्त-व्यस्त हो गयी। भीड़ में कई समर्थक चोटिल हो गए। कई पत्रकारों के केमरे, मोबाइल और अन्य सामान भी भीड़ में टूट गए। समाजवादी पार्टी के महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा की भारी भीड़ देखकर भाजपा में खलबली मच गयी। भाजपा के साजिश के कारण प्रशासन ने सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं किया था। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की की। कई समर्थक चोटिल हो गए।

### ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया है और बचावकर्मी मौके पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। सरकारी टेलीविजन की खबर में रविवार को यह जानकारी दी गई है। खबर के अनुसार, हेलीकॉप्टर के साथ क्या घटित हुआ, इस संबंध में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। रायसी ईरान के अजरबैजान यात्रा कर रहे थे।

स्टेट टीवी ने कहा कि यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित शहर जोल्फा के पास हुई। राईसी रविवार तड़के अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने के लिए अजरबैजान में थे। यह तीसरा बांध है जिसे दोनों देशों ने अरास नदी पर बनाया है।


VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !